100
प्रमुखस्वामी महाराज
शताब्दी महोत्सव

वर्ष : 4 अंक: 50 मूल्य : 4 रू.
RNI No. -DELHIN/2019/78266
newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

बुधवार, 26 अक्टूबर 2022
राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र
दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## ब्रिटिश पीएम बनते ही एक्शन में ऋषि सुनक, कई मंत्रियों को किया बर्खास्त

लंदन, एजेंसी। ब्रिटिश पीएम का पदभार संभालने के कुछ ही घंटों बाद ऋषि सुनक ने कई मंत्रियों को बर्खास्त कर दिया। हालांकि जेरेमी हंट ब्रिटेन के वित्त मंत्री बने रहेंगे। बता दें कि मंत्रियों को बर्खास्त करने से पहले ही सुनक ने इस बात के संकेत दिए थे। दरअसल उन्होंने साफ लहजों में कहा था कि उन्हें पुराने लोगों द्वारा की गई गलतियों को सुधारने के लिए चुना गया है। सुनक ने किंग चार्ल्स द्वितीय के साथ बैठक के एक घंटे के भीतर अपने वादे को पूरा करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा था कि बिना किसी देरी के 'काम तुरंत शुरू होगा'।

सूत्रों ने कहा कि उन्होंने अपने नए मंत्रिमंडल की घोषणा से पहले पूर्व पीएम लिज ट्रस के मंत्रियों की टीम के कई सदस्यों के इस्तीफा देने को कहा है। अब तक तीन मंत्रियों को पद छोड़ने के लिए कहा जा चुका है। सूत्रों ने बताया कि इनमें व्यापार सचिव जैकब रीस-मोग, न्याय सचिव ब्रैंडन लुईस और विकास मंत्री विक्की फोर्ड शामिल हैं। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि जेरेमी हंट वित्त मंत्री के रूप में बने रहेंगे।

ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ऋषि सुनक अपनी नई टॉप टीम बनाने से पहले कैबिनेट के पुराने लोगों को निकाल रहे हैं। इसी के चलते जैकब रीस-मोग ने सरकार से इस्तीफा दे दिया। रीस-मोग ने व्यापार सचिव के रूप में पद छोड़ दिया है। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक रीस-मोग को पहले से ही पता था कि उन्हें कैबिनेट से निकाल दिया जाएगा इसलिए उन्होंने अपना इस्तीफा भेज दिया।

लिज ट्रस के मंत्रिमंडल में काम करने वाले टोरी पार्टी के कम के कम 10 वरिष्ठ सांसदों ने आज दोपहर सरकार छोड़ दी थी। रीस-मोग के साथ बैकबेंच में लौटने वालों में ब्रैंडन लुईस, वेंडी मॉर्टन, किट माल्थहाउस और साइमन क्लार्क शामिल हैं। हालांकि इन्होंने कहा है कि वह बेंच के पीछे से ही पीएम सुनक को अपना समर्थन देना जारी रखेंगे।

सुनक ने मंगलवार को महाराजा चार्ल्स तृतीय के साथ मुलाकात के बाद औपचारिक रूप से भारतीय मूल के पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उन्हें उनके पूर्ववर्ती द्वारा की गई कुछ 'गलतियों' को दुरुस्त करने के लिए चुना गया है। ब्रिटेन के पूर्व वित्त मंत्री सुनक (42) हिंदू हैं और वह पिछले 210 साल में ब्रिटेन के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री हैं।

प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर सुनक ने कहा कि वह देश के सामने गंभीर आर्थिक संकट का सामना सहानुभूतिपूर्ण तरीके से करेंगे और एक 'ईमानदार, पेशेवर तथा जवाबदेह' सरकार का नेतृत्व करेंगे। सुनक ने कहा कि उन्हें उनकी पूर्ववर्ती लिज ट्रस द्वारा की गई 'गलतियों को दुरुस्त करने' के लिए कंजर्वेटिव पार्टी का नेता और प्रधानमंत्री चुना गया है। उन्होंने कहा, 'वह काम तुरंत शुरू किया जा रहा है।'

उन्होंने कहा कि बतौर मंत्री अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने 'फरलो' जैसी योजनाओं के माध्यम से 'आम लोगों और व्यवसाय की रक्षा के लिए' वह सब कुछ किया, जो वह कर सकते थे। सुनक ने कहा, 'आज हम जिन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, मैं उनसे उसी तरह सहानुभूतिपूर्ण तरीके से निपटने का प्रयास करूंगा।' उन्होंने कहा कि वह अगली पीढ़ी पर 'यह कहने के लिए ऋण नहीं छोड़ेंगे कि हम खुद भुगतान करने में अक्षम थे।'

## रविशंकर प्रसाद बोले- ऋषि सुनक एक सक्षम नेता, उनकी प्रशंसा होनी चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी। ब्रिटेन के पीएम चुने गए भारतीय मूल के ऋषि सुनक को लेकर भारत में सियासी बयानों बाढ़ आ गई है। भाजपा ने उन्हें एक सक्षम नेता बताया और मंगलवार को कहा कि इस असाधारण सफलता के लिए उनकी प्रसंसा की जानी चाहिए लेकिन देश के कुछ विपक्षी नेता दुर्भाग्य से इस अवसर पर भी राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने एक के बाद एक ट्वीट कर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पी चिदंबरम और शशि थरूर पर पलटवार किया। चिदंबरम और थरूर सहित कुछ अन्य विपक्षी नेताओं ने सुनक के प्रधानमंत्री बनने का मार्ग प्रशस्त होने के बाद सोमवार को उम्मीद जताई थी कि भारत इस घटनाक्रम से सीख लेगा और अल्पसंख्यकों में से किसी को एक दिन शीर्ष पद पर चुने जाने की परंपरा को अपनाएगा। प्रसाद ने कहा, 'भारतीय मूल के एक सक्षम नेता ऋषि सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। इस असाधारण सफलता के लिए हम सभी को उनकी सराहना करनी चाहिए। यह दुखद है कि कुछ भारतीय राजनेता दुर्भाग्य से इस अवसर का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं।'

पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रसाद ने कहा कि सुनक के प्रधानमंत्री पद पर निर्वाचन के बाद कुछ नेता बहुसंख्यकवाद के खिलाफ अति सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वह ऐसे नेताओं को ए पी जे अब्दुल कलाम के राष्ट्रपति के रूप में असाधारण कार्यकाल और प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह के 10 वर्षों के कार्यकाल की याद दिलाना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि आज एक प्रतिष्ठित आदिवासी नेता देश की राष्ट्रपति हैं।

चिदंबरम ने सोमवार को एक ट्वीट में कहा था, 'पहले कमला हैरिस और अब ऋषि सुनक। अमेरिका और ब्रिटेन के लोगों ने अपने देशों के गैर-बहुसंख्यक नागरिकों को गले लगाया है और उन्हें सरकार में उच्च पद के लिए चुना है। मुझे लगता है कि भारत और बहुसंख्यकवाद का पालन करने वाले दलों को एक सबक सीखना चाहिए।' थरूर ने कहा था, ह्यअगर ऐसा होता है, तो मुझे लगता है कि हम सभी को यह स्वीकार करना होगा कि एक अल्पसंख्यक को सबसे शक्तिशाली पद पर आसीन कर ब्रिटेनवासियों ने दुनिया में बहुत दुर्लभ काम किया है। हम भारतीय मूल के सुनक की इस उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं तो आइए ईमानदारी से पूछें कि क्या यहां यह हो सकता है?'

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने भी सुनक के प्रधानमंत्री चुने जाने का स्वागत किया और भारत के और सहिष्णु बनने की उम्मीद जताई। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सुनक के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने को गौरवशाली क्षण बताते हुए कहा कि ब्रिटेन ने एक जातीय अल्पसंख्यक को अपने प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार किया है, लेकिन ह्यहम अभी भी एनआरसी और सीएए जैसे विभाजनकारी और भेदभावपूर्ण कानूनों से बंधे हुए हैं।'

## संक्षिप्त समाचार

### दशकों बाद बना सूर्य ग्रहण का दुर्लभ योग, सामने आई दुनिया भर से सुंदर तस्वीरें

नई दिल्ली, एजेंसी। इस साल का आखिरी सूर्य ग्रहण अब समाप्त हो चुका है। ग्रहण आइसलैंड से दो बजकर 29 मिनट पर शुरू हुआ था। आंशिक सूर्य ग्रहण यूरोप, उत्तर-पूर्वी अफ्रीका और पश्चिम एशिया के अलग-अलग हिस्सों दिखाई दिया। भारत में ग्रहण शाम 4 बजकर 29 मिनट से शुरू हुआ है, जो शाम 6 बजकर 9 मिनट पर खत्म हो गया। भारत में ये सूर्य ग्रहण नई दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता, चेन्नई, प्रयागराज, लखनऊ, उज्जैन, वाराणसी, मथुरा, हैदराबाद, चंडीगढ़, पुणे, भोपाल, नागपुर में दिखाई दिया। इस तस्वीर में आप देख सकते हैं कि सूर्य का आधे से ज्यादा भाग कटा हुआ नजर आ रहा है। सूर्यग्रहण की यह तस्वीरे बेहद खूबसूरत हैं। ग्रहण के दौरान सूर्य बिल्कुल चांद के आकार का दिखाई दे रहा है।

### थलसेना प्रमुख पांडे ने उत्तरी बंगाल और सिक्किम के सैन्य स्टेशनों का दौरा किया

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने उत्तरी बंगाल और सिक्किम के सीमावर्ती इलाकों में सैन्य स्टेशनों का दौरा किया। उन्होंने दीपावली के मौके पर सभी रैंकों को शुभकामनाएं दीं और सिक्किम की उत्तरी सीमाओं पर सुरक्षा स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने उच्चस्तर की परिचालन दक्षता और मनोबल बनाए रखने के लिए सैनिकों की सराहना की। पूर्वी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता और त्रिशक्ति कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल तरुण कुमार आइच के साथ सेना प्रमुख ने सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास की गति पर संतोष व्यक्त किया। सुकना सैन्य स्टेशन पहुंचने पर जनरल पांडे ने दीपावली की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में सैनिकों के साथ बातचीत की, जिसमें भारत की सांस्कृतिक विरासत और विविधता में एकता का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने समर्पण के लिए सैनिकों की सराहना कर दीपावली के मौके पर सभी रैंकों और परिवारों को शुभकामनाएं दीं।

## अटल जी के वक्त अब्दुल कलाम राष्ट्रपति बने, वाजपेयी जी और मोदी जी की सोच में भारी अंतर : जयराम रमेश

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय मूल के ऋषि सुनक के ब्रिटेन में प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में सियासी संग्राम छिड़ गया है। विपक्षी दलों ने वर्तमान सरकार पर तंज कसते हुए कई बड़े सवाल उठाए हैं। तो वहीं भाजपा ने जवाब भी दिया है। इसी कड़ी में कांग्रेस सांसद जयराम रमेश का भी बयान आ गया है। जयराम रमेश ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी के समय में अब्दुल कलाम राष्ट्रपति बने थे। वाजपेयी जी और मोदी जी की सोच में जमीन-आसमान का फर्क है क्योंकि वाजपेयी जी नेहरू के जमाने के प्रोडक्ट हैं लेकिन मोदी जी एक ही चीज में लगे हुए हैं कि जवाहर लाल नेहरू के विरासत को कैसे हटाएं।

इससे पहले कांग्रेस नेता पी चिदंबरम और शशि थरूर सहित कुछ अन्य विपक्षी नेताओं ने सुनक के प्रधानमंत्री बनने का मार्ग प्रशस्त होने के बाद सोमवार को उम्मीद जताई थी कि भारत इस घटनाक्रम से सीख लेगा और अल्पसंख्यकों में से किसी को एक दिन शीर्ष पद पर चुने जाने की परंपरा को अपनाएगा। इसके जवाब में भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सुनक के प्रधानमंत्री पद पर निर्वाचन के बाद कुछ नेता बहुसंख्यकवाद के खिलाफ अति सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वह ऐसे नेताओं को ए पी जे अब्दुल कलाम के राष्ट्रपति के रूप में असाधारण कार्यकाल और प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह के 10 वर्षों के कार्यकाल की याद दिलाना चाहेंगे।

जयराम रमेश ने कहा कि भारत छोड़ो यात्रा को लेकर भी जयराम रमेश ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी जी विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से मिल रहे हैं, हर मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं। इस दौरान ज्यादातर संस्थाओं की तरफ से किसानों का मुद्दा उठाया गया, किसान पीड़ित है, शोषित है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में अगले 11 दिनों में 8 जिले और कवर होंगे, उसके बाद हम महाराष्ट्र के नांदेड़ आएंगे और महाराष्ट्र में करीब 16 दिन यात्रा रहेगी। उसके बाद यात्रा मध्यप्रदेश, राजस्थान उत्तर प्रदेश में रहेगी, आगे भी हम ऐसे ही सूचित करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि परसों 50वां दिन होगा, जब भारत जोड़ो यात्रा तेलंगाना के महबूबनगर जिले से शुरू होगी। पिछले 48 दिनों में भारत जोड़ो यात्रा 4 राज्यों से गुजरी है।

## 'सितरंग' तूफान की वजह से पश्चिम बंगाल में फीकी रही दिवाली, कई इलाकों में हुई वर्षा, चली तेज हवाएं

कोलकाता, एजेंसी। उत्तर बंगाल की खाड़ी में उठा 'सितरंग' तूफान उत्तर-पूर्वोत्तर की ओर बढ़ गया है। इसके सोमवार को सागर द्वीप से 260 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में टकराने के बाद मौसम विभाग ने तटीय बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसके परिणामस्वरूप परिणामस्वरूप दीपावली और काली पूजा के उत्सव में खलल पड़ा है। कोलकाता में सुबह से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने लोगों को घरों के अंदर रहने के लिए मजबूर कर दिया है। सोमवार शाम को कोलकाता की अधिकांश सड़कों पर सुनसान नजारा था। जबकि, आम तौर पर इस दौरान देवी काली की मूर्तियों के साथ बाजारों में जाने वाले हजारों लोगों से भरा रहता है। रोशनी से जगमग शहर की सड़कों का नजारा भी इस बार तूफान के कारण फीका रहा। हल्की से मध्यम बारिश के साथ तेज हवा ने राज्य के तटीय जिलों को प्रभावित किया, जबकि कोलकाता में भी हल्की वर्षा के साथ बादल छाए रहे।

उत्तर-पूर्वोत्तर दिशा में 33 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा 'सितरंग' तूफान दोपहर ढाई बजे सागर द्वीप के दक्षिण-पूर्व में 260 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के ऊपर से गुजरा। अब इसके बेहद भीषण चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। तूफान के कारण 90 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की आशंका है। यह हवाएं सोमवार रात तक 110 किमी प्रति घंटे में तब्दील हो सकती हैं।

मौसम विभाग ने कहा कि इसके मंगलवार को किसी समय तिनकोना द्वीप और बारिसल के पास सैंडविप के बीच बांग्लादेश तट को पार करने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि तूफान के परिणामस्वरूप दक्षिण 24 परगना, उत्तर 24 परगना, पुरबा मेदिनीपुर और दक्षिण बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर के आस-पास के इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश होगी। इसके साथ ही उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना और नदिया जिलों में मंगलवार और बुधवार को बारिश होगी। मौसम विभाग ने दक्षिण असम, त्रिपुरा, मेघालय और मिजोरम में भारी से बहुत भारी बारिश जबकि उत्तरी असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मणिपुर में भारी से बहुत भारी बारिश होने की आशंका जताई है।

## रूस पर यूक्रेन की पानी आपूर्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप

कीव, एजेंसी। यूक्रेनी सेना और संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने आरोप लगाया है कि रूसी सेना ने अप्रैल में जानबूझकर यूक्रेन की पानी आपूर्ति काट दी थी। यूक्रेन के दक्षिणी तटीय शहर मायकोलैव में पिछले छह महीने से घरों में पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं है। यह जानकारी बीबीसी ने मंगलवार को दी।

उपग्रह चित्रों और डेटा से पता चलता है कि रूसी नियंत्रण के अंतर्गत इस शहर की पाइपलाइन को जानबूझकर नुकसान पहुंचाया गया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, हाल के दिनों में रूस ने यूक्रेन की बिजली और पानी अवसंरचनाओं को लगातार निशाना बनाया है, जिससे पूरे देश में इनकी आपूर्ति में कमी हो गई है। नागरिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण संसाधनों को नुकसान पहुंचाना या नष्ट करना अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पूरी तरह से उल्लंघन माना जाता है।

मायकोलैव की सड़कों पर स्वच्छ पेयजल इकट्ठा करने के लिए लोगों की लंबी कतारें बहुत खतरनाक हैं क्योंकि यहां पर रूस की ओर से प्रायः गोलाबारी की जाती है। रूसी आक्रमण के बाद से यह शहर यूक्रेन के नियंत्रण में रहा है।

इस वर्ष अप्रैल में, एक यूक्रेनी समाचारपत्र ने कुछ चित्रों को प्रकाशित किया था, जिसमें कहा गया कि रूसी बलों द्वारा मायकोलैव की एकमात्र जल आपूर्ति करने वाली पाइपलाइन को नुकसान पहुंचाया गया।

## अहमदाबाद में पटाखे की चिंगारी से कपड़ा गोदाम में लगी भीषण आग, छह मकान खाक

अहमदाबाद, एजेंसी। गुजरात में अहमदाबाद शहर के सारंगपुर इलाके में मंगलवार को एक कपड़े के गोदाम में पटाखे की चिंगारी से लगी आग में 11 में से छह मकान जलकर खाक हो गए तथा चार गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया।

उप-मुख्य अग्निशमन अधिकारी जयेशभाई खडिया ने बताया कि सारंगपुर में लाल नो डेहलु रोजी सिनेमा पानी की टंकी के निकट आज तड़के एक कपड़े के गोदाम में अचानक पटाखे की चिंगारी से आग लग गयी। सूचना मिलते ही दमकल की सात गाड़ियों के साथ दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आज सुबह आग पर काबू पा लिया। दमकल कर्मी यूसुफभाई पठान ने बताया कि इस दौरान किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है, लेकिन इस गोदाम के ऊपर स्थित 11 मकानों में से छह मकान आग की चपेट में आ गए तथा उनमें रखे चार गैस सिलेंडरों में विस्फोट हो गया जिससे वहां रखा सामान भी जलकर खाक हो गया। दमकल कर्मियों ने पांच घंटे की कड़ी मशक्क्त के बाद आग पर काबू पा कर अन्य पांच मकानों को आग की चपेट में आने से बचा लिया और मकानों में फंसे लोगों को सही सलामत नीचे उतार लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## रूस-यूक्रेन जंग, रूसी रक्षामंत्री दे रहे 'डर्टी बम का प्रयोग करने की धमकी



मास्को, एजेंसी। रूस और यूक्रेन के बीच जंग को आठ माह पूरे हो चुके हैं। इन आठ माह में युद्ध कई नाटकीय घटनाक्रम से गुजरा है। लेकिन रूस की ओर से अब जो दावा किया जा रहा है, वह डराने वाला है। रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू की मानें, तब यूक्रेन एक ह्यडर्टी बम का प्रयोग करने की कोशिशों में लगा हुआ है। उन्होंने इस बात के कोई सुबूत नहीं दिए हैं, लेकिन उनका बयान डराने वाला है। विशेषज्ञों की मानें तब रूस ऐसा करके एक नई धारणा को आगे बढ़ा रहा है।

डर्टी बम के साथ ही रूसी रक्षा मंत्री का इशारा उस बम की तरफ था जो होता तब परमाणु बम की तरह है लेकिन इसका असर उतना विनाशकारी नहीं होता है। इससे निकलने वाले रेडियोएक्टिव कचरे से बड़े पैमान पर तबाही फैल सकती है। डर्टी बम यानी वह हथियार जो रेडियोएक्टिव मैटेरियल को तैयार करके बनाया जाता है। इस बम में यूरेनियम जैसे तत्वों का प्रयोग होता है। जब यह बम फटता है, तब हवा में विस्फोटक और रेडियोएक्टिव तत्व फैल जाते हैं। इस बम में परमाणु बम की तरह खतरनाक रेडियोएक्टिव तत्व नहीं होते हैं। बल्कि इस बम को अस्पताल और परमाणु शक्ति केंद्र से निकलने वाले रेडियोएक्टिव तत्वों से मिलाकर बनाया जाता है। इसकारण यह काफी सस्ता होता है और परमाणु बम की तुलना में जल्दी तैयार होता है। इस बम को आसानी से किसी गाड़ी पर लादकर ले जाया जाता है।

रेडियोएक्टिव तत्वों की वजह से गंभीर बीमारियां जैसे कैंसर आदि का खतरा रहता है। इस वजह से इस बम का प्रयोग या इसकी धमकी एक आबादी में दहशत पैदा कर सकती है। जहां कहीं भी इस बम का टेस्ट होता है, वहां लोगों को पहले हटा दिया जाता है और फिर उस जगह को हमेशा के लिए छोड़ दिया जाता है। जानकार वैज्ञानिकों के अनुसार अगर एक बम में 9 ग्राम कोबाल्ट-60 और पांच किलोग्राम तक टीएनटी होता है, तब फिर वह न्यूयॉर्क के मैनहैट्टन को कई दशकों तक के लिए तबाह कर सकता है। इसलिए इन बमों को बड़े स्तर पर तबाही का हथियार करार दिया जाता है। वहीं यह बात भी सच है कि इस तरह के बम बहुत ही अवश्विसनीय होते हैं। डर्टी बम में किसी भी तरह के रेडियोएक्टिव मैटेरियल को टारगेट जोन को तबाह करने के लिए पाउडर में बदलना होता है। लेकिन अगर इसके कण बहुत ज्यादा महीन हो जाते हैं, तब फिर उनसे नुकसान न के बराबर होता है। अभी तक दुनिया में किसी भी तरह के सफल डर्टी बम के प्रयोग का कोई उदाहरण नहीं मिला है। हालांकि इस कई बार प्रयोग किया गया है।

अमेरिका स्थित स्टडी ऑफ वॉर की मानें तब रूसी रक्षामंत्री की तरफ से आया यह बयान रणनीति का हिस्सा है। इंस्टीट्यूट का कहना है कि इस बयान का मकसद सिर्फ यूक्रेन को मिलने वाली सैन्य सहायता को ब्लॉक करना या फिर युद्ध की गति को कम करना है। यह भी हो सकता है कि रूस, नाटो की सेनाओं को डराना चाहता है। इसकी आशंका है कि रूस, यूक्रेन में एक डर्टी बम फोड़ना चाहता है। साथ ही वह इसके लिए यूक्रेन की सेनाओं पर झूठा आरोप लगाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, कई सैन्य विशेषज्ञों की मानें, तब रूस इतना मूर्ख नहीं है। उस मालूम है कि अगर डर्टी बम फटा, तब फिर उसके सैनिक भी इसकी चपेट में आएंगे और उसके नियंत्रण वाले क्षेत्रों को नुकसान पहुंचा सकता है। आईएसडब्ल्यू का कहना है कि रूस की तरफ से इस डर्टी बम के प्रयोग की कोई आशंका नहीं है।

## दिल्ली का एक्यूआई 323 पर केजरीवाल ट्वीट कर बोले- प्रदूषण कम हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी। पटाखों पर प्रतिबंध के बावजूद दिवाली की रात राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में पटाखे छोड़े गये। मंगलवार को यहां वायु प्रदूषण बेहद खराब स्तर पर दर्ज किया गया है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के आज जारी डेटा के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर प्रतिबंध के बावजूद देर रात तक हुई आतिशबाजी के कारण मंगलवार सुबह प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहा और एक्यूआई बढ़कर 323 पहुंच गया। इस बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा है कि दिल्ली में प्रदूषण कम हुआ है और इसे और कम करने का प्रयास आगे भी जारी रहेगा। सीएम ने ट्वीट करते हुए कहा, 'प्रदूषण के क्षेत्र में दिल्लीवासी काफी मेहनत कर रहे हैं। काफी उत्साहजनक नतीजे आये हैं। पर अभी लंबा रास्ता तय करना है। दिल्ली को दुनिया का सबसे बेहतरीन शहर बनायेंगे। समिति के अनुसार, दल्लिी के जहांगीरपुरी में सामान्य से 10 गुणा अधिक वायु प्रदूषित दर्ज की गई है। रात एक्यूआई 770 दर्ज किया गया था। यह आईआईटी दिल्ली में 334, पूसा में 304, मथुरा रोड में 323, गुरूग्राम में 245, आर के पुरम 208, पंजाबी बाग में 202, दिल्ली वश्विवद्यिालय में 365, ओखला में 262, गाजियाबाद में 278, दिल्ली एयरपोर्ट में 354 आनंद विहार में 374 एक्यूआई दर्ज किया। मंगलवार सुबह अपेक्षाकृत बेहतर वायु गुणवत्ता का मतलब यह नहीं है कि यह अच्छी हवा है। राष्ट्रीय राजधानी के 35 निगरानी केंद्रों में से 30 में सुबह सात बजे पीएम 2.5 का स्तर राष्ट्रीय मानक 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से पांच से छह गुना अधिक रहा। पीएम 2.5 महीन कण होते हैं जो 2.5 माइक्रोन या उससे कम व्यास के होते हैं और श्वसन नली के माध्यम से शरीर में गहराई तक जा सकते हैं तथा फेफड़ों तक पहुंच कर रक्तप्रवाह को प्रभावित कर सकते हैं। आतिशबाजी पर प्रतिबंध के बावजूद दिल्ली के कई हिस्सों में लोगों ने पटाखे चलाए, लेकिन पिछले दो वर्षों की तुलना में इसकी तीव्रता कम दिखाई दी।

# दिवाली के बाद आज दिल्ली में प्रदूषण का स्तर पांच साल की तुलना में सबसे कम रहा : गोपाल राय

## दिल्ली में सड़क पर पानी का छिड़काव करने के लिए आज से लगाए गए 150 मोबाइल एंटी स्मॉग

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिवाली के बाद आज दिल्ली में प्रदूषण का स्तर पांच साल में सबसे कम रहा। दिल्ली में पानी का छिड़काव करने के लिए आज से 150 मोबाइल एंटी स्मॉग गन लगाए गए हैं। सभी 70 विधानसभा में दो-दो मोबाइल एंटी स्मोग गन से छिड़काव कराया जाएगा।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के लोगों को बधाई देना चाहता हूं कि आपके सहयोग से इस दीपावली के अगले दिन पिछले साल की तुलना में प्रदूषण में 30 फीसदी की गिरावट आयी है। प्रदूषण पिछले पांच साल में आज सबसे कम रहा है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) पिछले साल 462 की तुलना में आज 323 है। दिल्ली के लोग इस साल दिवाली पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को मानते हुए पटाखा न के बराबर जलाये। इसके लिए मैं उनका शुक्रिया अदा करता हूं। प्रदूषण का स्तर आज के दिन पिछले पांच साल में सबसे कम है। एक्यूआई 2018 में 390,2019 में 368, 2020 में 435, 2021 में 462 था। इस साल आज एक्यूआई 323 है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने लोगों के सहयोग से प्रदूषण को कम करने में सफलता पायी है। सरकार प्रदूषण को कम करने के लिए कई अभियान चला रही है जैसे एंटी डस्ट अभियान, बायो डीकम्पोजर का छिड़काव, वृक्षारोपण अभियान, पटाखों को लेकर जागरूकता अभियान आदि। एक्यूआई को देखते हुए आज से पूरे दिल्ली में सड़कों पर 150 मोबाइल एंटी स्मोग गन से पानी के छिड़काव का अभियान शुरू किया गया है। दिल्ली के सभी 70 विधानसभा में दो-दो मोबाइल एंटी स्मोग गन से छिड़काव कराया जाएगा। साथ ही साथ हॉटस्पॉट पर एक-एक एक्स्ट्रा मोबाइल एंटी स्मोग गन लगाया जा रहा है। पिछले साल 10 मोबाइल एंटी स्मोग गन से छिड़काव कराया गया था। यह मोबाइल एंटी स्मोग गन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक पानी का सड़क पर छिड़काव करेगी। एक स्मोग गन 10 किलोमीटर एक साइड में पानी का छिड़काव करेगी।

पर्यावरण मंत्री ने कहा कि पंजाब में सरकार की पहल से पराली के जलने की संख्या में कमी आयी है। पिछले साल दिवाली के दिन पंजाब में पराली के जलने की घटना 3032 थी। जबकि इस साल 1019 घटना सामने आयी है। हरियाणा में पिछली साल दिवाली के दिन पराली के जलने की 228 घटना सामने आयी थी। इस साल 250 घटना सामने आयी है, जबकि उत्तर प्रदेश में पिछले साल 123 और इस साल 215 घटना सामने आयी है।

# पुलिस स्टेशन साइबर/साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की टीम ने किया साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक : मनोज सी. आईपीएस

साइबर पुलिस स्टेशन/दक्षिण पश्चिम की टीम द्वारा सरोजिनी नगर मार्केट, नई दिल्ली में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, सोशल मीडिया साइबर अपराधों, वित्तीय धोखाधड़ी, नवीनतम साइबर अपराध प्रवृत्तियों और साइबर सुरक्षा तकनीक के बारे में जनता को संवेदनशील बनाया गया। जागरूकता टीम में एसआई रमेश यादव, हेड कॉन्स्टेबल दशरथ और हेड कॉन्स्टेबल पुनीत शामिल थे। टीम ने साइबर सुरक्षा और साइबर स्वच्छता के लिए सुझाव दिए क्योंकि साइबर जागरूकता साइबर अपराधों के खिलाफ सबसे अच्छा बचाव है। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को संवेदनशील बनाना और लोगों, विशेष रूप से कमजोर वर्गों जैसे बच्चों / छात्रों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता पैदा करना था।

सरोजिनी नगर मार्केट, नई दिल्ली में साइबर टीम ने 70-80 लोगों की एक सभा को संबोधित किया। उन्हें तरह-तरह के साइबर क्राइम के बारे में बताया गया। जनता को अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम आदि को मजबूत पासवर्ड के साथ सुरक्षित करने, दो-कारक प्रमाणीकरण को सक्रिय करने, अज्ञात व्यक्तियों से मित्र अनुरोध स्वीकार नहीं करने और सोशल मीडिया पर हर व्यक्तिगत विवरण साझा नहीं करने के लिए जागरूक किया गया। उन्हें किसी भी वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के लिए रिमोट एक्सेस एप्लिकेशन इंस्टॉल नहीं करने, किसी भी स्थिति में ओटीपी/पिन साझा न करने आदि की सलाह दी गई। टीम ने इस बात पर जोर दिया कि ज्यादातर वित्तीय गतिविधियां डिजिटल रूप से की जाती हैं, इसलिए उन्हें साइबर खतरों के बारे में पता होना चाहिए। जनता ने दिल्ली पुलिस को नागरिक केंद्रित सेवाओं की दिशा में उनकी तकनीकी पहल और आम साइबर अपराधों के बारे में जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए धन्यवाद दिया।

मनोज सी0 आईपीएस उपायुक्त पुलिस दक्षिण पश्चिम जिला ने ब्यूरो चीफ विजय गौड़ को बताया कि इस तरह के सत्रों से पुलिस के सार्वजनिक संपर्क में सुधार होगा और बढ़ते साइबर अपराधों को रोकने में मदद मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गाजियाबाद में दबंगई, दुकान का सामान फेंका बाहर, चलाई 10 राउंड गोलियां

नई दिल्ली, एजेंसी। मोदीनगर के सीकरी रोड पर मंगलवार सुबह 20 से अधिक लोगों ने दबंगई दिखाते हुए दुकान का सामान बाहर फेंक दिया। इतना ही नहीं लोगों ने कई राउंड फायरिंग भी की। विरोध करने पर दुकानदार को मारपीट कर घायल कर दिया। दबंगई का यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।पुलिस जांच के बाद कारवाई की बात कह रही है। गांव सीकरी खुर्द निवासी मुनेश कंसल सीकरी रोड पर रेलवे फाटक के पास दुकान लगाते हैं। मुनेश कंसल का चमन से काफी समय से विवाद चल रहा हैं। मामला न्यायालय में भी विचाराधीन है। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह नौ बजे के आसपास 20 से अधिक नकाबपोश लोग एकत्र होकर दुकान पर पहुंचे। पहुंचते ही लोगों ने दुकान का सामान बाहर फेंकना शुरू कर दिया। जब विरोध किया तो मुनेश कंसल उनकी पत्नी व बेटी के साथ मारपीट शुरू कर दी। लोगों को आता देखकर दबंगों ने अचानक ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि दस राउंड से फायरिंग की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचने से पहले ही तोड़फोड़ करने वाले लोग फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### फेसबुक करेगा कर्मचारियों की छंटनी खर्च कंट्रोल की भी मिली सलाह

नई दिल्ली, एजेंसी। मंदी की आशंकाएं अब हकीकत में बदलती दिख रही हैं। दुनियाभर में अलग-अलग सेक्टर की दिग्गज कंपनियां कर्मचारियों की छंटनी कर रही हैं। हाल ही में माइक्रोसॉफ्ट ने 1000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला तो रॉयल फिलिप्स एनवी ने भी 4000 लोगों की छंटनी का ऐलान किया है। वहीं, अब इस सूची में मेटा के स्वामित्व वाली फेसबुक भी शामिल हो सकती है। कैपिटल मैनेजमेंट ने फाउंडर जुकरबर्ग को एक ओपन लेटर लिखकर मांग की है कि कंपनी को नौकरियों और पूंजीगत व्यय में कटौती करने की जरूरत है। अल्टीमीटर ने कम से कम 20 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी की सलाह दी है। इसके साथ ही पूंजीगत व्यय को कम से कम 5 बिलियन डॉलर से 25 बिलियन डॉलर प्रति वर्ष करने के लिए पत्र लिखा गया है। निवेशकों का आरोप है कि मेटा ने खर्च बढ़ा दिया है। मेटा ने कथित तौर पर अरबों डॉलर खर्च किए हैं और दुनिया भर में हजारों कर्मचारियों को मेटावर्स बनाने के लिए काम पर रखा है। अल्टीमीटर ने कहा कि इतना बड़ा निवेश खतरनाक है। रॉयल फिलिप्स एनवी ने 4000 लोगों की छंटनी का फैसला किया है। एक साथ कई समस्यों से जूझ रही कंपनी ने साल की तीसरी तिमाही बीतने के बाद यह निर्णय किया है। ने 1000 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। यह छंटनी कंपनी के अलग-अलग डिवीजन में की गई है।

# पंजाब में पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण की वजह से दिल्ली वालों को सांस लेने में दिक्कत : आदेश गुप्ता

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में प्रदूषण के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार लगातार जनता से झूठ बोल रही है। पंजाब में लगातार पराली जलाई जा रही है। इसकी वजह से दिल्ली दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में एक बार फिर से नंबर एक पर पहुंच गई है, लेकिन अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी इसको नजरअंदाज कर अपनी पीठ थपथपाने में लगी हुई है।

श्री गुप्ता ने कहा कि सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 24 अक्टूबर को पंजाब में 1000 से ज्यादा स्थानों पर पराली जलाई गई है। इससे निकला धूंआ धीरे-धीरे दिल्ली का दम घोंट रहा है। दिल्ली का प्रदूषण सूचकांक (ढट2.5) भी दिन में 12 बजे 500 के लगभग था। दिल्ली में इस वजह से सांस लेने में परेशानी आ रही है, खांसी-जुकाम की शिकायतें हर घर में पाई जा रही है। ऐसे में किस आधार पर दिल्ली के मुख्यमंत्री प्रदूषण कम करने के लिए अपनी पीठ थपथपा रहे हैं,यह बेहद ही हास्यास्पद है।

श्री गुप्ता ने कहा कि दुनियाभर में प्रदूषण के मामले में भी दिल्ली नंबर एक पर चल रही है। दिल्ली लगातार पिछले कुछ सालों से प्रदूषण के मामले में दुनिया में नंबर एक पर आ रही है, जिसकी मुख्य वजह यानी पराली को दिल्ली के मुख्यमंत्री रोक पाने में नाकाम हो रहे हैं। पहले ये कहा करते थे कि वो पंजाब में आप सरकार में आते ही पराली जलाने पर रोक लगा देंगे, लेकिन अब वहां आम आदमी पार्टी की सरकार है, लेकिन वहां लगातार पराली जलाई जा रही है। आज दिल्ली की हवाएं जहरीली होने के साथ-साथ बीमारियों को आमंत्रण दे रही है, लेकिन केजरीवाल राजनीतिक पर्यटन में व्यस्त हैं।

# अमित यादव आईएएस ने किया अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण

» **विजय गौड़ ब्यूरो चीफ**

भारतीय प्रशासनिक सेवा के एजीएमयूटी कैडर के 1991 बैच के आईएएस अधिकारी , श्री अमित यादव ने आज नई दिल्ली नगर परिषद के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया है। अमित यादव, भूपिंदर सिंह भल्ला का स्थान लेंगे, जिनका तबादला सचिव के रूप में भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में हो गया है।

अमित यादव इससे पहले भारत सरकार के वाणिज्य विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्यरत थे। अमित यादव ने केंद्र और दिल्ली दोनों सरकारों में विभिन्न पदों पर कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। उन्होंने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत विदेश व्यापार महानिदेशक (ऊॠक्रॠळ) के रूप में काम किया है। उन्होंने दूरसंचार मंत्रालय, भारत सरकार में संयुक्त सचिव के रूप में भी काम किया है। उन्होंने विदेश में भारत के स्थायी मिशन (डब्ल्यूटीओ), जिनेवा में काउंसलर और कोसोवो में नागरिक मामलों के अधिकारी के रूप में कार्य किया है। वह शुरूआत में पूर्वी दिल्ली में एसडीएम के रूप में सेवा में शामिल हुए, बाद में उन्होंने दक्षिण दिल्ली में उपायुक्त के रूप में कार्य किया; बिक्री कर विभाग में अतिरिक्त आयुक्त, आयुक्त -पूर्वी दिल्ली नगर निगम, सचिव - भूमि और भवन, राजस्व, वित्त, सामान्य प्रशासन विभाग और दिल्ली राज्य औद्योगिक विकास निगम (डीएसआईडीसी) में अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य किया है । अमित यादव ने विज्ञान में स्नातक - बी. एससी. (रसायन विज्ञान) और उसके बाद एलएलबी और एमबीए किया हुआ है ।

# नवीन गोयल ने मिट्टी के दीये बांटकर लोकल फॉर वोकल का दिया संदेश

» **सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता**

गुरुग्राम। ।लोकल फॉर वोकल यानी स्थानीय चीजों का इस्तेमाल करके दिवाली का त्योहार मनाएं। इसे लेकर कैनविन फाउंडेशन, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा और मिट्टी की खुशबू संस्था की ओर से गुरुग्राम के सदर बाजार में मिट्टी के दीये बांटे गए।

बाजार में दुकानदारों, ग्राहकों से अपील की गई कि दिवाली पर मिट्टी के दीये जलाकर इन्हें बनाने वालों की भी दिवाली मनवाएं। इससे हमारा पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए मिट्टी से भी बनी चीजों का इस्तेमाल करें। मिट्टी के दीये जलाना हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं। यह हमारे आसपास के उन लोगों के घरों की दीवाली भी जगमग करता है, जो इन दीयों का निर्माण करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकल फॉर वोकल का संदेश देने का यही उद्देश्य है कि हम अपने यहां बनी चीजों को महत्व दें। प्रधानमंत्री के सपने को पूरा करें। श्री गोयल ने कहा कि ऑनलाइन चीजों खरीदने की बजाय अपने आसपास के दुकानदारों से ही सामान खरीदें, ताकि उनकी रोजी-रोटी प्रभावित ना हो। ग्रीन दिवाली-सेफ दिवाली मनाएं।

उन्होंने कहा कि हर बार पटाखे जलाने से दिवाली के बाद शहरों में पॉल्यूशन व स्मॉग देखने को मिलता है। पारंपरिक पटाखों की तुलना में ग्रीन पटाखे कम हानिकारक होते हैं और वायु प्रदूषण को कम करते हैं। पटाखों से बनाएं दूरी, प्लास्टिक बैग यूज न करें, गिफ्ट पैक करने के लिए ग्रीन रैपर, एलईडी लाइट यूज करें, फूड वेस्टेज न करें। उन्होंने दीयों के प्रकाश से सबका जीवन आलोकित होने की कामना की।

# शादी का झांसा देकर महिला से यौन संबंध बनाने के आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाई कोर्ट ने विवाहित होने के बाद भी शादी का झांसा देकर एक महिला से रेप करने के आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि व्यक्ति ने ह्यहर बारह्ल महिला को धोखा दिया। न्यायालय ने उसे भगोड़ा अपराधी करार देते हुए कहा कि वह राहत पाने का हकदार नहीं हैं। न्यायमूर्ति योगश खन्ना ने कहा, ह्ययाचिकाकर्ता ने हर बार पीड़िता को धोखा दिया है, जिसपर विचार करते हुए इन परिस्थितियों में वह अग्रिम जमानत पाने का हकदार नहीं है। क्योंकि वह जांच में शामिल नहीं हुआ है, इसलिए उसे भगोड़ा अपराधी घोषित किया जाता है ह्ल

आरोपी ने इस डर से अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी कि उसे इस साल वसंत कुंज थाने में दर्ज मामले में गिरफ्तार होने की आशंका है। महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि अक्टूबर 2018 से शादी के बहाने उसका शोषण किया जा रहा था। आरोपी ने अपनी याचिका में कहा कि वे एक वैवाहिक वेबसाइट के जरिए संपर्क में आए थे और दोनों के बीच सहमति से शारीरिक संबंध बने थे। याचिका में दावा किया गया है कि इसके बाद वे दिल्ली से बाहर चले गए और 2019 में फिर से सहमति से संबंध बनाए। महिला को पता था कि उसने पत्नी से तलाक नहीं लिया है, फिर भी उसने सहमति से उसके साथ संबंध बनाना जारी रखा और उसके कृत्य को माफ कर दिया। याचिकाकर्ता ने कहा कि अब महिला यह दलील नहीं दे सकती कि वह निर्दोष है और उसने उसे धोखा दिया है, क्योंकि उसने फरवरी तक सहमति से उसके साथ संबंध बनाए थे। हालांकि, उच्च न्यायालय ने कहा कि प्राथमिकी से पता चलता है कि उस व्यक्ति ने यह गलत जानकारी दी कि वह तलाकशुदा है और उसकी पत्नी व बच्चे कनाडा में रहते हैं। अदालत ने कहा कि शुरूआत से ही गलत बयानी/गलत धारणा रही और झूठे वादे करके महिला से यौन संबंध बनाए गए।

# कोर्ट से केंद्र और राज्यों को अनुरोध, मसौदा विधेयकों का प्रकाशन सरकारी वेबसाइट पर प्रमुखता से करें

## संसद में पेश करने से 60 दिन पहले

नई दिल्ली, एजेंसी। उच्चतम न्यायालय 31 अक्टूबर को उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें केंद्र और राज्यों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि संसद और राज्य विधानसभाओं में पेश होने से कम से कम 60 दिन पहले वे मसौदा विधेयकों का प्रकाशन सरकारी वेबसाइट पर प्रमुखता से करें। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड 31 अक्टूबर की वाद सूची के अनुसार, यह याचिका प्रधान न्यायाधीश यू.यू. ललित और न्यायमूर्ति एस. आर. भट्ट एवं न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आएगी। वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर याचिका में केंद्र को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है कि सभी मसौदा और अंतिम विधेयकों को सभी क्षेत्रीय भाषाओं में सार्वजनिक करे।

याचिका में कहा गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विधेयकों को छोड़कर अन्य किसी भी मसौदा विधेयक को संसद या राज्य विधानसभा में पेश करने से कम से कम 60 दिन पहले सरकारी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाना चाहिए। याचिका में दलील दी गई है, आज की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में, उन्नत मीडिया और प्रौद्योगिकी के आने के साथ ही, केंद्र और राज्य दोनों स्तर पर सरकारों के लिए यह उचित नहीं है कि वे व्यापक परामर्श और विस्तृत विधायी बहस के बिना अचानक विधेयक पारित करें ह्लह्ल

यह याचिका वकील अश्विनी कुमार दुबे के जरिए दायर की गई है। इसमें कहा गया है कि जहां तक केंद्रीय विधेयकों का संबंध है, प्रस्तावित विधेयकों का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने और संसद में पेश करने से कम से कम 60 दिन पहले उस वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाना चाहिए ताकि उसके संबंध में नागरिकों की पूरी समझ बन सके। याचिका में दावा किया गया है कि कई बार सरकार नए कानून बनाती है, जबकि मौजूदा कानून में संशोधन ही पर्याप्त होता। इसमें दावा किया गया है कि इससे न केवल सार्वजनिक संसाधनों का ह्लव्ययह्न होता है, बल्कि विधायिका के समय की ह्लपूर्ण बबार्दीह्न भी होती है। याचिका में कहा गया है कि कानून बनाने की प्रक्रिया में व्यापक सुधारों की आवश्यकता है।

# प्रदेश भाजपा ने निगम चुनाव को लेकर जारी की चुनाव प्रबंधन समिति की सूची

- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक
- भाजपा हमेशा ही चुनाव के लिए तैयार रहती है-आदेश गुप्ता
- निगम में भाजपा का प्रचंड बहुमत के साथ लगातार चौथी बार आना तय है-आदेश गुप्ता

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता की अध्यक्षता में आज प्रदेश कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक में आगामी निगम चुनाव के लिए चुनाव प्रबंधन समिति की घोषणा की गई। इसके साथ ही 21 और समितियों का गठन किया गया है। इस बैठक में मुख्य रुप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी बैजयंत जय पांडा, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता एवं सतीश उपाध्याय, जम्मू-कश्मीर के सह प्रभारी आशीष सूद, असम के सह प्रभारी पवन शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता आर पी सिंह एवं शहजाद पूनावाला सहित प्रदेश के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

दिल्ली नगर निगम चुनाव को लेकर बनाए गए चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक जम्मू-कश्मीर के सह प्रभारी आशीष सूद को बनाया गया है। राजन तिवारी, वीरेन्द्र सचदेवा, डॉ अनिता आर्या, श्रीमती विशाखा शैलानी और आतीफ रशीद को समिति का सदस्य बनाया गया है। निगम चुनाव समिति को लेकर बनाए गए विभिन्न समितियों में कॉल सेंटर के संयोजक हर्ष मल्होत्रा, चुनाव कार्यालय के संयोजक महेन्द्र गुप्ता, स्वागत कक्ष के संयोजक मूलचंद चावला, मीडिया विभाग के संयोजक हरीश खुराना, न्यायिक मामले व चुनाव आयोग से संबंधित संयोजक नीरज गुप्ता, साहित्य निर्माण के संयोजक सुश्री आरती मेहरा, प्रचार सामग्री खरीद के संयोजक विष्णु मित्तल, प्रचार सामग्री व साहित्य वितरण के संयोजक सुन्दर चौधरी, वीडियों वैन संयोजक अशोक गोयल देवराहा, घोषणा पत्र के संयोजक सतीश उपाध्याय, सोशल मीडिया व हाईटैक अभियान के संयोजक शहजाद पूनावाला, गृह संपर्क अभियान के संयोजक दिनेश प्रताप सिंह, अतिथि प्रवास एवं व्यवस्था के संयोजक श्री पंकज कुमार जैन, चर्चा हेतु बिन्दु के संयोजक डॉ महेन्द्र नागपाल, चार्ज शीट संयोजक रामवीर सिंह बिधूड़ी, समाज सम्मेलन के संयोजक कुलजीत सिंह चहल, भाषा प्रांतीय सम्मेलन के संयोजक सतीश उपाध्याय, रचनात्मक समिति के संयोजक राजीव बब्बर, विज्ञापन एवं प्रचार विजेन्द्र गुप्ता, अन्य पार्टी के नेताओं को जोड़ने के लिए स्क्रिनिंग कमेटी विजय गोयल को बनाया गया है।

इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि भाजपा हमेशा से ही चुनाव के लिए तैयार रहती है और साथ ही इस बार के निगम चुनाव सिर्फ हम काम के आधार पर जीतने वाले हैं। क्योंकि सीमित संसाधनों के बीच भी बेहतर काम करके दिखाया है और चुनाव प्रबंधन समिति के गठन के साथ ही अब निगम चुनाव की तैयारियों में तेजी आएगी और भाजपा कार्यकताओं पर आधारित पार्टी है और इस बार भी कार्यकताओं को साथ लेकर ही हम आगे बढ़ेंगे और आगामी निगम चुनाव में दिल्ली की भ्रष्टाचार में लिप्त आम आदमी पार्टी सरकार को हराने के लिए तैयार है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

**संक्षिप्त समाचार**

## भैया दूज पर स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ

सुनील कुमार शर्मा, मदरलैंड संवाददाता, झुंझुनूं। जिले के नवलगढ़ तहसील के गांव चैनगढ स्थित भाटियों की ढाणी में बलबीर छावड़ी के सानिध्य में मंगलवार को भैया दूज के अवसर पर स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आसपास के क्षेत्र के लोग एकत्रित हुए तथा एक दूसरे से गले मिलकर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर आयोजक बलबीर छाबड़ी ने कहा कि भैया दूज का पर्व भाईचारे का दिन होता है सभी लोग आपसी मतभेदों को भुलाकर एक दूसरे से प्रेम पूर्वक मिलते हैं जिससे भाईचारा कायम रहता है। इस मौके पर बलबीर छाबड़ी के दादा मूलाराम छाबड़ी व पिता शीशपाल छाबड़ी के अलावा राजस्थान पुलिस में कार्यरत महेंद्र गुर्जर, मनोहर सिंह चाहर, मुकेश चाहर, राजा नेहरा बसावा, मक्खन छाबड़ी, सुशील सेन, मुकेश छाबड़ी, मुन्ना छाबड़ी, लाला एमपी, गोपाल गुर्जर, छोटू राम सेन, छोटू राम भोपा, राजू चोपड़ा सहित बलबीर छाबड़ी के भाई राजू व दीपक भी उपस्थित थे।

## जिला कलेक्टर पहुंचे शहर वासियों के बीच, दीपावली की दी बधाइयां

मदरलैंड संवाददाता, झुन्झुनूं। जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी सोमवार को दीपावली पर्व के उपलक्ष में झुंझुनू के विभिन्न बाजारों में पहुंचे और वहां पर की गई रोशनी तथा कानून एवं शांति व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने व्यापारियों एवं आमजन को दीपावली की बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान झुंझुनू एसडीएम शैलेश खेरवा, नगर परिषद आयुक्त दिलीप पुनिया, विपिन चौधरी भी उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से टेंट व्यवसाई की मौत

मदरलैंड संवाददाता, झुंझुनू। शहर के निकटवर्ती गुढ़ा रोड़ पर स्थित उदास व नृसिंहपुरा गांवों के बीच डिवाइन स्कूल के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार 57 वर्षीय कुरड़ाराम मेघवाल निवासी पातुसरी की मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार कुरड़ाराम मेघवाल दीपावली के रोज उदास स्थित अपने टेंट व्यवसाय की दुकान पर दीपावली की पूजा पाठ करके रात करीब 7 बजे उदास गांव से मोटरसाइकिल पर पातुसरी जा रहा था की डिवाइन स्कूल के पास ये हादसा हो गया। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

## सूर्य ग्रहण के दौरान हुए भजन कीर्तन, ग्रहण के समय सूर्य साफतौर पर घटता दिखा

मदरलैंड संवाददाता, झुंझुनूं। जिले के उदयपुरवाटी कस्बे के निकटवर्ती धनावता गांव में खानेश्वर धाम पर मंगलवार को सूर्य ग्रहण के दौरान भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। वर्तमान में खानश्वेर धाम का जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। भजन कीर्तन सूरत प्रवासी गायककार राजेन्द्र सैनी व स्थानीय कलाकार ताराचंद मित्तल तथा गोविंद सैनी आदि ने एक से बढ़कर एक भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी। इस दौरान दिनेश शर्मा शाकंभरी वाले, ललित सोनी, कमलेश सोनी, गोपीचंद पुरोहित, राजेन्द्र मित्तल, रमाकांत मित्तल, अशोक शाह, राजेन्द्र अग्रवाल मंडावरा वाले, मुकेश योगी, विनोद सैनी तथा सुशील शाह आदि समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## किसान ने पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। थाना एलाऊ क्षेत्र के गांव मेरापुर गुजराती निवासी दलवीर सिंह राजपूत उम्र 52 वर्ष ने सोमवार को देर रात गांव से बाहर कंज के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवारी जनों ने बताया दिवाली की पूजा करने के बाद खाना खाकर बाहर झोपड़ी में लेटने चले गए थे। उनकी पुत्री संगीता की शादी 4 नवंबर को है, इसी बात से चिंतित रहते थे। 31 अक्टूबर को लड़की का तिलक ले जाना था। घर मे शादी की तैयारियां चल रही थी। प्रतिदिन गांव के बाहर पड़ी झोपड़ी में ही सोते थे। शादी के घर में मातम छा गया। सुबह लगभग 7:00 बजे ग्रामीण खेतों की तरफ गए। तो देखा दलवीर सिंह का शव पेड़ पर लटक रहा है। घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना अध्यक्ष एलाऊ सुनील भारद्वाज ने बताया मृतक के शव को पीएम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## जिला में दीपावली पर्व बडी धूमधाम से मनाया गया

» **मदरलैंड संवाददाता**

नूंह/मेवात। जिला में प्रकाश का पर्व दीपावली बडी धूमधाम से मनाया गया। दीपावली पर शहर व ग्रमीणांचल में लोग भी काफी उत्साहित दिखाई दे रहे थे लेकिन बाजारों पर दीपावली के दिन रोनक गायब थी, जिला के दुकानदारों की माने तो इस बार दीपावली पर महंगाई का काफी असर देखने को मिल रहा है और इस बार उनकी दिवाली फीकी ही रही है। जबकि पूर्व में छोटी दिवाली तक बाजारों में तिल रखने की जगह तक नहीं होती थी। इसके अलावा नूंह गुरूद्वारे में माता सुन्दरी जत्था से जुड़ी महिलाओं ने गुरू नानक मंदिर में दीपक जलाकर पर्व मनाया, इस मौके पर शब्दकीर्तन का भी आयोजन किया गया। इसी तरह ओम शांति विश्वविद्यालय नूंह में भी दीपक जलाकर दीपावली पर्व मनाया।

आभूषण विक्रेता गुलशन जैन, अशोक सोनी, मिठाई विक्रेता मदनलाल मैहन्दीरत्ता, मनोज रामस्वरूप, पवन कुमार, बिजली के सामान विक्रेता अनिल कुमार, अशोक कुमार, सजावट सामान विक्रेता हरीश सिंगला, हैप्पी, बर्तन विक्रेता नीरज सिंगला, सचिन, खील बतासे प्रसाद विक्रेता राजकुमार भटनागर, रेखा, मुकेश, संतरा व हुकम सक्सेना आदि ने बताया कि इस बार बाजारों पर दीपावली के दिन रोनक गायब थी, महंगाई का असर पर्व पर देखने को मिल रहा था, सभी का माल बच गया है जबकि कईयों का दिवाली ने दिवाला निकाल दिया है और कई दुकानदार ग्राहकों का इंतजार करते रहे। वहीं, दिवाली पर्व पर लोग सुबह से ही अपने घरों में साज सज्जा के बाद पकवान बनाकर एक -दूसरे के घर आदान-प्रदान कर दीवाली की मुबारिकबाद दे रहे थे तथा सांय को माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना की तैयारियों में जुट गये। रात्रि को तय समय पर विधि अनुसार सह परिवार माता लक्ष्मी व अन्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर सुख स्मृद्धि का आशीर्वाद मांगा। भगवान श्री राम द्वारा रावण वध के बाद 14 वर्ष का वनवास पूर्ण कर अयोध्या आगमन की खुशी में यह पर्व मनाया जाता हैं, इस दिन माता लक्ष्मी की पूजा का विदान हैं। ऐसे ही आरएसएस ने गढिया लोहार, मजदूर, गरीब आदि के यहां पहुंचकर त्योहार की खुशियां बांटी।

## जिला में भगवान विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से की गई

» **मदरलैंड संवाददाता**

नूंह/मेवात। जिला में मंगलवार को भगवान विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से की गई। लोगों ने अपने औजारों व भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की। प्राचीन देवी भवन जटवाडा मोहल्ला मंदिर तावडू के पुजारी पंडित विनोद शर्मा परासर के मुताबिक शिल्पकला के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा दीपावली के अगले दिन शिल्पी वर्ग करता है। देवताओं के समस्त विमानादि तथा अस्त्र-शस्त्र इन्ही द्वारा निर्मित हैं, लंका स्वर्णपुरी, द्वारका धाम, भगवान जगन्नाथ का श्रीविग्रह इन्ही द्वारा निर्मित किया। इनका एक नाम त्वष्टा हैं। सूर्य पत्नी संध्या इन्ही की पुत्री है। हिन्दु शिल्पी अपने कर्म की उन्नति के लिए इनकी पूजा अर्चना करते हैं। सूर्य ग्रहण की वजह से इस बार गोवर्धन पूजा मंगलवार की बजाये बुधवार को मनाई जा रही है। भारतीय संस्कृति व पुराणों के जानकारों की माने तो 27 वर्ष बाद गोवर्धन पर्व दीपावली के अगले दिन की बजाये तीसरे दिन मनाया जायेगा। को लेकर संशय बना हुआ था और गोवर्धन पूजा बुधवार को मनाने को लेकर तैयारियां की जा रही थी। इसके अलावा भाई दूज पर्व को लेकर भी महिलाओं ने जमकर खरीददारी की तथा अपने भाई के घर पर्व मनाने व भाई अपनी बहनों के घर पर्व मनाने की तैयारियों में जुटे हुए थे।

## खण्ड ग्रास सूर्यग्रहण को लेकर जिला के मंदिरों के कपाट बंद रहे

» **मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता**

नूंह/मेवात। खण्ड ग्रास सूर्यग्रहण को लेकर मंगलवार को जिला के मंदिरों के कपाट सोमवार-मंगलवार की रात्रि बंद हो गए। मंदिरों के पुरोहितों व हिन्दु धर्म संस्कृति के जानकारों की माने तो मंगलवार को वर्ष के अंतिम खण्ड ग्रास सूर्य ग्रहण को लेकर रात्रि से ही इसकी छाया का असर शुरू हो जाता हैं। 1300 वर्ष बाद प्रमुख दो त्योहारों के बीच ऐसी दुर्लभ वजह बनी हैं और साथ ही कहा कि 27 वर्ष बाद दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा न होकर तीसरे दिन पूजा अर्चना होगी। पंडित रमेश शास्त्री के मुताबिक मंगलवार सांय ग्रहण काल के दौरान घर में रहकर पाठ पूजा विधान आदि का विशेष महत्व हैं। उन्होंने बताया कि बच्चे, बुजुर्ग व गर्भवती महिला ग्रहण सूतक काल पर नियम बाध्य नही हैं। उन्होंने बताया कि ग्रहण काल में दूध, दही, घी आदि में तुलसी के पत्ते व ग्रास पानी में गंगाजल आदि डालकर इसका सेवन किया जा सकता है। सूतक काल में भोजन बनाना एवं भोजन करना निषेध माना गया है। परंतु रोगी, वृद्ध एवं बच्चों को बाध्य नहीं करना चाहिए, इनके लिए यह नियम नहीं है।

इसी तरह प्राचीन देवी भवन के पुजारी पंडित विनोद शर्मा ने बताया कि सांय 4:30 से 6:30 तक वर्ष का आखिरी खण्ड ग्रास सूर्य ग्रहण लग रहा है। वर्षों बाद प्रमुख त्योहार पर लग रहे ग्रहण के संयोग बना हैं। ग्रहण काल में बाहर घूमने फिरने की बजाये व्यक्ति को घर में बैठकर पाठ-पूजा, दान, स्नान मिलने से पुण्य मिलता है। उन्होंने बताया कि ग्रहण सूतक में ग्रहण की छाया लगने से मंदिर के कपाट भी बंद कर दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि ग्रहण समाप्ति के बाद ही मंदिर में रोजमर्रा की पूजा अर्चना होगी।

## पाबंदी के बावजूद जमकर चली आतिशबाजी, जिला का वायु गुणवत्ता सूचकांक भी बढा

» **मदरलैंड संवाददाता**

नूंह/मेवात। जिला में आतिशबाजी छोडने व बिक्री पर लगी रोक का जहां दूर-दूर तक भी असर देखने को नहीं मिल रहा था और लोगों ने जमकर आतिशबाजी चलाई। जबकि आफिसर कॉलोनियों में भी आतिशबाजी होती दिखाई दे रही थी। आतिशबाजी प्रतिबंध के बावजूद जिला के वायु गुणवत्ता पर भी असर देखने को मिला हैं जिला के मांडीखेडा अस्पताल में लगे वायु प्रदुषण मापक यंत्र में पिछले 24 घण्टे में एक्यूआई 110 समीपवर्ती गुरूग्राम में 294 एवं भिवाडी में 197 तक पहुंच गया है। पिछले वर्षों के मुकाबले यहा आंकडा अधिक बताया गया है। पर्यावरण प्रेमियो की माने तो सरकार की हरित दीपावली मनाने की पहल नाकाम साबित रही हैं और साथ ही जिला प्रशासन पर रोकथाम न करने का आरोप भी जड़ा हैं।

खुले बाजार में खूब बेची गई आतिशबाजी- इस बार आतिशबाजी के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक लगी हुई थी। इसके अलावा पाबंदी के बावजूद नूंह, तावडू, पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका के बाजारों में खुले तौर पर जमकर आतिशबाजी बेची जा रही थी। इसके अलावा कई युवा पोटाश का बारूद भरकर नाल के जरिये आतिशबाजी छोड़ते नजर आ रहे थे जबकि उसमें भरा जाने वाला पोटाश, गंधक आदि पर बिक्री करने पर पाबंदी है लेकिन इसके बावजूद यह विस्फोटक सामग्री धड़ल्ले से बेची जा रही थी, जिससे जान माल का नुकसान होने की बात से डर बना हुआ था।

रामू, अजीत, नरेन्द्र सिंह, सोनू, राजसिंह, मनोज आदि ने बताया कि जिला में आतिशबाजी छोडने व बिक्री पर लगी रोक का जहां दूर-दूर तक भी असर देखने को नहीं मिल रहा था और लोगों ने जमकर आतिशबाजी चलाई। उन्होंने बताया कि जिला में आतिशबाजी का हिसाब इस बात से लगाया जा सकता है कि मंगलवार सुबह नूंह ,तावडू,पुन्हाना व फिरोजपुर झिरका में आतिशबाजी के कचरे के अम्बार लगे हुए थे। इसके अलावा सडकों पर भी आतिशबाजी के अवशेष दिखाई दे रहे थे।

इस बारे में नूंह के उप मण्डलाधीश से सम्पर्क करने पर बताया गया कि अवकाश की वजह से कोई भी अधिकारी कार्यालय नहीं पहुंचा है और इसी वजह से उनका तर्क संगत नहीं किया जा सका, जबकि वायु प्रदुषण मापक यंत्र का काम काज संभाल रहे कर्मचारी ने बताया कि जिला का एक्यूआई 110 तक पहुंच गया हैं जो कि अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक हैं।

## सफाई व्यवस्था बदहाल होने से इस बार की दीपावली गंदगी के कारण प्रभावित

» **मदरलैंड संवाददाता**

नूंह/मेवात। जिला के इतिहास में पहली बार जिलावासियों ने गंदगी के ढेरों में कारणवश दीपावली पर्व मनाया।जिला के नूंह, तावडू, पुन्हाना व फिरोजपुर झिरका शहरी क्षेत्र में इस बार दीपावली पर्व पर सफाई व्यवस्था चौपट होने से पर्व पर गंदगी की मार पड़ रही थी। नाले-नालियों में गंदगी भरी रहने से बाजारों में गंदा पानी बह रहा था। जिससे दीपावली पर्व पर खरीददारी करने आये ग्राहकों व दुकानदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दुकानदारों की माने तो इस बार त्योहारी सीजन में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से सप्ताहभर से सफाई न होने से गंदगी के अंबार लगे हुए हैं और शासन-प्रशासन खासकर वार्ड पार्षद, भाजपा, जजपा के नेता कर्मचारियों की मांग को सुनने की बजाये बचते नजर आ रहे है। लेकिन इससे शहरों में गंदगी से संक्रमण बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है।

वहीं, नूंह नगर परिषद के सफाई कर्मचारी नेता जिला प्रधान पूर्ण चंद, जिला सचिव सुभाष संगेलिया, संजय सफाई दारोगा, इकाई प्रधान सुभाष गुर्जर आदि ने बताया कि उनकी मांग जायज है और जब तक उनकी मांग नही मानी तो उनकी हड़ताल जारी रहेगी।

इस बारे में फिरोजपुर झिरका नपा के सचिव सुनील कुमार रंगा ने माना कि हड़ताल की वजह से सफाई व्यवस्था व कूड़े के उठान के लिए दिक्कत आ रही है। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय हड़ताल समापन के बाद समस्या से निजात मिलने की उम्मीद जगेगी।

## बेटी की शादी की चल रही थी तैयारी पिता ने अचानक लगा फांसी

» **अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता**

मैनपुरी। एलाऊ थाना क्षेत्र के ग्राम मेरापुर गुजराती में अधेड़ का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। अधेड़ अपने दूसरे मकान पर रात में सोने गया था। सुबह... बेटी की शादी की चल रही थी तैयारी पिता ने अचानक लगा फांसी

मैनपुरी एलाऊ थाना क्षेत्र के ग्राम मेरापुर गुजराती में अधेड़ का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। अधेड़ अपने दूसरे मकान पर रात में सोने गया था। सुबह उसका उसका शव पेड़ पर लटका मिला तो हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर दौड़ पड़े। खबर पाकर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लिया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। सोमवार की रात मेरापुर गुजराती निवासी 50 वर्षी दलवीर सिंह राजपूत पुत्र बालादीन अपने दूसरे मकान पर सोने गया था। सुबह खेत पर खड़े कंज के पेड़ पर उसका शव लटका मिला। जानकारी मिलते ही सीओसिटी संतोष कुमार सिंह एलाऊ पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि मृतक की पुत्री का 30 अक्टूबर को तिलक जाने वाला था। कोई समस्या नहीं थी। लेकिन उसने फांसी क्यों लगाई इस बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आयी। एलाऊ थाना प्रभारी सुनील भारद्वाज का कहना है कि कोई तहरीर नहीं आयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के कारणों का खुलासा होगा।

## दो बाइकों की टक्कर से बालिका की मौत,पांच घायल

» **मदरलैंड संवाददाता**

मैनपुरी। थाना एलाऊ क्षेत्र में दो बाइकों की आमने सामने की भिड़ंत में सात वर्षीय अबोध बालिका की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गम्भीर घायल हैं। सभी को जिलाअस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना एलाऊ क्षेत्र में नगला बलसिंह के समीप मंगलवार की दोपहर लगभग 12 बजे दो बाइकों की आमने सामने से भिड़ंत हो गई। बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक पर आगे बैठी सात वर्षीय अबोध बालिका की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हैं। थाना कोतवाली क्षेत्र के गांव गढिया निवासी सोनू अपनी पत्नी ज्योति व सात वर्षीय पुत्री जानवी और 10 वर्षीय पुत्र देवांश को बाइक पर बैठा कर मैनपुरी से कुसमरा की तरफ जा रहे थे। जानवी बाइक पर आगे बैठी थी। सामने से दूसरी बाइक पर सवार होकर थाना बिष्णुगढ़ कन्नौज क्षेत्र के गांव अहिरवा निवासी अमित कुमार व दिनेश चंद्र अपनी बाइक से मैनपुरी जा रहे थे। जब दोनों बाइकें थाना एलाऊ क्षेत्र के ग्राम नगला बलसिंह के समीप पहुंची तो आमने सामने की टक्कर हो गई। टक्कर लगने से दोनों बाइक सवार छः लोग गम्भीर घायल हो गए। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने सभी को जिलाअस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टरों ने जानवी को मृत घोषित कर दिया जबकि अन्य सभी पांचों दिनेश व अमित निवासी अहिरवा थाना विष्णुगढ़ व गढ़िया थाना कोतवाली निवासी सोनू, ज्योति व देवांश गम्भीर घायल हैं जिनका उपचार चल रहा है।

## चुनावी रंग व सियासी जंग ने जोर पकडना शुरू कर रखा, प्रशासन ने भी चुनाव को लेकर तैयारियों को मजबूत किया

» **मदरलैंड संवाददाता**

नूंह/मेवात। जिला में पंचायती राज संस्थाओं के छठे चुनाव को लेकर चुनाव की तिथि करीब आने से चुनावी रंग व सियासी जंग ने जोर पकडना शुरू कर रखा है। त्योहारी सीजन के बाद इन चुनावों में अब जिला के सियासी लीडर भी अपने उम्मीदवारों के लिए पूरी ताकत झोंक रखी हैं। हांलाकि, जिला में पंच-सरपंच व पंचायत समिति के चुनाव में कोई भी पार्टी चिन्ह पर चुनाव नहीं लड़ रही हैं लेकिन जिला परिषद के 25 वार्डो के लिए भाजपा ने 24, इनेलो, आप व बसपा आदि ने कई वार्डों से अपनी पार्टी उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। जबकि जिला कांग्रेस ने पार्टी की विचारधारा में आस्था रखने वाले उम्मीदवारों को बाहर से समर्थन का ऐलान कर रखा हैं। इन चुनावों में जिला के विधायकों, पूर्व विधायकों, सियासी व रसूखदार परिवारों ने भी अपने परिवार के सदस्यों को मैदान में उतार रखा हैं और उनके लिए यह चुनाव प्रतिष्ठता का सवाल बना हुआ हैं। जिला के सियासी जानकारों का मानना हैं कि यह चुनाव जिला के तीनों कांग्रेस विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व मंत्री, सियासी व रसूखदार परिवारों की सियासी इबारत लिखेंगे। यही वजह है कि इसमें जीत के लिए तीनों विधायक, पूर्व विधायक व अन्य लीडर ठण्ड के मौसम में पूरी तरह पसीना बहा रहे हैं। खासकर पहली बार सिंबल पर जिला परिषद चुनाव लड़ रही सत्तारूढ भाजपा के लिए यह किसी बड़ी चुनौती से कम नही आंका जा रहा है। इसी तरह जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं डीसी अजय कुमार के निदेर्शानुसार सीईओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत ने जिला परिषद व पंचायत समिति के मतों की गिनती के लिए बनाए गए यासीन मेव डिग्री कॉलेज में बनाए मतगणना केंद्रों का मंगलवार को निरीक्षण किया। उन्होंने प्रस्तावित मतगणना से जुड़ी तैयारियों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। पंचायत समिति व जिला परिषद के लिए डाले गए मतों की गिनती के लिए प्रस्तावित यासीन मेव डिग्री कॉलेज के हॉल का निरीक्षण करते हुए बैरिकेडिंग के इंतजाम करने के निर्देश दिए। वहीं कालेज परिसर में प्रस्तावित मतदान केंद्र के रास्ते को भी दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला परिषद व पंचायत समिति के लिए मतदान 30 अक्टूबर को होना है। मतदान के उपरांत संबंधित केंद्रों पर बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम रखी जाएंगी। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से मतगणना की तिथि घोषित होने तक सभी केंद्रों पर राउंड द क्लॉक सुरक्षा प्रबंध होने चाहिए। उन्होंने मतगणना केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे व पर्याप्त संख्या सुरक्षाकर्मी तैनात करने के निर्देश दिए।

## रसूखदारों ने युवक को गाली गलौज कर लाठी डंडे से की मारपीट। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

» **मदरलैंड संवाददाता**

मैनपुरी। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक को रसूखदारों ने गाली गलौज की जव गाली गलौज का युवक ने विरोध किया तो उसे उक्त लोगों ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर घायल युवक का मेडिकल कराया है।

थाना क्षेत्र के गांव सुन्नामई निवासी हरिओम पुत्र उदयवीर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वीते सोमवार की दोपहर बारह बजे के लगभग रिषी पुत्र सर्वेश , सीटू पुत्र बिद्माराम , छोटे पुत्र जयपाल, सुदेश पुत्र पप्पू व भूप सिंह पुत्र नामालूम निवासीगण अंजनी एकराय होकर गाली गलौज करने लगे जव मैंने गाली गलौज का विरोध किया तो उक्त लोगों ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर घायल युवक का मेडिकल कराया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरु आचार्य बिपिन जोशी के जन्म दिवस पर निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ

देहरादून,एजेंसी। श्री धोलेश्वर महादेव मंदिर ग्राम धोलास में मन्दिर के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी के 51 वें जन्म दिवस आज से साप्ताहिक निःशुल्क योग शिविर का दिव्य शुभारंभ आचार्य बिपिन जोशी के पावन सानिध्य में किया गया। जोशी ने ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, भुजंगासन, धनुरासन, पवन मुक्तासन के साथ साथ कपालभाति क्रिया। अनुलोम विलोम, भ्रामरी आदि प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। आचार्य जोशी ने योग को जीवन की राह बताया। सायंकाल में श्री धोलेश्वर महादेव के विशेष श्रृंगार के साथ भजन कीर्तन और पूजा अर्चना और आरती होगी, साथ ही आचार्य बिपिन जोशी के 51वें जन्म दिवस पर 51 बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की जाएगी, रविवाररविवार 30 अक्टूबर को विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा। सोमवार प्रातः भगवान श्री धोलेश्वर महादेव की विशेष पूजा अर्चना, यज्ञ और पूर्णाहुति होगी, आज के कार्यक्रम में तिरलोक सिंह रावत, जगत लाल वर्मा, एडवोकेट तनुज जोशी, योग शिक्षक विनय प्रकाश, हेमा वर्मा, योग शिक्षिका संगीता वर्मा, महिला भजन मंडली धोलेश्वर महादेव का विशेष सहयोग रहा।

### सीएम पुष्कर सिंह धामी ने ईगास-बग्वाल को अवकाश की घोषणा की

देहरादून,एजेंसी। उत्तराखण्ड के लोकपर्व ईगास–बग्वाल को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजकीय अवकाश की घोषणा की है। यह दूसरा मौका होगा जब उत्तराखण्ड में लोकपर्व ईगास को लेकर अवकाश घोषित किया गया हो। इससे पूर्व पिछले वर्ष भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा ईगास बग्वाल पर राजकीय अवकाश की घोषणा की गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईगास बग्वाल उत्तराखण्ड वासियों के लिए एक विशेष स्थान रखती है। यह हमारी लोक संस्कृति का प्रतीक है। हम सब का प्रयास होना चाहिए कि अपनी सांस्कृतिक विरासत और परंपरा को जीवित रखें। नई पीढ़ी हमारी लोक संस्कृति और पारम्परिक त्योहारों से जुड़ी रहे, ये हमारा उद्देश्य है। ट्वीट द्वारा यह जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ह्यह्यआवा ! हम सब्बि मिलके इगास मनोला नई पीढ़ी ते अपणी लोक संस्कृति से जुड़ोला। लोकपर्व ह्लइगासह्ल हमारु लोक संस्कृति कु प्रतीक च। ये पर्व तें और खास बनोण का वास्ता ये दिन हमारा राज्य मा छुट्टी रालि, ताकि हम सब्बि ये त्योहार तै अपणा कुटुंब, गौं मा धूमधाम से मने सको। हमारि नई पीढी भी हमारा पारंपरिक त्यौहारों से जुणि रौ, यु हमारु उद्देश्य च।

### उत्तराखंड में सड़क दुर्घटना,दंपत्ति समेत तीन की मौत

नैनीताल, एजेंसी उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जनपद के नानकमत्ता में दीपावली के दिन एक परिवार की खुशियां उस समय मातम में बदल गयीं जब खटीमा नेशनल राजमार्ग के पास एक कार ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी और हादसे में दंम्पत्ति समेत तीन की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार नानकमत्ता दहला निवासी धर्मेन्द्र सिंह राणा (30) अपनी पत्नी विद्या देवी (26) और छह साल के बेटे आरूष के साथ मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे। इसी दौरान खटीमा नेशनल राजमार्ग पर तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) वीर सिंह ने बताया कि दंपत्ति की सोमवार को ही उपचार के दौरान मौत हो गयी जबकि बेटे को भी बचाया नहीं जा सका और उसने मंगलवार को दम तोड़ दिया। इस हादसे के बाद परिवार में मातम पसर गया है। श्री सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। आरोपी कार चालक की तलाश की जा रही है।

### हिमाचल चुनाव में भागेदारी के लिए भाजपा ने जारी की नेताओं की सूची

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के कुछ वरिष्ठ नेता आसन्न हिमाचल प्रदेश विधान सभा चुनाव मे पार्टी प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे। मंगलवार को ऐसे प्रचारकों की एक सूची जारी की गई। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने यहां बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार को इस टीम के समन्वय की ज़िम्मेदारी दी गई है। हिमाचल चुनाव में सहभागिता करने वाले सदस्यों मे सांसद अजय टम्टा, नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत और सौरभ बहुगुणा, विधायक शिव अरोड़ा, प्रमोद नैनवाल, सहदेव पुंडीर, भूपाल राम टम्टा, फकीर राम टम्टा, मोहन सिंह बिष्ट, शक्ति लाल शाह, दुर्गेश्वर लाल, मुन्ना सिंह चौहान, बृजभूषण गैरोला, आदेश चौहान, खजान दास, अरविंद पांडेय , कैलाश शर्मा, बलवंत सिंह भौरियाल एल व देहरादून की ज़िला पंचायत अध्यक्ष देहरादून मधु चौहान शामिल है। श्री चौहान ने बताया की उत्तराखंड की तीस लोगो की एक टीम सितंबर माह से ही हिमाचल में चुनाव प्रबंधन में जुटी है।

# कई राज्यों ने नियमित किए संविदा कर्मचारी, उत्तराखंड में विरोध कर रही सरकारः लालचंद

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड में देहरादून महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने प्रदेश सरकार पर कर्मचारी विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दीपावली पर भी कर्मचारियों को चार फीसद डीए का भुगतान पर कोई निर्णय नहीं किया गया है। इसी तरह देश में राजस्थान, उड़ीसा, तेलंगाना, पंजाब में संविदा कर्मचारी नियमित हो गए हैं। वहीं उत्तराखंड में सरकार हाईकोर्ट के नियमितीकरण आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में लड़ रही है। हाईकोर्ट और श्रम न्यायाधिकरण कर्मचारियों को नियमित करने के आदेश कर चुका है। इन्हीं आदेशों को सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

उन्होंने कहा कि संविदाकर्मियों के नियमितिकरण के खिलाफ सरकार का जाना साफ दशार्ता है कि प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। एक तरफ मुख्यमंत्री सरकारी नौकरियों की भर्ती निकालने के दावे अपने पहले और दूसरे कार्यकाल में करते रहे हैं। आज तक 22000 नौकरियों की उनकी घोषणा धरातल पर नहीं उतरी। वहीं, संविदा कर्मियों के मामले में भी सरकार का रुख साफ दशार्ता है कि ये सरकार सिर्फ जुमलेबाजी पर आधारित है। उन्होंने कहा कि एक ओर दूसरे राज्यों की सरकारें एक के बाद एक संविदा कर्मचारियों को नियमित कर रही हैं। समान काम का समान वेतन देने की सुविधा दे रही हैं। वहीं, उत्तराखंड सरकार नियमितिकरण का विरोध कर रही है। संविदा कर्मचारी भी नियमित कर्मचारियों के समान पूरा काम कर रहे हैं।

मौजूदा समय में यूपीसीएल का पूरा सप्लाई सिस्टम संविदा कर्मचारियों के हाथ में है। ऑफिस का मिनिस्टीरियल काम भी पूरी तरह उपनल कर्मियों के हाथों में है। इन कर्मचारियों को नियमित करने को श्रम न्यायाधिकरण और हाईकोर्ट तक आदेश कर चुकी है। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेशों को लागू करने की बजाय सरकार कर्मचारियों के खिलाफ कोर्ट में करोड़ों रुपये खर्च कर चुकी है। पहले हाईकोर्ट में करोड़ों रुपये खर्च हुआ और अब सुप्रीम कोर्ट में पैसाा पानी की तरह बहाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में सिडकुल, बीज विकास प्रमाणिकरण एजेंसी, राज्य सहकारी बैंक, जिला सहकारी बैंक, साधन सहकारी समिति, राज्य सहकारी संघ, राज्य भंडारण निगम, विधानसभा में कर्मचारियों को सरकार नियमित कर चुकी है। इनमें ऐसे कर्मचारी भी हैं, जो दो से तीन साल की सेवा के बाद ही नियमित कर दिए गए हैं।

वहीं, उपनल में कार्यकरत कर्मचारियों को 15 से 20 साल की सेवा के बाद भी नियमित नहीं किया गया है। देहरादून महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि कोरोनाकाल के दौरान कोरोना वॉरियर्स की सेवाओं को कभी भी लोग भूल नहीं ससते हैं। अपनी जान को जोखिम में डालकर वह रात दिन लोगों की सेवा में लगे रहे। सरकार ने इन कर्मियों को भी बाहर का रास्ता दिखा दिया। हालांकि बाद में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन होने पर इन कर्मचारियों को एक साल का सेवा विस्तार दिया गया। ऐसे में साफ जाहिर है कि ये सरकार कर्मचारियों, युवाओं और बेरोजगारों के हित में कोई फैसला नहीं लेती। वहीं, दूसरे राज्य अब पुरानी पेंशन बहाली की ओर कदम उठा रहे हैं। ऐसे में अब बेरोजगारों और कर्मचारियों को ये समझना होगा कि जब तक बीजेपी की सरकारें रहेंगी, तब तक उनका भला नहीं हो सकता है।

## सीएम ने 'अपना घर'बाल महिला उत्थान समिति के कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

### अनाथ एवं बेसहारा बच्चों के साथ मनाई दीपावली

देहरादून,एजेंसी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को बद्रीपुर, देहरादून में ह्यह्यअपना घरह्लह्ल बाल महिला उत्थान समिति के कार्यक्रम में अनाथ एवं बेसहारा बच्चों के साथ दीपावली मिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री को अपने बीच देखकर सभी बच्चे काफी उत्साहित थे। मुख्यमंत्री ने ह्यह्यअपना घरह्लह्ल में रह रहे बच्चों के लिए की गई व्यवस्थाओं एवं बच्चों द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों का अवलोकन भी किया। उन्होंने बेसहारा बच्चों के लिए कार्य कर रही बाल महिला उत्थान समिति के लोगों को इस सराहनीय कार्य के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बच्चों को मिष्ठान वितरण किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज बच्चों के बीच आकर उनकी बचपन की स्मृतियां ताजी हुई हैं। सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार द्वारा इन बच्चों के लिए हर संभव सहयोग दिया जायेगा। इस अवसर पर विधायक बृज भूषण गैरोला एवं सुरेश गड़िया भी उपस्थित थे।

## गुरजीत कौर एवं महल सिंह हत्या मामले की मजिस्ट्रीयल जांच को अधिकारी नामित

रूद्रपुर, एजेंसी। बीती 12 अक्टूबर 2022 की सायं श्रीमती गुरजीत कौर पत्नी श्री गुरताज सिंह निवासी भरतपुर, काशीपुर (जनपद उधमसिंहनगर) की गोली मारकर की गयी हत्या एवं 13 अक्टूबर 2022 की प्रातः महल सिंह निवासी ग्राम जुड़का नं. 1 कुण्डेश्वरी थाना काशीपुर (एकता स्टोन फ्रेशर में पार्टनर) काशीपुर (जनपद उधमसिंहनगर ) की हत्या की घटनाओं से क्षेत्र की शान्ति-व्यवस्था बाधित हुई है तथा आम जनमानस में उक्त घटना को लेकर अत्यन्त भय एवं रोष व्याप्त है। जिला मजिस्ट्रेट युगल किशोर पंत ने उक्त घटनाओं की मजिस्ट्रीयल जांच किये जाने हेतु अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) जय भारत सिंह को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

जांच अधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट ने सर्व साधारण से कहा है कि उक्त घटनाओं के संबंध में जो भी अभिलेखीय साक्ष्य, मौखिक साक्ष्य, घटना से संबंधित ऑडियो / वीडियो क्लिप प्रस्तुत करना चाहते है वे 18 नवम्बर 2022 तक जिला कार्यालय, कलेक्ट्रेट, रूद्रपुर, उधमसिंहनगर में अपर जिलाधिकारी के कक्ष संख्या-15 में प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होने कहा है कि इसके अतिरिक्त यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त घटनाओं से संबंधित साक्ष्य उपलब्ध हों, तो वे अधोहस्ताक्षरी के मोबाईल नम्बर 70887-36665 पर भी भेज सकते हैं। साथ ही उन्होने कहा है कि यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त घटनाओं से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई गोपनीय सूचना उपलब्ध हो, तो वे सूचना उपलब्ध करा सकते हैं। सूचना प्रदाता के अनुरोध करने पर उनका नाम एवं पता पूर्णतः गुप्त रखा जायेगा।

## स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर पूर्व विधायक की हिदायतः समय पर सुधार हो वरना आंदोलन निश्चित

देहरादून, एजेंसी। पूर्व विधायक राजकुमार ने अस्पतालों की जर्जर अवस्था पर चिंता जताते हुए और अस्पतालों की हालत सुधर हेतु मांग उठाते हुए दून मेडिकल कॉलेज प्राचार्य से मुलाकात की। पूर्व विधायक राजकुमार लंबे समय से अस्पतालों की हालत सुधार की मांग पर अडिग हैं। पूर्व विधायक राजकुमार का कहना है कि नगर के समस्त अस्पतालों की जर्जर अवस्था बेहद चिंतनीय है। साथ ही पूर्व विधायक ने दून मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य से वार्ता कर मांग उठाई की अधर में लटकी रेड क्रॉस बिल्डिंग को शीघ्र पूर्ण किया जाए जिससे आमजन तक कुछ राहत पहुंच सके, यदि यह कार्य समय पर न किया गया तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे एवं सेवा से बेदखल किए गए सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं वार्ड बॉय समेत सभी को सेवा में वापस लिया जाए। मौजूदा समय में मरीजों को सही उपचार मिलने में तमाम तरह की समस्याओं से जूझकर निकालना पड़ रहा है। दून मेडिकल कॉलेज में मरीज जब इलाज के आता है तो उसे मात्र पर्ची बनवाने हेतु अस्पताल के दूसरे भवन में भेजा जा रहा है, जहा से पर्ची कटाकर उसे फिर वापस उपचार के लिए पुराने भवन में भेज दिया जाता है। यह सरासर गलत है, मरीज को इलाज के नाम पर दर दर भटकाना उचित नहीं अतः जहा जिस अस्पताल में इलाज होना हो पर्ची काटने की व्यवस्था भी वहा की जाए जिससे मरीजों को फजीहत न हो। नगर के कई अस्पताल बरसात की चपेट खा रहे हैं, जैसे की पानी का अस्पताल परिसर में घुस जाना या अस्पताल की छतों से पानी टपकना और दीवारों पर सीलन आना जिसे ठीक किए जाने हेतु कदम बढ़ाए जाने आवश्यक है। बरसात के समय में बीमारियों और संक्रमण के बढ़ने का भय है परंतु उचित तौर पर जांच ना हो पाने के कारण लोगो में आक्रोश है। डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी घातक बीमारियां भी आमजन तक पहुंच चुकी हैं जिसके निवारण एवं उपचार लिए शीघ्र व्यवस्थाएं चाक चैबंद की जानी चाहिए। फिलहाल साधारण से कोविड टेस्ट की रिपोर्ट निकलने और ऑनलाइन अपडेट होने में ही 4 से 5 दिन तक का समय लग रहा जो कतई बर्दाश्त नहीं हो सकता। कोरोना के मरीज की रिपोर्ट इतनी देरी से निकल कर आने का फिर कोई औचित्य नहीं रह जाता, क्योंकि तब तक संक्रमण अपनी पकड़ बना चुका होता है। इसलिए कोविड के जांच केंद्र और टीकाकरण केंद्र बढ़ाने की आवश्यकता है। ब्लड रिपोर्ट, सुगर रिपोर्ट एवं तमाम तरह की जांचों की रिपोर्ट पाने में सामान्य से अधिक समय लग रहा है। समस्त अस्पतालों की साफ सफाई व्यवस्था अपने निचले स्तर पर पहुंच चुकी है। गंदगी के अंबार और परिसर में कीचड़ के घुसने से स्वच्छता भंग हो चुकी है और अनेक बीमारियां उत्पन्न होने का भय भी बना हुआ है। अतः यह निवेदन है कि अस्पतालों की जर्जर अवस्था को सुधारा जाए एवं उनकी स्वच्छता के लिए कदम बढ़ाए जाएं और मरीजों के उपचार हेतु हर संभव प्रयास किए जाए जिससे किसी को भी निराशा का मुंह न देखना पड़े। साथ ही पूर्व विधायक राजकुमार ने समय पर मांगे पूरी ना होने पर आंदोलन के लिए बाध्य होने की बात भी रखी।

## धामी ने अधिकारियों से मांगा एक सप्ताह में गड्ढा मुक्त सड़कों का स्टेटस

### धामी ने अधिकारियों से मांगा एक सप्ताह में गड्ढा मुक्त सड़कों का स्टेटस

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिए हैं कि संबंधित अधिकारी एक सप्ताह के भीतर प्रदेश की गड्ढा मुक्त सड़कों की मौजूदा स्थिति उपलब्ध करवाएं। उन्होंने मंगलवार को कहा कि संबंधित विभागों द्वारा प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए अभी तक कितना कार्य किया गया, कितनी सड़कों की मरम्मत की गई, कितना कार्य अवशेष है, समस्त जानकारी अविलंब एक सप्ताह के भीतर उन्हें दें। श्री धामी ने कहा कि सुगम और सुरक्षित यात्रा का जनता अधिकार है। जनता की सुविधाओं का ध्यान रखना राज्य सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि सभी सड़कों की मरम्मत, अनुरक्षण तथा गड्ढा मुक्ति का कार्य संबंधित विभागों द्वारा किसी भी स्थिति में शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों की मरम्मत तथा गड्ढा मुक्ति के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। सड़क मरम्मत के कार्यों में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए।

श्री धामी ने आज सचिवालय में आयोजित बैठक में हरिद्वार विशिष्ट कॉरिडोर, पिथौरागढ़ एयरपोर्ट के संचालन, मानसखंड कॉरिडोर, रामनगर - रानीखेत सड़क मार्ग, मां पूर्णागिरि धाम में संचालित विकास कार्यों की अद्यतन जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। उन्होंने मानसखंड कॉरिडोर तथा हरिद्वार विशिष्ट कॉरिडोर के विकास की परियोजनाओं को जल्द से जल्द लागू करने के निर्देश दिए।

बैठक में जानकारी दी गई कि मानसखंड कॉरिडोर के अंतर्गत कुमाऊं के गोलजयू देवता, पाताल भुवनेश्वर, कोट भ्रामरी, कैंची धाम सहित 29 मंदिरों को चिन्हित कर लिया गया है। मानसखंड कॉरिडोर के अंतर्गत पर्यटकों तथा तीर्थ यात्रियों के लिए सड़क कनेक्टिविटी, रोड कनेक्टिविटी तथा रोपवे सिस्टम को मजबूत किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने मां पूर्णागिरि धाम में संचालित विकास कार्यों त्वरित करने के भी निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए यहां श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं जल्द से जल्द सुदृढ़ किया जाना जरूरी है।

बैठक में मुख्य सचिव डा. एस एस संधू, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## परमार्थ निकेतन में धूमधाम से हुई गोवर्धन पूजा व अन्नकूट महोत्सव

ऋषिकेश, एजेंसी। उत्तराखंड के देहरादून जनपद अंतर्गत ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन में मंगलवार को धूमधाम से गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर, परमार्थ निकेतन के परम अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि गोवर्धन पूजा में गोधन अर्थात गायों और गौवंश की पूजा की जाती है। गौ माता उसी प्रकार पवित्र है, जैसे नदियों में माँ गंगा। शास्त्रों में गौ माता को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। उन्होंने कहा कि देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं, उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं और गौवंश खेतों में अनाज उगाता है। इसलिये कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोर्वधन की पूजा की जाती है।

स्वामी चिदानन्द ने ब्रिटेन के नये प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को बधाई देते हुये कहा कि भारतीय संस्कृति का असर पूरी दुनिया पर दिखने लगा है। दुनिया के सात देशों की कमान भारतवंशियों के पास है यह एक ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा कि भारतीय मूल के नेता अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया समेत कई अफ्रीकी और एशियाई मुल्कों में उच्चपदों पर प्रतिष्ठित हैं। विभिन्न देशों के उच्चपदों पर रहने वाले अनेकों नेताओं की जडें.और मूल भारत से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम् की संस्कृति है; सर्वे भवन्तु सुखिनः की संस्कृति है। भारतीय संस्कृति पूरे विश्व को एक परिवार मानती है और उसका असर पूरे विश्व में दिखायी दे रहा है।

स्वामी ने गोवर्धन पूजा का महत्व बताते हुये कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने ब्रजवासियों को मूसलधार वर्षा से बचाने के लिए सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी सबसे छोटी उँगली पर उठाकर रखा और गोप-गोपिकाएँ उसकी छाया में छः दिनों तक सुखपूर्वक रहे। सातवें दिन भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन को नीचे रखा और तब से प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा करके अन्नकूट महोत्त्सव मनाने की आज्ञा दी। तभी से यह उत्सव अन्नकूट के नाम से मनाया जाने लगा। उन्होंने इसके साथ ही, विश्व शान्ति और समृद्धि की प्रार्थना की।

# मोदी के वर्चुअल नेतृत्व में बालियान ने उत्तराखंड के 146 युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

### मोदी के वर्चुअल नेतृत्व में बालियान ने उत्तराखंड के 146 युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

देहरादून, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से देश के विभिन्न केंद्रीय सरकारी विभागों तथा मंत्रालयों में नव नियुक्तों को सम्बोधित किया। देश भर मे 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने के लिये आयोजित रोजगार मेले के शुभारंभ के साथ प्रथम चरण में चयनित 75 हजार युवाओं को इस अवसर पर नियुक्ति पत्र वितरित किए गये। समारोह देश के विभिन्न 50 स्थानो पर आयोजित किये गये जिसमें प्रथम चरण में 75000 युवाओं को नियुक्ति पत्र जारी किए गये। इसी क्रम में उत्तराखंड में केंद्रीय पशुपालन मंत्री डॉक्टर संजीव कुमार बालियान ने यहां आयोजित रोजगार मेले में कुल 146 नव नियुक्तो को नियुक्ति पत्र जारी किए गए। जिसमें मंत्री ने अपने हाथों से 25 युवाओं को यह पत्र दिए।

उत्तराखंड मे यह कार्यक्रम देहरादून स्थित मुख्य डाकघर (जीपीओ) परिसर घंटाघर मे आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम को करने की ज़िम्मेदारी डाक विभाग को दी गई थी।

इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी निदेशक, डाक सेवायें अनसूया प्रसाद चमोला ने बताया कि डाक विभाग के अलावा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, श्रम मंत्रालय, विभिन्न बैंको यथा इंडियन बैंक, केनरा बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के अलावा सीएसडी, जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, टी. एच. डी.सी., अर्द्ध सैनिक बलों यथा बी.एस.एफ., सी.आर.पी.एफ., आई.टी.बी.पी. आदि के नव नियुक्तों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री के अलावा, लोक सभा सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, राज्य सभा सांसद नरेश बंसल, वन मंत्री सुबोध उनियाल, स्थानीय विधायक खजान दास, कैंट विधायक सविता कपूर डोईवाला विधायक बृज भूषण गैरोला एवं महापौर देहरादून सुनील उनियाल ह्यगामाह्ल उपस्थित रहे। चीफ पोस्टमास्टर जनरल अमिताभ खर्कवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा नव नियुक्तों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं निदेशक डाक सेवाएँ श्री चमोला ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करने के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सूर्य ग्रहण के सूतक के कारण सुबह बंद मंदिरों के कपाट शाम में खुले

देहरादून, एजेंसी। इस वर्ष के अन्तिम सूर्य ग्रहण के कारण देवभूमि उत्तराखंड स्थित चारों धामों के अतिरिक्त अन्य सभी मंदिरों में प्रातः काल पूजा अर्चना के बाद, बन्द हुए कपाट मंगलवार संध्या साढ़े पांच बजे पुनः दर्शनार्थ खोल दिए गए।

आज प्रातः श्री बदरीनाथ धाम में 2.30 बजे मंदिर के कपाट खुलने के बाद प्रातः अभिषेक तीन बजे हुआ। तत्पश्चात प्रातः चार बजकर 15 मिनट पर सूतक के कारण बन्द कर दिया गया। सन्ध्या काल में सूतक समाप्त होने पर पांच बजकर 32 मिनट पर पुनः कपाट खोले गए और शाम छह बजकर 15 मिनट पर विधि विधान पूर्वक शुद्वीकरण अभिषेक किया गया। तत्पश्चात, शयन आरती के बाद रात्रि लगभग 9.30 बजे मन्दिर के कपाट बंद कर दिए गए। केदारनाथ धाम में सोमवार रात्रि महामृत्युंजय पाठ और अभिषेक रात्रि 10 बजे करने के बाद आज प्रातः 3 बजे कपाट खोले गए। ठीक चार बजे प्रातः तक देव दर्शन और बालभोग चढाया गया। इसके पश्चात, प्रातः 4 15 मंदिर के कपाट सूतक के कारण बंद हो गये। जबकि शाम 5 बजकर 32 मिनट पर सूतक समाप्त पर मंदिर खुल गया। साफ सफाई, शुद्धिकरण हवन के बाद सात बजे भगवान का अभिषेक श्रृंगार हुआ। फिर शयन आरती के बाद 8.30 बजे मंदिर बन्द कर दिया गया।

श्री गंगोत्री एवं श्री यमुनोत्री मंदिर समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सभी छोटे-बड़े मंदिर ग्रहणकाल में प्रात से बंद होने के बाद, ग्रहण की समाप्ति शायंकाल 5 बजकर 32 मिनट के बाद सभी मंदिरों के कपाट खुल गए हैं। हवन शूद्धिकरण के पश्चात अभिषेक-शयन पूजायें की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिवाली पर घरों में रंगो की रंगोली बनाई और गुरुद्वारों में की दीप माला

मदरलैंड संवाददाता, लुधियाना। दिवाली के अवसर पर सभी बच्चो में बढ़ा उत्साह दिखाई दिया अपने घरों को सजाने संवारने का बच्चो ने अपने पसंद की रंगोली बनाई और चाइना दिए छोड़ कर मिट्टी के दिए से अपने घर को जगमग जगमग रोशनी से चमकाया शाम होते ही गुरुद्वारों में जा कर माथा टेका और अरदास करी सब के घरों में सुख शांति बनी रहे दिए और मोमबत्ती से दीप माला की सिमरन ने बताया कि पंजाब का पर्यावण शुद्ध रहे इस लिए उन्होंने पटाखे नही बजाए बल्कि फुलझड़िया और अनार, फिरकनी से ही दिवाली मनाई नदर प्रीत ने पंजाब सरकार से अपील करी की पंजाब में पटाखा बैन होना चाहिए जिससे पंजाब का पर्यावरण शुद्ध होगा और भ्रष्टाचार भी खत्म होगा पटाखों के स्टोरों को लेकर बहुत बड़ा भ्रष्टाचार पूरे पंजाब में होता है अगर पटाखों में बैन लगा दी जाए तो कई घरों में दिए और दिवाली हो और खुशी के साथ मनाई जाएगी।

### अंतरराष्ट्रीय व्यंग्य संकलन 'आंकडा 63 का कवर लोकार्पित



मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। आँकड़ा तिरेसठ का क्यों नहीं हो सकता संपादक प्रो. राजेश कुमार डॉ. लालित्य ललित प्रकाशक श्री मुरली मनोहर शर्मा निखिल प्रकाशन, आगरा शीघ्र प्रकाशित होने वाला अंतरराष्ट्रीय व्यंग्य संकलन आँकड़ा 63 का कई मायनों में ऐतिहासिक और प्रतिनिधि व्यंग्य संग्रह है। इसमें न केवल हमारे समय के देश–विदेश के 63 प्रतिष्ठित व्यंग्यकारों की रचनाएँ शामिल की गई हैं, बल्कि यह प्रश्न भी उठाया गया है कि अगर 36 का आँकड़ा हो सकता है, तो फिर 63 का आँकड़ा क्यों नहीं ह सकता? हिंदी देवनागरी लिपि में जब हम 36 को अंकों में लिखते हैं, तो वे एक दूसरे के खिलाफ नजर आते हैं। इसका अर्थ यह निकाला गया कि इनमें विपरीत संबंध है, हम तिरेसठ के आँकड़े के बारे में भी बात करें? अगर छत्तीस की संख्या विरोध, और विपरीत भावों की सूचक है, तो अगर हम इन्हें उलट दें, तो इसे एक दूसरे के प्रति प्रेम, सद्भाव, सहयोग, प्यार, वात्सल्य, स्नेह आदि बहुत सारे अर्थ देने लगना चाहिए। इस संकलन में भारत में चंडीगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश,छत्तीसगढ़, हिमाचल, तेलंगाना, दिल्ली, महाराष्ट्र, बिहार,उत्तराखंड,राजस्थान, हरियाणा, चेन्नई और विदेशों से न्यू जीलैंड, और कनाडा के धुरंधर व्यंग्यकारों को शामिल किया गया है. चंडीगढ़ से प्रेम विज और दलजीत कौर के लेख शामिल हैं। सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार प्रो. राजेश कुमार, और डॉ. लालित्य ललित की कुशल जोड़ी इससे पहले भी 21वीं सदी के 131 श्रेष्ठ व्यंग्यकार, 21वीं सदी के 251 श्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय व्यंग्य।

### दिवाली पर्व धूमधाम से मनाया

मदरलैंड संवाददाता, ऊना/ चंडीगढ़। दिवाली का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने घर में लड़ियाँ लगाकर व दिए जलाकर रोशनी की। साहित्यकार डॉ विनोद कुमार शर्मा ने अपने पिता कैप्टन रोशन लाल शर्मा, अंजू मोदगिल, अमूल्या शर्मा, प्रखर मोदगिल, बड़े भ्राता राजेश शर्मा, भाभी मधु शर्मा, भतीजी अंशु शर्मा और रिद्धिमा शर्मा के साथ फायर बैलून छोड़ कर खुशी का इजहार किया।

### लुधियाना में राज्य स्तरीय समारोह के दौरान भगवान विश्वकर्मा को श्रद्धांजलि भेंट

# पंजाब के समूचे ढांचे को सुधारने के लिए हम भगवान विश्वकर्मा के नक्शे-कदमों पर चल रहे हैं: मुख्यमंत्री

## पिछली सरकारों ने राज्य को ना पूरा होने वाला नुकसान पहुँचाया

» **हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता**

ਬਾਬਾ ਵਿਸ਼ਵਕਰਮਾ ਜੀ
ਦੇ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਉਤਸਵ ਮੌਕੇ

लुधियाना। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज कहा कि भगवान विश्वकर्मा के नक्शे-कदमों पर चलते हुए आम आदमी सरकार राज्य की समूची व्यवस्था में सुधार करेगी, जिससे लोगों की तरक्की और खुशहाली को सुनिश्चित बनाया जा सके।

यहाँ रामगढिया कॉलेज में विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा जी ब्रह्मांड में रचनात्मकता, इंजनीयरिंग, निर्माण शैली और प्रौद्योगिकी के मुखी थे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने राज्य की दौलत को बेरहमी से लूटा, जिस दौरान उन्होंने इसको ना पूरा होने वाला नुकसान पहुँचाया है। भगवंत मान ने कहा कि अब वह भगवान विश्वकर्मा के आशीर्वाद से राज्य को हुए नुकसान की पूर्ति सुनिश्चित बनाने के लिए यत्नशील हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विश्व भर में औद्योगिक और बुनियादी ढांचे में जो विकास हुआ है, वह भगवान विश्वकर्मा के आशीर्वाद के स्वरूप ही हुआ है। भगवंत मान ने कहा कि युगों से पूरे ब्रह्मांड के रचनाकार भगवान विश्वकर्मा को सभी औद्योगिक गतिविधियों में लोगों द्वारा इस्तेमाल की जा रही सारी मशीनरी और उपकरणों का स्वामी मानते हैं। भगवंत मान ने कहा कि सभी शिल्पकारों और वास्तुकारों के इस महान देवता ने हमारे कारीगरों, श्रमिकों और मजदूर वर्ग को देश के विकास के लिए अत्यधिक समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया है।

मजदूरों और कारीगरों को राज्य और राष्ट्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए ठोस प्रयास करने का आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भगवान विश्वकर्मा को सच्ची और उचित श्रद्धांजलि होगी। भगवंत मान ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की विचारधारा और शिक्षाओं के अनुसार पंजाब सरकार, राज्य भर के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने पर जोर दे रही है, जिससे वह स्वाभिमान और गर्व से जीवन व्यतीत कर सकें। उन्होंने आगे कहा कि राज्य भर में कौशल प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करना समय की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार पंजाब के युवाओं को नौकरियों की खोज करने वालों की बजाय नौकरियाँ प्रदान करने वाले बनाने के लिए यत्नशील है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पंजाबियों को उद्यमिता और नेतृत्व के गुणों की बख्शीश है। भगवंत मान ने कहा कि इन गुणों के स्वरूप ही पंजाबियों ने दुनिया भर में अपना अलग स्थान बनाया है।

मुख्यमंत्री ने अफसोस जाहिर किया कि फूट डालने वाली ताकतें देश में जाति, धर्म, भाषा और अन्य आधारों पर लोगों में फूट डालने की कोशिशें कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे देश के हित में नहीं है, जिसके लिए हमें सांप्रदायिक सद्भावना, आपसी-भाईचारा और आपसी प्रेम-प्यार जैसे नैतिक-मुल्यों को मजबूत करना जरूरी है। भगवंत मान ने केंद्र में सत्ता संभालने वालों द्वारा राज्यों के अधिकारों को निगल कर देश के संघीय ढांचे को पहुँचाए जा रहे ना पूरे किए जाने वाले नुकसान पर भी दुख प्रकट किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लोकतंत्र की मूल भावना के विरुद्ध है और इसको किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं किया जा सकता। राष्ट्रपति भवन में मुगल गार्डन का उदाहरण देते हुए भगवंत मान ने कहा कि इसमें अलग-अलग किस्म के फूल हैं, जो हर किसी की आँखों को ठंडक पहुँचाते हैं, जिस कारण लोग इनको देखने के लिए एकत्र होते हैं। उन्होंने कहा कि अलग विचारों और नजरिए वाला लोकतंत्र हमेशा सफल होता है। भगवंत मान ने कहा कि लोकतंत्र में विरोधी पक्ष और मुख्य बैंच दोनों महत्वपूर्ण होते हैं और लोकतंत्र में हरेक के विचारों को अहमीयत मिलनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे भगवान विश्वकर्मा ने ईंट से ईंट जोडकर समूचे ब्रह्मांड की रचना की है, उसी तरह अब समय आ गया है जब हमें देश के बुनियादी सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करके अपने राष्ट्र का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसलिए हम सभी को हाथ मिलाना होगा और यह सुनिश्चित बनाना होगा कि देश को तरक्की और खुशहाली के रास्ते पर आगे ले जाया जाए। भगवंत मान ने इस नेक कार्य और देश के सर्वोच्च हितों के लिए लोगों से सहयोग की माँग की।

मुख्यमंत्री ने लुधियाना शहर के साथ भावनात्मक सांझ की बात करते हुए कहा कि अगर गाँव सतौज उनकी जन्म भूमि है तो लुधियाना कर्म भूमि है। भगवंत मान ने कहा कि वह खुशकिस्मत हैं कि उनको पंजाब और यहाँ के लोगों की सेवा करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंजाब की पुरातन शान बहाल करने के लिए पहले ही सख्त प्रयास कर रही है और लोगों के सहयोग के साथ ही इसको सुनिश्चित बनाया जा सकता है।

इस अवसर पर विधायक अशोक पराशर पप्पी, कुलवंत सिंह सिद्धू, गुरप्रीत बस्सी गोगी, दलजीत सिंह ग्रेवाल, मदन लाल बग्गा, हाकम सिंह थेकेदार, जीवन सिंह संगोवाल, राजिंदरपाल कौर छिना, मनविंदर सिंह गियासपुरा, जगतार सिंह दयालपुरा, हरदीप सिंह मुंडिया, आप के वरिष्ठ नेता डॉ केएनएस कंग, पंजाब राज्य किसान आयोग डॉ सुखपाल सिंह, मार्कफेड के अध्यक्ष अमनदीप सिंह मोही, पंजाब राज्य सहकारी कृषि विकास बैंक के अध्यक्ष सुरेश गोयल, वन विकास निगम के अध्यक्ष नवजोत सिंह जार्ग, आप लुधियाना अर्बन अध्यक्ष शरणपाल सिंह मक्कड़, आप लुधियाना ग्रामीण अध्यक्ष हरभूपिंदर सिंह धरोड़, प्रख्यात पंजाबी कवि प्रो गुरभजन सिंह गिल, रामगढ़िया शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उद्योगपति रंजोध सिंह, विशेष प्रमुख सचिव कुमार अमित, उपायुक्त सुरभि मलिक, पुलिस आयुक्त डॉ कौस्तुभ शर्मा और अन्य उपस्थित थे।

## अन्नकूट का पर्व 26 को

» **मदरलैंड संवाददाता**

कनीना। कनीना क्षेत्र में 26 अक्टूबर को अन्नकुट का पर्व मनाया जाएगा। इसे गोवर्धन नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मंदिरों में खिचड़ी व कढ़ी बांटी जाती हैं जिसे प्रत्येक जन चाव से खाता है। गोवर्धन पर्व से जुड़ी है श्रीकृष्ण और इन्द्र देव के बीच का प्रसंग।

एक बार इंद्र देव भगवान श्रीकृष्ण से कुपित हो गए और मूसलाधार वर्षा करने लगे। गोकुल में इतनी भारी वर्षा देखकर ग्रामीण भयभीत हो गए और चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई। जीव जल में डूबकर मरने लगे तो ग्रामीण दौड़कर भगवान श्रीकृष्ण के पास आए। भगवान श्रीकृष्ण ने उस वक्त गोवर्धन पर्वत ही अपनी अंगुली पर उठा लिया और गोकुलवासियों को उसके नीचे आने का आदेश दिया। इस प्रकार इंद्र का गर्व चूर-चूर हो गया और खुश होकर ग्रामीणों ने गोवर्धन पर्वत की पूजा की। इसी दिन आजकल गाय आदि की पूजा करने का विधान भी है। विश्वकर्मा जयंती भी मनाई जा रही है। इस दिन विभिन्न मंदिरों में अन्नकूट बनाकर वितरित किया जाएगा। अन्नकुट का पर्व मनाया जाता है। इसे गोवर्धन नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मंदिरों में खिचड़ी व कढ़ी बांटी जाती हैं जिसे प्रत्येक जन चाव से खाता है। गोवर्धन पर्व से जुड़ी है श्रीकृष्ण और इन्द्र देव के बीच का प्रसंग। एक बार इंद्र देव भगवान श्रीकृष्ण से कुपित हो गए और मूसलाधार वर्षा करने लगे। गोकुल में इतनी भारी वर्षा देखकर ग्रामीण भयभीत हो गए और चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई। जीव जल में डूबकर मरने लगे तो ग्रामीण दौड़कर भगवान श्रीकृष्ण के पास आए। भगवान श्रीकृष्ण ने उस वक्त गोवर्धन पर्वत ही अपनी अंगुली पर उठा लिया और गोकुलवासियों को उसके नीचे आने का आदेश दिया। इस प्रकार इंद्र का गर्व चूर-चूर हो गया और खुश होकर ग्रामीणों ने गोवर्धन पर्वत की पूजा की। इसी दिन आजकल गाय आदि की पूजा करने का विधान भी है। विश्वकर्मा जयंती भी मनाई जा रही है।

## यू ट्यूब देखकर बना रहे पटाखे फोड़ने के यंत्र में हुआ ब्लास्ट, 2 युवक गंभीर रूप से घायल

फरीदाबाद, एजेंसी। दिवाली पर दिल्ली-एनसीआर में सरकार ने पटाखे बेचने और फोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया, लेकिन पटाखे फोड़ने वाले नए-नए तरीकों से पटाखे फोड़ते दिखे। ऐसा ही एक मामला फरीदाबाद के भड़ाना चौक पर देखने को मिला जब दो युवक यू-ट्यूब में देखकर पटाखा फोड़ने का उपकरण बना रहे थे जिसमें उसने पोटेशियम और सल्फर डाला, लेकिन पटाखे फोड़ने के उपकरण में ब्लास्ट हो गया। इससे पटाखे का उपकरण बना रहे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

दोनों को आनन-फानन में फरीदाबाद के सिविल अस्पताल बादशाह खान में लाया गया लेकिन एक की गंभीर हालत देखते हुए उसे दिल्ली के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। युवकों के मुताबिक उन्होंने पटाखे फोड़ने के उपकरण का एक वीडियो यूट्यूब पर देखा था जिसे वह उसे बना रहे थे।

इस प्रक्रिय में दोनों ने गंधक और पोटेशियम डाला था और उसे वह ठोक रहे थे, इसी दौरान उसमें ब्लास्ट हो गया जिससे उन्हें काफी गंभीर चोट आई है। इस धमाके से अजय नाम की युवक के उल्टे हाथ की लगभग पांचों उंगलियां उड़ गई और चेहरे पर कई गहरे निशान आए हैं। दोनों युवकों का इलाज चल रहा है।

## पंथ के प्रमुख के लिए अटकलों को राम रहीम ने खारिज किया, कहा- कोई संभावित उत्तराधिकारी नहीं

सिरसा, एजेंसी। पैरोल पर जेल से बाहर आए डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि सिरसा मुख्यालय वाले पंथ के चीफ के लिए कोई उसका संभावित उत्तराधिकारी होगा। उन्होंने कहा कि यह केवल मीडिया की अटकलें हैं। डेरा प्रमुख ने कहा कि वह इस पंथ का प्रमुख है और रहेगा, जिसके हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बड़ी संख्या में अनुयायी हैं।

पिछले कई दिनों से राम रहीम उत्तर प्रदेश में अपने बरनवा आश्रम से ऑनलाइन प्रवचन कर रहा है। जिसमें उसके अनुयायियों समेत हरियाणा के कुछ भाजपा नेताओं ने हिस्सा लिया है। जींद से भाजपा के विधायक कृष्ण लाल मिड्ढा अन्य डेरा अनुयायियों के साथ अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक ऑनलाइन सत्संग में शामिल हुए। अपनी दो शिष्याओं से बलात्कार के आरोप में 20 साल कैद की सजा काट रहा डेरा प्रमुख हाल में सुनारिया जेल से 40 दिन की पैरोल पर बाहर आया। जिसके बाद वह बरनावा आश्रम गया। सत्संग के एक वीडियो में उत्तराधिकार के मुद्दे पर बात करने से पहले डेरा सच्चा सौदा प्रमुख ने संकेत दिया कि हनीप्रीत डेरा की व्यवस्था में जिस भी भूमिका में है, वह बनी रहेगी। साथ ही राम रहीम ने कहा कि उसे और अधिक खुशी मिले। राम रहीम ने कहा कि हर कोई जानता है कि उसका नाम हनीप्रीत है, वह मेरी मुख्य शिष्या है।

## गृहमंत्री अनिल विज ने आधी रात को लगाया जनता दरबार, फोन कर कई जिलों के पुलिस अफसरों की उड़ाई 'नींद'

चंडीगढ़। हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने शनिवार आधी रात को अंबाला में जनता दरबार लगाया। इस दौरान उन्होंने रात में ही कई जिलों के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को फोन कर उनकी ह्यनींदह्ण उड़ा दी। विज ने जनता की शिकायतों पर उचित कार्रवाई ने करने को लेकर पुलिस की लापरवाही के लिए अफसरों की जमकर खिंचाई भी की।

जानकारी के अनुसार, 69 वर्षीय मंत्री विज अपने गृह क्षेत्र अंबाला में हर शनिवार को जनता दरबार लगाते हैं, इस दौरान वह लोगों की शिकायतें सुनते हैं। इस शनिवार को शिकायतों की अधिक संख्या और लोगों की भीड़ के कारण जनता दरबार रात 1 बजे तक जारी रहा। इस दौरान मंत्री ने रात में ही कई जिलों के एसपी को फोन भी खटखटा दिए।

**10 से अधिक मामलों में एसआईटी बनाने के आदेश**

रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, विज ने लोगों की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए एक सहायक उपनिरीक्षक (अरक) सहित चार पुलिस कर्मियों को सस्पेंड करने के निर्देश जारी किए। उन्होंने 10 से अधिक मामलों में विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने के भी आदेश दिए।

बयान के मुताबिक, विज ने एसपी सिरसा को रात 12.30 बजे फोन कर पूछा कि मारपीट के एक मामले में कार्रवाई क्यों नहीं की गई? उन्होंने अधिकारी से पूछा, ह्लएक व्यक्ति मेरे सामने मारपीट के मामले की शिकायत लेकर खड़ा है। पुलिस ने अभी तक इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार क्यों नहीं किया?ह्व मंत्री ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## सोनीपत के गांव रोहट में परचून की दुकान चलाने वाले बुजुर्ग की चाकू से गोदकर की हत्या

MURDER
LINE DO NOT

सोनीपत, एजेंसी। सोनीपत के गांव रोहट में एक स्विफ्ट कार में सवार अज्ञात बदमाशों ने परचून की दुकान चलाने वाले 65 साल के बुजुर्ग सत्यनारायण की चाकू से गोदकर हत्या कर डाली। इसकी सूचना मिलने के बाद सोनीपत सदर थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम में मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गईं।

जानकारी के अनुसार, सोनीपत के गांव रोहट में 65 साल का सत्यनारायण नाम का एक बुजुर्ग गांव में ही परचून की दुकान चलाता था। वह सुबह अपने घर से दुकान पर गया था तो स्विफ्ट कार में सवार अज्ञात बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। इसमें सत्यनारायण की मौके पर ही मौत हो गई और बदमाश मौके से फरार हो गए। हालांकि, जब सत्यनारायण के बेटे को सत्यनारायण के साथ हुई वारदात का पता चला तो वह मौके पर पहुंचा और उसने पुलिस को सूचना दी। सोनीपत पुलिस ने बेटे के बयान पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सामान्य अस्पताल में भिजवा दिया गया है।

मामले की जानकारी देते हुए सदर थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि हमें सूचना मिली थी कि गांव रोहट में परचून की दुकान चलाने वाले एक शख्स की चाकू से गोदकर हत्या कर दी है। उसके बेटे के बयान पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# भजन लाल के परिवार की पेंशन पर हर महीने लाखों खर्च कर रही सरकार, बेटे कुलदीप बिश्नोई का भी जुड़ा नाम

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत भजन लाल के परिवार की पेंशन पर प्रदेश सरकार लाखों रुपये खर्च कर रही है। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के वकील हेमंत कुमार ने सूचना अधिकार (आरटीआई) के तहत प्राप्त जानकारी के हवाले से बताया कि इस समय भजन लाल परिवार के तीन सदस्यों को चार पेंशन मिल रही है। इनमें उनकी धर्मपत्नी जसमा देवी, बड़े पुत्र चन्द्रमोहन और छोटी पुत्रवधू एवं कुलदीप बिश्नोई की धर्मपत्नी रेणुका बिश्नोई को, प्रदेश विधानसभा के पूर्व सदस्य के तौर पर हरियाणा सरकार से पेंशन मिल रही है। जसमा देवी को इसके अलावा भजन लाल की धर्मपत्नी के तौर पर फैमिली पेंशन भी प्राप्त हो रही है। इसमें जल्द ही विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने वाले कुलदीप बिश्नोई का भी नाम जुड़ जाएगा। आदमपुर के विधायक रहे कुलदीप बिश्नोई कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो चुके हैं और भाजपा ने उनकी रिक्त की गई सीट पर उनके पुत्र भव्य विश्नोई को टिकट दिया है।

हेमंत कुमार के अनुसार जसमा देवी आदमपुर विधानसभा से एक बार जुलाई, 1987 से अप्रैल, 1991 तक विधायक रहीं हैं। उन्हें प्रतिमाह 77 हजार रुपये की पेंशन मिल रही है। इसमें एक कार्यकाल के एवज में 50 हजार रुपये बेसिक पेंशन और उसपर 34 प्रतिशत की दर से डियरनेस रिलीफ (डीआर), जैसी हरियाणा सरकार के पेंशनरों को मिलती है। इसके साथ ही 10 हजार रुपये प्रतिमाह का स्पेशल ट्रैवेलिंग अलाउंस (विशेष यात्रा भत्ता) भी प्राप्त हो रहा है। चूंकि हाल ही में प्रदेश सरकार के पेंशनरों का डीआर 34 प्रतिशत से बढ़कर 38 प्रतिशत कर दिया है, इसलिए इस प्रकार जसमा देवी की पूर्व विधायक के तौर पर मासिक पेंशन जल्द ही दो हजार बढ़कर प्रतिमाह 79 हजार हो जाएगी।

आरटीआई डालने वाले हेमंत कुमार के अनुसार इसके अतिरिक्त जसमा देवी को भजन लाल की धर्मपत्नी के तौर पर प्रतिमाह 99 हजार 619 रुपये की फैमिली पेंशन भी प्राप्त हो रही है, जिसमें फैमिली पेंशन राशि के तौर पर 19 हजार 250 रुपये, डियरनेस फैमिली पेंशन के तौर पर 9 हजार 625 रुपये और इन दोनों को मिलाकर बन रही 28 हजार 875 रुपये की राशि पर 245 प्रतिशत की दर से 70 हजार 744 रुपये का डीआर प्राप्त हो रहा है।

इस प्रकार उन्हें प्रतिमाह हरियाणा सरकार से पूर्व विधायक के तौर पर पेंशन और साथ साथ फैमिली पेंशन को जोड़कर कुल पौने दो लाख रुपये से ऊपर प्राप्त हो रहे हैं। चूंकि भजन लाल एक बार हरियाणा से राज्यसभा और तीन बार लोकसभा के सदस्य भी रहे हैं, इस प्रकार उनके चार बार सांसद रहने के एवज में जसमा देवी को भारत सरकार से भी फैमिली पेंशन प्राप्त हो रही है।

भजन लाल के बड़े पुत्र चंद्र मोहन कुल चार बार हरियाणा विधानसभा से सदस्य रहे हैं। सबसे पहली बार कालका विधानसभा सीट से उपचुनाव जीतकर जुलाई, 1993 से मई, 1996 तक विधायक रहे। फिर मई, 1996 से दिसंबर, 1999 तक, फिर मार्च, 2000 से मार्च, 2005 तक और फिर मार्च, 2005 से अगस्त, 2009 तक वह सदन के सदस्य रहे। इस प्रकार पूर्व विधायक के तौर पर चार कार्यकालों के एवज में उन्हें प्रतिमाह 1 लाख 52 हजार 700 रुपये प्राप्त हो रहे हैं।

वहीं जहां तक भजन लाल के छोटे पुत्र कुलदीप बिश्नोई की धर्मपत्नी रेणुका बिश्नोई का विषय है, तो वह आज तक दो बार हरियाणा विधानसभा की सदस्य रही हैं। पहली बार आदमपुर सीट से उपचुनाव में विधायक के तौर पर फरवरी, 2012 से अक्टूबर, 2014 तक और फिर हांसी सीट से नवंबर, 2014 से नवंबर, 2019 तक जिसके एवज में उन्हें प्रतिमाह 1 लाख रुपये पेंशन राशि प्राप्त हो रही है।

हेमंत कुमार के अनुसार कुलदीप बिश्नोई जो आज तक कुल चार बार आदमपुर से विधायक रहे हैं, उन्हें पूर्व विधायक के तौर पर फिलहाल पेंशन प्राप्त नहीं हो रही है, परन्तु वह उसी माह से पेंशन के हकदार हैं, जिस माह से उनका विधायक के तौर पर त्यागपत्र विधानसभा स्पीकर द्वारा स्वीकार किया गया। जब भी उन्हें पेंशन राशि मिलेगी, तो वह भी प्रतिमाह सवा लाख रुपये से ऊपर बनेगी। बिश्नोई जून,1998 में आदमपुर में हुए उपचुनाव जीत पहली बार विधायक बने थे। उसके बाद वह अक्टूबर, 2009 से अक्टूबर, 2011, फिर अक्टूबर, 2014 से अक्टूबर, 2019 तक और फिर अक्टूबर, 2019 में अगस्त, 2022 तक हरियाणा विधानसभा के सदस्य रहे हैं। इसके साथ साथ उन्हें 14 वीं और 15 वीं लोकसभा का सदस्य रहने के कारण पूर्व सांसद के तौर पर भारत सरकार से भी पेंशन राशि प्राप्त होगी।

## भैया दूज का पर्व 27 अक्टूबर को

» **मदरलैंड संवाददाता**

कनीना। कनीना क्षेत्र में भाई बहन के अटूट प्यार को निभाने वाला पर्व भैया दूज 26 एवं 27 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। इस पर्व पर दूरदराज से बहन अपने भाई से मिलने के लिए पहुंचती है या फिर भाई अपनी बहन से मिलने के लिए उन तक पहुंचता है।

यह माना जाता है कि यह पर्व रिश्तों को प्रगाढ़ बनाने के लिए मनाया जाता है। वर्ष में दो बार यह पर्व आता है। होली के पश्चात तथा दीपावली के पश्चात दोनों ही पर्वों के बाद यह पर्व मनाया जाता है। इस दिन अवकाश रहेगा। यह पौराणिक कथा यम यमी की याद दिलाता है।

क्या है कहानी

सूर्यदेव की पत्नी छाया की कोख से यमराज तथा यमुना का जन्म हुआ। यमुना अपने भाई यमराज से स्नेहवश निवेदन करती थी कि वे उसके घर आकर भोजन करें। लेकिन यमराज व्यस्त रहने के कारण यमुना की बात को टाल जाते थे।

कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना अपने द्वार पर अचानक यमराज को खड़ा देखकर हर्ष.विभोर हो गई। प्रसन्नचित्त हो भाई का स्वागत.सत्कार किया तथा भोजन करवाया। इससे प्रसन्न होकर यमराज ने बहन से वर मांगने को कहा।

तब बहन ने भाई से कहा कि आप प्रतिवर्ष इस दिन मेरे यहां भोजन करने आया करेंगे तथा इस दिन जो बहन अपने भाई को टीका करके भोजन खिलाए उसे आपका भय न रहे। यमराज ने तथास्तु कहा और यमपुरी चले गए।

ऐसी मान्यता है कि जो भाई आज के दिन यमुना में स्नान करके पूरी श्रद्धा से बहनों के आतिथ्य को स्वीकार करते हैं उन्हें तथा उनकी बहन को यम का भय नहीं रहता।

# गोवर्धन के दिन होती है गोधन की पूजा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

गोवर्धन पूजा में गोधन यानी गायों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती जैसे नदियों में गंगा। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। इनका बछड़ा खेतों में हल जोतकर अनाज उगाता है। इस तरह गौ सम्पूर्ण मानव जाती के लिए पूजनीय और आदरणीय है। गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोर्वधन की पूजा की जाती है और इसके प्रतीक के रूप में गाय की।

दीपावली के दूसरे दिन सायंकाल गोवर्धन पूजा का विशेष आयोजन होता है। गोवर्धन पूजा हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। लोग इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। इस पर्व की अपनी मान्यता और लोककथा है। इस त्यौहार का भारतीय लोकजीवन में काफी महत्व है। इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा सम्बन्ध दिखाई देता है। भगवान श्रीकृष्ण ने आज ही के दिन इन्द्र का मानमर्दन कर गिरिराज पूजन किया था।

इस दिन मन्दिरों में अन्नकूट किया जाता है। अन्नकूट एक प्रकार से सामूहिक भोज का आयोजन है जिसमें पूरा परिवार एक जगह बनाई गई रसोई से भोजन करता है। इस दिन चावल, बाजरा, कढ़ी, साबुत मूंग सभी सब्जियां एक जगह मिलाकर बनाई जाती हैं। मंदिरों में भी अन्नकूट बनाकर प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। सायंकाल गोबर के गोवर्धन बनाकर पूजा की जाती है।

इस दिन प्रातः गाय के गोबर से लेटे हुए पुरुष के रूप में गोवर्धन बनाया जाता है। अनेक स्थानों पर इसके मनुष्याकार बनाकर पुष्पों, लताओं आदि से सजाया जाता है। इनकी नाभि के स्थान पर एक कटोरी या मिट्टी का दीपक रख दिया जाता है। फिर इसमें दूध, दही, गंगाजल, शहद, बताशे आदि पूजा करते समय डाल दिए जाते हैं और बाद में इसे प्रसाद के रूप में बांट देते हैं। शाम को गोवर्धन की पूजा की जाती है। पूजा में धूप, दीप, नैवेद्य, जल, फल, फूल, खील, बताशे आदि का प्रयोग किया जाता है। पूजा के बाद गोवर्धनजी की जय बोलते हुए उनकी सात परिक्रमाएं लगाई जाती हैं। परिक्रमा के समय एक व्यक्ति हाथ में जल का लोटा व अन्य जौ लेकर चलते हैं। जल के लोटे वाला व्यक्ति पानी की धारा गिराता हुआ तथा अन्य जौ बोते हुए परिक्रमा पूरी करते हैं।

अन्नकूट में चंद्र-दर्शन अशुभ माना जाता है। यदि प्रतिपदा में द्वितीया हो तो अन्नकूट अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन सन्ध्या के समय दैत्यराज बलि का पूजन भी किया जाता है। गोवर्धन गिरि भगवान के रूप में माने जाते हैं और इस दिन उनकी पूजा अपने घर में करने से धन, धान्य, संतान और गोरस की वृद्धि होती है। आज का दिन तीन उत्सवों का संगम होता है। इस दिन दस्तकार और कल-कारखानों में कार्य करने वाले कारीगर भगवान विश्वकर्मा की पूजा भी करते हैं। इस दिन सभी कल-कारखाने तो पूर्णतः बंद रहते हैं। घर पर कुटीर उद्योग चलाने वाले कारीगर भी काम नहीं करते। भगवान विश्वकर्मा और मशीनों एवं उपकरणों का दोपहर के समय पूजन किया जाता है।



महाराष्ट्र में यह दिन बालि प्रतिपदा या बालि पड़वा के रूप में मनाया जाता है। वामन जो कि भगवान विष्णु के एक अवतार है, उनकी राजा बालि पर विजय और बाद में बालि को पाताल लोक भेजने के कारण इस दिन उनका पुण्य स्मरण किया जाता है। यह माना जाता है कि भगवान वामन द्वारा दिए गए वरदान के कारण असुर राजा बालि इस दिन पातल लोक से पृथ्वी लोक आता है। अधिकतर गोवर्धन पूजा का दिन गुजराती नव वर्ष के दिन के साथ मिल जाता है जो कि कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष के दौरान मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा उत्सव गुजराती नव वर्ष के दिन के एक दिन पहले मनाया जा सकता है और यह प्रतिपदा तिथि के प्रारम्भ होने के समय पर निर्भर करता है।

वेदों में इस दिन वरुण, इन्द्र, अग्नि आदि देवताओं की पूजा का विधान है। इसी दिन बलि पूजा, गोवर्धन पूजा होती हैं। इस दिन गाय-बैल आदि पशुओं को स्नान कराकर, फूल माला, धूप, चंदन आदि से उनका पूजन किया जाता है। गायों को मिठाई खिलाकर उनकी आरती उतारी जाती है। यह ब्रजवासियों का मुख्य त्योहार है। अन्नकूट या गोवर्धन पूजा भगवान कृष्ण के अवतार के बाद द्वापर युग से प्रारम्भ हुई। उस समय लोग इन्द्र भगवान की पूजा करते थे तथा छप्पन प्रकार के भोजन बनाकर तरह-तरह के पकवान व मिठाइयों का भोग लगाया जाता था।

गोवर्धन पूजा के सम्बन्ध में एक लोकगाथा प्रचलित है कि देवराज इन्द्र का अभिमान चूर करने हेतु भगवान श्री कृष्ण ने एक लीला रची। एक दिन उन्होंने देखा के सभी बृजवासी उत्तम पकवान बना रहे हैं और किसी पूजा की तैयारी में जुटे। श्री कृष्ण ने यशोदा मैया से प्रश्न किया कि आप लोग किन की पूजा की तैयारी कर रहे हैं। कृष्ण की बातें सुनकर यशोदा मैया बोली हम देवराज इन्द्र की पूजा के लिए अन्नकूट की तैयारी कर रहे हैं। मैया के ऐसा कहने पर श्री कृष्ण बोले मैया हम इन्द्र की पूजा क्यों करते हैं? यशोदा ने कहा वह वर्षा करते हैं जिससे अन्न की पैदावार होती है। उनसे हमारी गायों को चारा मिलता है। भगवान श्री कृष्ण बोले हमें तो गोर्वधन पर्वत की पूजा करनी चाहिए क्योंकि हमारी गाये तो वहीं चरती हैं। इस दृष्टि से गोर्वधन पर्वत ही पूजनीय है और इन्द्र तो कभी दर्शन भी नहीं देते व पूजा न करने पर क्रोधित भी होते हैं। अतः ऐसे अहंकारी की पूजा नहीं करनी चाहिए।

श्री कृष्ण के कहने पर सभी ने इन्द्र के बदले गोवर्घन पर्वत की पूजा की। देवराज इन्द्र ने इसे अपना अपमान समझा और मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी। तब श्री कृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर पूरा गोवर्घन पर्वत उठा लिया और सभी बृजवासियों को उसमें अपने गाय और बछड़े समेत शरण लेने के लिए बुलाया। इन्द्र कृष्ण की यह लीला देखकर और क्रोधित हुए फलतः वर्षा और तेज हो गयी। इन्द्र का मान मर्दन के लिए तब श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से कहा कि आप पर्वत के ऊपर रहकर वर्षा की गति को नियत्रिंत करें और शेषनाग से कहा आप मेड़ बनाकर पानी को पर्वत की ओर आने से रोकें।

इन्द्र लगातार सात दिन तक मूसलाधार वर्षा करते रहे तब उन्हे एहसास हुआ कि उनका मुकाबला करने वाला कोई आम मनुष्य नहीं हो सकता। अतः वे ब्रह्मा जी के पास पहुंचे और सब वृतान्त कह सुनाया। ब्रह्मा जी ने इन्द्र से कहा कि आप जिस कृष्ण की बात कर रहे हैं वह भगवान विष्णु के साक्षात अंश हैं। ब्रह्मा जी के मुख से यह सुनकर इन्द्र अत्यंत लज्जित हुए और श्री कृष्ण से कहा कि प्रभु मैं आपको पहचान न सका। इसलिए अहंकारवश भूल कर बैठा। आप दयालु हैं और कृपालु भी इसलिए मेरी भूल क्षमा करें। इसके पश्चात देवराज इन्द्र ने श्री कृष्ण की पूजा कर उन्हें भोग लगाया।

सातवें दिन श्रीकृष्ण ने गोवर्धन को नीचे रखा और ब्रजवासियों से कहा अब तुम प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा कर अन्नकूट का पर्व मनाया करो। तभी से यह पर्व अन्नकूट के नाम से मनाया जाने लगा। इस पौराणिक घटना के बाद से ही गोवर्घन पूजा की जाने लगी। इस दिन देश के बहुत से प्रदेशों में लोग गोवर्धन पर्वत की पूजा करते हैं। गाय बैल को इस दिन स्नान कराकर उन्हें रंग लगाया जाता है। उनके गले में नई रस्सी डाली जाती है। गाय और बैलों को गुड़ और चावल मिलाकर खिलाया जाता है।

---

# संपादकीय

## गुजरात के शिक्षा उपक्रमों को 'आप' की नकल कहना गलत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गुजरात में मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन पर आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल एवं उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने जो प्रतिक्रिया व्यक्त की है वह हास्यास्पद होने के साथ अतिश्योक्तिपूर्ण है। मोदी छात्रों के बीच गए और उनके साथ एक स्मार्ट क्लास में बैठे। उन्होंने कुछ देर स्मार्ट क्लास का जायजा लिया और एक छात्र द्वारा बताई गई बातों को ध्यान से सुना। इन सब घटनाओं को केजरीवाल की नकल करार देना निश्चित ही विरोधाभासी है। भले ही आप पार्टी ने शिक्षा की दृष्टि से दिल्ली में उल्लेखनीय काम किया है, लेकिन गुजरात में मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस एवं गुजरात में चल रहे शिक्षा उपक्रमों को ह्यआपह्न की नकल कहना एक तरह से आम आदमी पार्टी द्वारा गुजरात में अपनी राजनीति चमकाने का घटिया एवं अलोकतांत्रिक तरीका है। यह मूल्यहीन राजनीति की पराकाष्ठा है। आम आदमी पार्टी का यह आरोप सिरे से गलत है कि गुजरात में शिक्षा उपक्रम आप की नकल है। तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यकाल में सर्वाधिक जोर शिक्षा पर ही दिया था, उन्होंने न केवल शिक्षा का स्तर उन्नत बनाया बल्कि स्कूल की दशा को सुधारते हुए उसे आधुनिक तकनीक से जोड़ा। सच्चाई यह है कि नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के समय से लेकर लाल किला से प्रधानमंत्री के रूप में बोलते हुए बार-बार भारत की शिक्षा पद्धति एवं सरकारी स्कूलों को उन्नत बनाने का अभिनव कार्य किये। केजरीवाल का यह कहना कि भाजपा गुजरात में 27 साल से सत्ता में है। 27 साल से भाजपा सरकारी स्कूलों की स्थिति में सुधार नहीं कर सकी। दिल्ली में हमने 5 साल में सरकारी स्कूलों में सुधार किया। यह बयान वास्तविकता से परे हैं, इसमें सच्चाई नहीं है। सरकारी स्कूलों में दिल्ली से ज्यादा सुधार गुजरात में हुआ है। दिल्ली की सरकारी स्कूलों की वास्तविक दशा आज भी जर्जर है, बैठने से लेकर स्वस्थ पानी की व्यवस्था नहीं है। प्रिंसिपल से लेकर शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। नरेन्द्र मोदी भारत राष्ट्र के नव-निर्माण के शिल्पी है, उनके नेतृत्व में ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 घोषित हुई है। निश्चित ही गुजरात के गांधीनगर में मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरूआत शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव का माध्यम बनेगी। नई शिक्षा नीति गुलामी की मानसिकता बदलेगी और अब गरीब का बेटा भी डॉक्टर, इंजीनियर बन सकेगा। आज शिक्षा व्यवस्था बेहद स्मार्ट हो गई है और गुजरात की शिक्षा व्यवस्था में काफी शानदार बदलाव देखने को मिल रहे हैं। निश्चित ही आज गुजरात अमृत काल की अमृत पीढ़ी के निर्माण की तरफ बहुत बड़ा कदम उठा रहा है। विकसित भारत के लिए, विकसित गुजरात के निर्माण की तरफ ये एक मील का पत्थर सिद्ध होने वाला है। 5जी, स्मार्ट सुविधाएं, स्मार्ट क्लासरूम, स्मार्ट टीचिंग से आगे बढ़कर हमारी शिक्षा व्यवस्था को एक अलग ही लेवल पर ले जाएगा। अब वर्चुअल रिएलिटी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स की ताकत को भी स्कूलों में अनुभव किया जा सकेगा। केंद्र सरकार ने पूरे देश में साढ़े 14 हजार से अधिक ह्यपीएम श्रीह्न स्कूल बनाने का फैसला किया है, ये स्कूल पूरे देश में नई नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के लिए मॉडल स्कूल का काम करेंगे।

---

# अहम के नाश की सूचक है 'गोवर्धन पूजा'

**योगेश कुमार गोयल**

> इस पर्व के संबंध में द्वापर युग की एक कथा प्रचलित है। एक बार भगवान श्रीकृष्ण अपने बाल सखाओं के साथ गायों को चराते हुए गोवर्धन पर्वत की तराई में पहुंच गए। वहां उन्होंने देखा कि हजारों गोप-गोपियां बड़े उत्साह से नाच-गाकर कोई उत्सव मना रहे हैं और 56 प्रकार के व्यंजन वहां रखे हैं। श्रीकृष्ण के पूछने पर गोपियों ने बताया कि आज के दिन वृत्रासुर नामक राक्षस का वध करने वाले मेघों व देवों के राजा इन्द्र का पूजन किया जाता है क्योंकि उनकी कृपा से ही ब्रज में वर्षा होती है और अन्न पैदा होता है। यह सुनकर श्रीकृष्ण ने वहां उपस्थित समस्त ब्रजवासियों से कहा कि अगर देवराज इन्द्र स्वयं यहां आकर भोग लगाएं, तभी तुम्हें यह उत्सव मनाना चाहिए। ब्रजवासी श्रीकृष्ण की बात से सहमत नहीं हुए। गोपियों ने श्रीकृष्ण से कहा, 'अगर इन्द्र को प्रसन्न करने के लिए 'इन्द्रोज' नामक यह यज्ञ नहीं किया गया तो समस्त ब्रजवासियों को इन्द्र के कोप का सामना करना होगा और समूचा ब्रज अकाल या बाढ़ की चपेट में आ जाएगा।



- अहंकार से बचने की प्रेरणा देता है अन्नकूट पर्व

हिन्दू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास की शुक्ल प्रतिपदा को अर्थात दीवाली के अगले दिन 'अन्नकूट पर्व' मनाया जाता है, जिसे ह्यगोवर्धन पूजा' के नाम से भी जाना जाता है। हालांकि इस वर्ष दीवाली 24 अक्तूबर को मनाई गई जबकि गोवर्धन पूजा 26 अक्तूबर को है। दरअसल इस वर्ष 25 अक्तूबर को सूर्यग्रहण के कारण कोई पूजा नहीं हुई, इसीलिए गोवर्धन पूजा दीवाली के दो दिन पश्चात 26 अक्तूबर को है। इस दिन अन्नकूट का विशेष महत्व माना जाता है। गोवर्धन पूजा के दिन घर में गाय के गोबर से गोवर्धन की मानव रूपी आकृति बनाकर उसकी पूजा की जाती है तथा तरह-तरह के व्यंजन बनाकर गोवर्धन को भोग लगाया जाता है। इन व्यंजनों को ह्यछप्पन भोगह्न की संज्ञा दी जाती है। अन्नकूट पर्व के दिन गौपूजा का विशेष महत्व है। इसी कारण इस दिन बहुत से लोग गाय, बैल तथा अन्य पशुओं की सेवा करते हैं और गायों की आरती भी उतारी जाती है। इस दिन शाम के समय गोवर्धन पूजा में भगवान विष्णु, भगवान श्रीकृष्ण के साथ-साथ दैत्यराज महाप्रतापी एवं महादानवीर बलि का भी पूजन किया जाता है। माना जाता है कि इस पर्व का प्रचलन द्वापर युग से शुरू हुआ था और तभी से हर वर्ष कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को यह पर्व मनाया जाता रहा है। मान्यताओं के अनुसार सर्वप्रथम भगवान श्रीकृष्ण द्वारा ही गोवर्धन पूजा आरंभ कराई गई थी, जिन्होंने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाकर देवताओं के राजा इन्द्र के क्रोध से ब्रजवासियों और पशु-पक्षियों की रक्षा की थी। इसी कारण गोवर्धन पूजा में गिरिराज के साथ श्रीकृष्ण के पूजन का भी विधान है। भगवान श्रीकृष्ण ने इस दिन देवराज इन्द्र के अहंकार को चूर-चूर कर गोकुलवासियों को गोधन के महत्व से परिचित कराया था। इस दिन गोबर से गोवर्धन बनाकर उसकी पूजा की जाती है। वेदों में इस दिन वरूण, इन्द्र और अग्निदेव के पूजन का भी विधान है। पुराणों में बताया गया है कि इस दिन भगवान विष्णु ने लक्ष्मी सहित समस्त देवी-देवताओं को बलि की कैद से मुक्त कराया था।

इस पर्व के संबंध में द्वापर युग की एक कथा प्रचलित है। एक बार भगवान श्रीकृष्ण अपने बाल सखाओं के साथ गायों को चराते हुए गोवर्धन पर्वत की तराई में पहुंच गए। वहां उन्होंने देखा कि हजारों गोप-गोपियां बड़े उत्साह से नाच-गाकर कोई उत्सव मना रहे हैं और 56 प्रकार के व्यंजन वहां रखे हैं। श्रीकृष्ण के पूछने पर गोपियों ने बताया कि आज के दिन वृत्रासुर नामक राक्षस का वध करने वाले मेघों व देवों के राजा इन्द्र का पूजन किया जाता है क्योंकि उनकी कृपा से ही ब्रज में वर्षा होती है और अन्न पैदा होता है। यह सुनकर श्रीकृष्ण ने वहां उपस्थित समस्त ब्रजवासियों से कहा कि अगर देवराज इन्द्र स्वयं यहां आकर भोग लगाएं, तभी तुम्हें यह उत्सव मनाना चाहिए। ब्रजवासी श्रीकृष्ण की बात से सहमत नहीं हुए। गोपियों ने श्रीकृष्ण से कहा, 'अगर इन्द्र को प्रसन्न करने के लिए 'इन्द्रोज' नामक यह यज्ञ नहीं किया गया तो समस्त ब्रजवासियों को इन्द्र के कोप का सामना करना होगा और समूचा ब्रज अकाल या बाढ़ की चपेट में आ जाएगा। इसलिए हमें यह यज्ञ हर हाल में करना ही चाहिए।'

श्रीकृष्ण ने कहा, 'इन्द्र में क्या शक्ति है? उससे ज्यादा शक्तिशाली तो हमारा यह गोवर्धन पर्वत है और ब्रज में इसी के कारण वर्षा होती है। इसलिए हमें इन्द्रोज यज्ञ करने के बजाय गोवर्धन की पूजा करनी चाहिए।'

काफी वाद-विवाद के पश्चात ब्रजवासी इन्द्र के बजाय गोवर्धन की पूजा करने के लिए तैयार हो गए। सभी अपने घरों से पकवान लाकर श्रीकृष्ण द्वारा बताई विधि के अनुसार गोवर्धन का पूजन करने लगे। श्रीकृष्ण ने तब गोवर्धन पर्वत में अपना दिव्य रूप प्रविष्ट कराकर स्वयं गोवर्धन के रूप में समस्त व्यंजनों का भोग लगाया और ब्रजवासियों को आशीर्वाद दिया। ब्रजवासी गोवर्धन को प्रसन्न करने के लिए किए गए अपने यज्ञ को सफल मानकर बड़े प्रसन्न हुए। नारद मुनि ने इन्द्र को इस घटना की जानकारी दी तो इन्द्र इसे अपना अपमान मानकर क्रोध के मारे फुफकार उठे और मेघों के जरिये ब्रज में तबाही शुरू कर दी। ब्रजवासियों की घबराहट देख श्रीकृष्ण ने उन्हें गोवर्धन पर्वत की शरण में चलने को कहा और गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठ उंगली पर उठा लिया। इस प्रकार पूरे सात दिन तक ब्रजवासी गोवर्धन के नीचे सुरक्षित रहे।

अंततः देवराज इन्द्र को हार माननी पड़ी और तब ब्रह्मा जी ने उन्हें श्रीकृष्ण अवतार का रहस्य बताया तो इन्द्र श्रीकृष्ण से अपनी भूल के लिए क्षमा याचना करने लगे। श्रीकृष्ण ने तब गोवर्धन को अपनी उंगली से नीचे उतारते हुए ब्रजवासियों से हर वर्ष इसी दिन गोवर्धन की पूजा करने को कहा। माना जाता है कि तभी से प्रतिवर्ष कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को यह पर्व मनाया जाने लगा। इस दिन गौ पूजन करने के पीछे धारणा यह है कि इससे व्यक्ति को भोग एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह पर्व जहां गोधन के महत्व को दशार्ता है, वहीं इसे इन्द्र का अहंकार नष्ट होने के रूप में भी देखा जाता है। प्राणीमात्र को इससे यही सीख मिलती है कि अहंकार मनुष्य को सदा नीचा दिखाता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

---

# निर्गुण संतों में संत, 'संत नामदेव'

**हेमेन्द्र क्षीरसागर**

(26 अक्तूबर, संत नामदेव अवतरण दिवस विशेषालेख)

संत नामदेव का महाराष्ट्र में वही स्थान है, जो भक्त कबीरजी अथवा सूरदास का उत्तरी भारत में है। उनका सारा जीवन मधुर भक्ति-भाव से ओतप्रोत था। विट्ठल-भक्ति भक्त नामदेवजी को विरासत में मिली। उनका संपूर्ण जीवन मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा। मूर्ति पूजा, कर्मकांड, जातपात के विषय में उनके स्पष्ट विचारों के कारण हिन्दी के विद्वानों ने उन्हें कबीरजी का आध्यात्मिक अग्रज माना है। वास्तव में श्री गुरु साहिब में संत नामदेव की वाणी अमृत का वह निरंतर बहता हुआ झरना है, जिसमें संपूर्ण मानवता को पवित्रता प्रदान करने का सामर्थ्य है। उनके जीवन के एक रोचक प्रसंग के अनुसार एक बार जब वे भोजन कर रहे थे, तब एक श्वान आकर रोटी उठाकर ले भागा। तो नामदेवजी उसके पीछे घी का कटोरा लेकर भागने लगे और कहने लगे ह्यहे भगवान, रुखी मत खाओ साथ में घी लो।ह्न

### हठ देखकर विट्ठल हुए प्रगट

निर्गुण संतों में संत नामदेव का नाम अग्रणी है। 26 अक्तूबर, 1270 को महाराष्ट्र के नरसी बामनी नामक गाँव में अवतरित। पिता श्री दामाशेट और माता श्रीमती गोणाई थीं। कुछ लोग नामदेव का जन्मस्थान पण्डरपुर मानते हैं। इनके पिताजी दर्जी का काम करते थे; जो आगे चलकर पण्डरपुर आ गये और विट्ठल के उपासक हो गये। वे विट्ठल के श्रीविग्रह की भोग, पूजा, आरती आदि बड़े नियम से करते थे। जब नामदेव केवल पाँच वर्ष के थे, तो इनके पिता को किसी काम से बाहर जाना पड़ा। उन्होंने विट्ठल के विग्रह को दूध का भोग लगाने का काम नामदेव को सौंप दिया। अबोध नामदेव को पता नहीं था कि मूर्त्ति दूध नहीं पीती, उसे तो भावात्मक भोग ही लगाया जाता है। नामदेव ने मूर्त्ति के सामने दूध रखा, जब बहुत देर तक दूध वैसा ही रखा रहा, तो नामदेव हठ ठानकर बैठ गये। बोले - जब तक तुम दूध नहीं पियोगे, मैं हटूँगा नहीं। जब तुम पिताजी के हाथ से रोज पीते हो, तो आज क्या बात है? कहते हैं कि बालक की हठ देखकर विट्ठल भगवान प्रगट हुए और दूध पी लिया। बड़े होने पर इनका विवाह राजाबाई से हुआ। उससे उन्हें चार पुत्र तथा एक पुत्री की प्राप्ति हुई।



### योग मार्ग के पथिक

नामदेव भारत के प्रसिद्ध संत थे। इनके समय में नाथ और महानुभाव पंथों का महाराष्ट्र में प्रचार था। पण्ढरपुर से कुछ दूर स्थित औढिया नागनाथ मन्दिर में रहने वाले विसोबा खेचर को इन्होंने अपना अध्यात्म गुरु बनाया। आगे चलकर सन्त ज्ञानदेव और मुक्ताबाई के सान्निध्य में नामदेव सगुण भक्ति से निर्गुण भक्ति में प्रवृत्त हुए और योग मार्ग के पथिक बने। ज्ञानदेव से इनका प्रेम इतना प्रगाढ़ हुआ कि वे इन्हें अपने साथ लम्बी तीर्थयात्रा पर काशी, अयोध्या, मारवाड़, तिरुपति, रामेश्वरम आदि के दर्शनार्थ ले गये। एक-एक कर सन्त ज्ञानदेव, उनके दोनों भाई एवं बहिन ने भी समाधि ले ली। इससे नामदेव अकेले हो गये। इस शोक एवं बिछोह में उन्होंने समाधि के अभंगों की रचना की। इसके बाद भ्रमण करते हुए वे पंजाब के भट्टीवाल स्थान पर पहुँचे और वहाँ जिला गुरदासपुर में ह्यघुमानह्न नगर बसाया। फिर वहीं मन्दिर बनाकर तप किया और विष्णुस्वामी, परिसा भागवते, जनाबाई, चोखामेला, त्रिलोचन आदि को नाम दीक्षा दी।

### हरि नांव सकल जीवन में क्रांति

सन्त नामदेव मराठी सन्तों में तो सर्वाधिक पूज्य हैं ही; पर उत्तर भारत की सन्त परम्परा के तो वे प्रवर्तक ही माने जाते हैं। मराठी साहित्य में एक विशेष प्रकार के छन्द ह्यअभंगह्न के जनक वे ही हैं। पंजाब में उनकी ख्याति इतनी अधिक रही कि ह्यश्री गुरु ग्रन्थ साहिबह्न में उनकी वाणी संकलित है। वे परमात्मा की प्राप्ति के लिए सद्गुरु की कृपा को बहुत महत्त्व देते हैं। पंजाब के बाद अन्य अनेक स्थानों का भ्रमण करते हुए वे फिर अपने प्रिय स्थान पण्ढरपुर आ गये और वहीं 80 वर्ष की अवस्था में 3 जुलाई, 1350 को उन्होंने समाधि ले ली। वे मानते थे आत्मा और परमात्मा में कोई अन्तर नहीं है। परमात्मा द्वारा निर्मित सभी जीवों की सेवा ही मानव का परम धर्म है। इसी से साधक को दिव्य दृष्टि प्राप्त होती है। सन्त नामदेव द्वारा प्रवर्तित ह्यवारकरी पन्थह्न के लाखों उपासक विट्ठल और गोविन्द का नाम स्मरण कर अपने जीवन को धन्य बना रहे हैं। हरि नांव हीरा, हरि नांव लेत मिटै सब पीरा। हरि नांव जाती, हरि नांव पांती। हरि नांव सकल जीवन में क्रांति।

(लेखक, पत्रकार व स्तंभकार)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

संक्षिप्त समाचार

## दीपावली के मौके पर रावण दहन कार्यक्रम का किया आयोजन

मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। सोमवार की देर शाम बरियारपुर पूर्वी पंचायत के वार्ड पांच स्थित शिव मंदिर के समीप एवं बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के गाछी टोल स्थित गन्ना क्रय केन्द्र परिसर में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. दिपावली की रात्रि बरियारपुर पूर्वी गांव में दर्जनों की संख्या में लोगों की भीड़ जुट गयी. इसकी जानकारी देते हुए आयोजक व बरियारपुर पूर्वी निवासी रामदेव महतो के पुत्र विजेंद्र कुमार ने बताया कि सभी जगहों पर दशहरा के मौके पर रावण का पुतला दहन किया जाता है, परंतु उन्होंने दीपावली की रात्रि रावण का पुतला दहन की योजना बनायी. और पिछले तीन वर्षों से लगातार दिपावली के मौके पर रावण दहन कर रहे हैं. आयोजक ने बताया कि इसकी तैयारी एक माह पहले से की जाती है. उन्होंने बताया कि आज समाज में रावण के विचार धारा वाले लोगों की बहुतायत है. जो समाज में द्वेष, घृणा फैलाते हैं. समाज को तोड़ने वाले लोगों को संदेश देने के उद्देश्य से रावण दहन का कार्यक्रम किया गया है. आयोजक विजेन्द्र कुमार ने बताया कि उनके गांव व मुहल्ले के आलोक कुमार, प्रेमचन्द्र, गणेश महतो, विनोद कुमार, मौसम कुमार, बैजू कुमार, देबू कुमार,अमरेंद्र कुमार, अमन कुमार के अलावे कई साथियों ने आर्थिक मदद कर इस कार्य के लिए प्रोत्साहित किया है. उन्होंने बताया कि दर्जनों बच्चों के द्वारा राम, लक्ष्मण, हनुमान व बन्दरी सेना की भव्य झांकी निकाली गयी. जिसे दर्शकों ने खूब सराहा. रावण दहन कार्यक्रम को देखने के लिए क्षेत्र के दूर दराज के गांवों के लोगों ने भी शामिल हुए. इसके अलावे बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के गाछी टोल स्थित गन्ना क्रय केन्द्र परिसर में स्कूली बच्चों के द्वारा रावण दहन किया गया. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक कुमार, रवि कुमार, दिलखुश कुमार, अमन कुमार, विवेक कुमार समेत अनेक बच्चों ने अपनी अहम भूमिका निभाई.

## मेघौल गांव में दीपक की लौ से लगी आग, महिला झूलसी, शिव मंदिर में दीया जलाने गयी थी अधेड़ महिला

मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। दीपावली की रात मेघौल गांव स्थित शिव मंदिर में दीया जलाने गयी एक अधेड़ महिला आग से बुरी तरह झुलस गयी. झुलसी महिला की पहचान मेघौल पंचायत के वार्ड सात निवासी नरेश सिंह की 60 वर्षीया पत्नी प्रमिला देवी के रूप में की गयी. बुरी तरह से जख्मी महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोदावन्दपुर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देख उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय रेफर कर दिया. मिली जानकारी के अनुसार जख्मी महिला का इलाज बेगूसराय के एक निजी क्लिनिक में चल रही है. जहां स्थिति जिंताजनक बतायी जा रही है. घटना के संदर्भ में परिजनों ने बताया कि दीपावली के मौके पर उर्मिला देवी अपने आंगन की अन्य कई महिलाओं के साथ दीया जलाने गांव के पूरब टोला स्थित शिव मंदिर गयी हुई थी. दीया जलाने के क्रम में वहां जल रहे अन्य दीपक की लौ से उसके पकड़े में आग पकड़ लिया. साथ की महिलाएं कुछ समझ पाती इसके पहले ही देखते देखते उसके बाल जल गयी. आग बुझाने का कोई साधन घटनास्थल पर उपलब्ध नहीं होने से झुलसी महिला वहीं बेहोश हो गयी. घटना की जानकारी मिलते ही पहुंचे स्थानीय लोगों एवं परिजनों ने इस महिला को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया.

## खोदावंदपुर क्षेत्र में परम्परागत तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रकाश पर्व दीपावली

मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। सोमवार की रात प्रकाश पर्व दीपावली संपूर्ण खोदावन्दपुर प्रखंड क्षेत्र में परम्परागत तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस मौके पर लोगों ने अपने घर आंगन, पास पड़ोस की साफ- सफाई, रंग रोगन कर घरों में दीया जलाया, बच्चों ने पटाखे छोड़े. घर- घर में मां लक्ष्मी एवं गणेश भगवान के साथ भगवान श्रीराम का पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि का कामना की. तथा एक दूसरे को प्रसाद व मिठाई खिलाकर दीपावली पर्व की खुशी का इजहार किया. क्षेत्र के सागी, दौलतपुर, बाड़ा, बरियारपुर पश्चिमी, फफौत, बरियारपुर पूर्वी, खोदावंदपुर एवं मेघौल पंचायत के विभिन्न गांवों में व्यवसाइयों ने भी अपने प्रतिष्ठानों पर मां लक्ष्मी की पूजा कर अपने व्यवसाय के उन्नति की मन्नतें मांगी तथा नये वर्ष के लिए नये पंजी का संधारण किया. वहीं बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के गोगल टोल में अस्थायी मंदिर बनाकर भाई बहन एक साथ मिलकर मां लक्ष्मी व भगवान गणेश की विशेष पूजा अर्चना की. तथा भाई बहन ने दीप की थाल सजाकर एक साथ लक्ष्मी व गणेश की आरती की. और घरों में बने पकवान व आवश्यक सामग्रियों का प्रसाद बनाकर सभी भाई व बहन मिलकर प्रसाद ग्रहण की तथा पास पड़ोस के लोगों के बीच प्रसाद की वितरण भी किया. पूजा के उपरांत बहन अनुष्का भारती अपने बड़े भाई अभिषेक कुमार को प्रणाम कर आशीर्वाद मांगी, जिसके जवाब में भाई ने भी अपनी बहन को आशीर्वाद देते हुए ईश्वर से उनके दीघार्यु जीवन की कामना किया. मौके पर भाई अभिषेक कुमार, आदर्श कुमार, अविनाश कुमार, आयुष कुमार व बहन अनुष्का भारती मौजूद थी.

# कालीपूजा को लेकर गाजेबाजे के साथ निकाली गयी कलश शोभायात्रा

### खोदावन्दपुर एवं बरियारपुर पूर्वी गांव में कार्यक्रम आयोजित

» **मदरलैण्ड संवाददाता**

बेगूसराय। कालीपूजा को लेकर खोदावन्दपुर एवं बरियारपुर पूर्वी गांव में सोमवार को गाजेबाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गयी. शोभायात्रा मां वैष्णवी काली मंदिर खोदावन्दपुर परिसर से मुसहरी गांव का भ्रमण करते हुए बेगूसराय रोसड़ा मुख्य पथ एस एच 55 से होते हुए तारा चौक से फफौत स्थित बूढ़ीगंडक नदी के नरहन पुल घाट में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरा गया. उसके बाद शोभायात्रा पुनः उसी रास्ते से होते हुए सीमान चौक से खोदावन्दपुर गांव का भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हो गया. इसकी जानकारी देते हुए पुजारी संतोष शर्मा व मेला समिति के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार ने बताया कि यहां तीन दिवसीय भव्य मेला का आयोजन किया जाता है. तथा सुबह में हवन यज्ञ एवं शाम में भजन कीर्तन तथा रात्रि में विदेशिया नाच व देवी जागरण का कार्यक्रम किया जायेगा. उन्होंने कहा कि 24 अक्टूबर को 351 कलश यात्रियों के साथ तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ किया गया है, जो 28 अक्टूबर की सुबह में कलश विसर्जन के साथ मेला संपन्न हो जायेगा. शोभायात्रा में मां वैष्णवी कालीपूजा समिति खोदावन्दपुर के सदस्य नीरज कुमार, गुड्डू कुमार, अनिल ठाकुर, अखिलेश कुमार महतो, मिथलेश कुमार समेत अनेक श्रद्धालु शामिल थे.

वहीं दूसरी ओर मां वैष्णवी काली मंदिर बरियारपुर पूर्वी में भी गाजेबाजे के साथ कलश शोभायात्रा निकाली गयी. जो शोभायात्रा मंदिर परिसर से गांव का भ्रमण करते हुए तारा सर्कल चौक से मुख्य पथ एस एच 55 होते हुए बरियारपुर पश्चिमी, मिजार्पुर चौक से बूढ़ीगंडक नदी के रामघाट स्थित कलश में जल भरा गया, उसके बाद शोभायात्रा बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के पछियारी टोल से नन्दीवन, महुआ टोल होते हुए मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हो गया. शोभायात्रा में 101 नर नारियों के अलावे दर्जनों पूजा समिति के सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे. इसकी जानकारी पूजारी संजीत कुमार शर्मा ने दी. उन्होंने बताया कि 25 अक्टूबर को दिन में रासलीला एवं रात्रि में देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा. शोभायात्रा में गांव के ही राम सुजान शर्मा, रंजीत शर्मा, प्रेमचंद्र शर्मा, विशुनदेव शर्मा, शंकर शर्मा, सुबोध महतो, डॉ दिनेश कुमार, डॉ जयराम सिंह, अमरेन्द्र कुमार, हरेराम कुमार, विमल महतो, निरंजन कुमार महेश, रुपेश कुमार पासवान, जितेंद्र कुमार सहित अनेक भक्तजन शामिल थे.

## डॉ. चौपाल की गिरफ्तारी को लेकर अनिश्चित कालीन धारणा प्रदर्शन, डीएसपी के आश्वासन के बाद धारणा प्रदर्शन खत्म

» **मदरलैण्ड संवाददाता**

अररिया/फारबिसगंज। एक ओर जहां सोमवार को पूरे सूबे सहित फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र में दीपावली पर्व हर्षोउल्लास. आतिशबाजी के साथ मानने जाने वाली थी। वही दूसरी ओर अनुमंडल रेफरल अस्पताल फारबिसगंज के समीप समाजसेवी रहमत अली ने डॉ जी०एन०चौपाल एवं उसके भाई डॉ बी०एन०चौपाल की गिरफ्तारी एवं मृतक मुर्शिद के परिजनों पर डॉ द्वारा किये गये झूठा मुकदमा को खारिज करने हेतुक अनिश्चित कालीन धारणा प्रदर्शन शरू कर दिया है। उन्होंने मुर्शिद के कातिलों को फाँसी.डॉ चौपाल की गिरफ्तारी. डॉक्टरों द्वारा मृतक मुर्शिद के परिजनों पर किये गये झूठे मुकदमे को खारिज की मांग की और आरोपी डॉ चौपाल की गिरफ्तारी नही होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतवानी दी। इसी क्रम कुड़वा लक्ष्मीपुर निवासी गौतम नामक युवक रहमत अली से माइक लेकर बिलख बिलख कर अपनी पीड़ा का बायां करने लगा और डॉ चौपाल पर आरोप लगते कहा कि डॉ चौपाल ने मेरी भाभी लक्ष्मी देवी का ऑपरेशन बीना गंदगी को सफाई किये ही कर दिया और टंका लगा। जिसके बाद मुझे दूसरे जगह अपनी भाभी का इलाज करवाना पड़ा जहाँ पर उसकी जान बच पायी अभी मेरी भाभी का स्वास्थ्य बेहतर हैं। समाचार प्रेषित होने तक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डीएसपी शुभांक मिश्रा प्रदर्शन स्थल पर पहुँच कर मृतक मुर्शीद के परिजनों एवं समजसिवियो प्रीतिनिधिगण को निष्पक्ष जाँच और न्याय दिलवाने का भरोसा दिलाया। तद्पश्चात मृतक मुर्शीद के परिजन व समाजसेवीयो ने अनिश्चित कालीन धारणा प्रदर्शन को खत्म किया। मौके पर समाजसेवी रहमत अली. सीमाँचल डेवलोपमेन्ट अध्यक्ष शाहजहां साद .किसान पार्टी के अध्यक्ष जय लाल प्रसाद सिंह कुशवाहा . सरपंच तौहीद आलम.मुन्नतुल्लाह .सामाजिक कार्यकतार्सादिक शेख .युवा नेता सैफ अली खान .सैयद .अकबर.शाहनवाज आलम.नितेश कुमार चौधरी. पवन मेहता. समाजसेवी शाहीन परवीन. समिदा खातून शाहीन परवीन .राम प्रवेश शर्मा .कमरुल .जमील,फारूक नेता. कादिर सेराज सैफुल्लाह आदि सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## मत्स्य पालन योजना की प्रगति एवं उपलब्धि को लेकर बैठक

» **मदरलैण्ड संवाददाता**

अररिया। मंगलवार को उप विकास आयुक्त, अररिया, श्री मनोज कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न समेकित मत्स्य पालन योजना की प्रगति एवं उपलब्धि को लेकर संबंधित विभागीय पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय स्थित आत्मन सभा कक्ष में समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। इस दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में मनरेगा योजना से तालाब का निर्माण, लघु सिंचाई विभाग, कोसी बेसिन, कृषि विभाग, तालाब का हस्तांतरण, तालाबों की भूमि का अतिक्रमण, मछली बिक्री शेड का निर्माण, बायोफ्लॉक पद्धति से मत्स्य उत्पादन, मछली दाना उद्योग की स्थापना, मखाना प्रोसेसिंग उद्योग, केसीसी, मत्स्य पालकों का प्रशिक्षण आदि की समीक्षा के क्रम में संबंधित पदाधिकारी द्वारा विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। उप विकास आयुक्त महोदय द्वारा समीक्षा के क्रम में मछली बिक्री शेड का निर्माण कार्य से संबंधित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिये। निर्देशित किया गया कि अतीक्रमित तालाबों को संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर अतिक्रमण मुक्त कराना सुनिश्चित करें। उप विकास आयुक्त महोदय द्वारा बायो फ्लॉक पद्धति से मछली उत्पादन पर अधिक बल देते हुए मत्स्य विकास पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में सभी जिला मत्स्य विकास पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी थे।

## छौड़ाही में धूमधाम से मनाया गया दीपों का त्योहार दिपावली

- यूको बैंक छौड़ाही के निकट पटाखे की चिंगारी से एक पान दुकान में लगी आग
- आग की चपेट में आकर दुकानदार झुलसा

» **मदरलैण्ड संवाददाता**

बेगूसराय। छौड़ाही प्रखंड क्षेत्र में प्रकाश पर्व व दीपों का त्योहार दिपावली सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चें ने अपने-अपने घरों व दरवाजे पर रंग बिरंगे रंगों से रंगोली बनाई तथा पटाखों फोड़कर जमकर आतिशबाजी की। इधर बुजुर्गों ने वर्षों से चली आ रही हुक्का-पाती जलाने की परंपरा को निभाते हुए लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर दीपावली मनाई। दीपोत्सव के त्योहार पर प्रखंड क्षेत्र के सभी गांव में दीप की रोशनी से जगमगा उठा। दीपावली के पर्व के मद्देनजर छौड़ाही बाजार के एक दुकान में आग लगने की सूचना है। जानकारी के अनुसार यूको बैंक छौड़ाही से सटे प्रिंस पान पैलेस में पटाखें की चिंगारी से भड़की आग से दुकान में रखें सामाग्रियों को जलाकर राख कर दिया। जिसकी चपेट में आकर स्थानीय पान दुकानदार नंदलाल साह झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने घायल अवस्था में उन्हें इलाज के लिए पीएचसी में भर्ती कराया। दुकान स्वामी के अनुसार आगलगी की घटना दोपहर बाद घटित हुई और पटाखे की चिंगारी कब दुकान में उड़कर आ गई पता नहीं चल सका। जहां देखते ही दुकान में रखें 50 हजार रुपए मूल्य से अधिक की सामाग्री जलकर राख हो गई। घटना के बाद पीड़ित दुकानदार ने मंगलवार को थाना तथा अंचल प्रशासन को आवेदन समर्पित कर मुआवजे का अनुरोध किया है।

## दीपावली हर्षोल्लासपूर्ण माहौल में हुआ संपन्न पूजनोत्सव की रही धूम

» **मदरलैण्ड संवाददाता**

कटिहार। कटिहार जिले के आजमनगर प्रखंड क्षेत्र में प्रकाश का पर्व दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र स्थित काली मंदिरों में प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। सोमवार को पूरे क्षेत्र के लोगों ने घरों की साफ-सफाई कर संध्या समय दीपक, मोमबत्ती आदि जलाकर लक्ष्मी एवं गणेश की पूजा-अर्चना की। प्रखंड एवं ग्रामीण क्षेत्र में लोगो ने परंपरागत तरीके से दिये के साथ बिजली के रंग-बिरंगे बल्बों से घरों को आर्कषण ढंग से सजाये थे और घरों को सजाने में केले का वृक्ष का भी खूब इस्तेमाल किया गया। इस अवसर पर खासकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया बच्चों ने जमकर आतिशबाजी की। क्षेत्र के आजमनगर, शीतलपुर, खरसौता, केलावाडी, गोरखपुर, सालमारी, अरिहाना, आलमपुर, मर्वतपुर, निमोल, जलकी आदि जगहों पर स्थित काली मंदिरों में प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। वही प्रकाश का पर्व दीपावली शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर आजमनगर थाना अध्यक्ष राजीव कुमार झा सालमारी ओपी अध्यक्ष नवनीत अमन प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार मिश्रा अंचलाधिकारी संजय कुमार द्वारा दल बल के साथ क्षेत्र भ्रमण करते देखे गए

## गिट्टी लदी अनियंत्रित ट्रक दुकान में घुसी, चाय नाश्ता की दुकान समेत पुलिया क्षतिग्रस्त

» **मदरलैण्ड संवाददाता**

बेगूसराय। सोमवार की अहले सुबह बेगूसराय- रोसड़ा मुख्य पथ एस एच 55 किनारे दौलतपुर मोक्करी चौक के समीप एक गिट्टी लदी अनियंत्रित ट्रक पुलिया को तोड़ते हुए चाय नाश्ता की दुकान में घूस गया. और ट्रक गढ्ढे में पलटते पलटते रह गया. और ट्रक चालक व खलासी बाल बाल बच गये. हलांकि इस घटना में दौलतपुर निवासी स्वर्गीय मंगल पासवान की पत्नी उर्मिला देवी के चाय नाश्ता की दुकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. घटना के संदर्भ में स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रक चालक के आंख लग जाने के कारण यह घटना घटी है. वहीं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गयी तथा दुर्घटनाग्रस्त ट्रक बीआर09जीए 6363 को अपने कब्जे में ले लिया.

# बिजली के शॉर्ट सर्किट से मोटरसाइकिल गैरेज में लगी भीषण आग

» **मदरलैण्ड संवाददाता**

- एक लाख 30 हजार रुपये नगदी, दो बाइक समेत लगभग बारह लाख की संपत्ति जलने का लगाया जा रहा अनुमान
- घटना खोदावन्दपुर थाना क्षेत्र के बरियारपुर पश्चिमी दुर्गा स्थान के समीप की

बेगूसराय। दीपावली की रात बेगूसराय-रोसड़ा मुख्य पथ एस एच 55 किनारे बरियारपुर पश्चिमी दुर्गा मंदिर के समीप स्थित विश्वकर्मा मोटर साइकिल गैरेज एण्ड सर्विसिंग सेंटर में बिजली के शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गयी. इस घटना में एक लाख 30 हजार रुपये नगद, दो बाइक, छह सर्विसिंग मशीन, तीन मोटर, हवा मशीन व टंकी, स्टेबलाइजर, इनवर्टर, जनरेटर, पाट्र्स समेत लगभग 12 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर राख हो गया. सोमवार की रात्रि लगभग साढ़े 10 बजे गैरेज में लगी भीषण आग से चारों ओर अफरातफरी मच गयी. स्थानीय लोगों एवं अग्निशमन के सहयोग काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया. पीड़ित गैरेज संचालक बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के वार्ड 09 स्थित गोगल टोल निवासी स्वर्गीय नरसिंह महतो के पुत्र इंदल कुमार ने बताया कि प्रत्येक दिन की भांति वह दुकान बंद कर अपने घर खाना खाने के लिए चला गया. ज्योहीं खाना खाने के लिए बैठा तो उसके दुकान के पड़ोसी के द्वारा फोन आया कि आपके दुकान में आग लग गयी है. उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही दुकान पर पहुंचा तो देखा कि मेरा दुकान धू- धू कर जल रही है. और दर्जनों लोगों की भीड़ जुटी है. पीड़ित दुकानदार ने बताया कि घटनास्थल पर मौजूद लोगों के द्वारा बताया गया कि आपके दुकान में लगी बिजली के मीटर से निकली चिंगारी से गैरेज में आग लगी है. जब तक लोगों ने आग बूझाने का प्रयास किया, तब तक नगदी समेत गैरेज का सारा सामग्री जलकर स्वाहा हो गया. इस घटना से दुकानदार के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है. घटना की सूचना मिलते ही पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक व राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं समेत आमजनों ने घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया और इस दुख की घड़ी में पीड़ित दुकानदार को हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया. पीड़ित दुकानदार इंदल कुमार ने घटना की लिखित शिकायत खोदावन्दपुर पुलिस से की है. स्थानीय पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की गहन जांच पड़ताल करने में जुट गयी है.

समस्त सम्मानित प्रखंड वासियों को
धनतेरस, दीपावली एवं
छठ पूजा
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश पासवान
प्रखंड प्रमुख सह राजद जिला अध्यक्ष
फारबिसगंज(अररिया)

समस्त सोनापुर के सम्मानित पंचायत वासियों को
धनतेरस, दीपावली एवं छठ पूजा
की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय कु. साह
(भाजपा पंचायत अध्यक्ष)
ग्राम पंचायत राज सोनापुर(नरपतगंज)
जिला-अररिया

## संक्षिप्त समाचार

### मनिहारी रेल गेट के समीप लगी देर-रात आग अफरा-तफरी का रहा माहौल

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। दीपावली की देर रात मनिहारी रेलवेगेट के समीप कुमार मेडिकल के संचालक डा० रवि प्रभाकर गुप्ता के आवासीय परिसर मे भीषण आग लग गयी। इस अगलगी मे लाखों रुपये की क्षति का अनुमान है। घटना के संबंध मे डॉ० रवि प्रभाकर गुप्ता ने जानकारी दी कि देर रात पड़ोस के ही कुछ युवकों ने घर के ऊपरी तल्ले पर आग लगने की जानकारी दी।आननफानन मे सीढ़ी से ऊपर जाने का प्रयास किया तो आग की तेज लपटें ऊठ रहीं।मोटर चलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली।बड़ी संख्या मे ग्रमीणों व ससमय दमकल पहुंचने से आग पर काबू पाया जा सका।बताया कि इस आग लगी की घटना मे घर के ऊपरी तल के दो कमरे व उसमें रखे सामना जरुरी दस्तावेज जल गये।दिवारें चटक गयीं है। गौर तलब है कि इसी आवासीय परिसर मे कोआपरेटिव बैंक की शाखा दूसरे माले पर संचालित है। आशंका जताई जा रही है आतिशबाजी के दौरान छोड़े गये (पिटरे) पाड़ासूट के कहीं से आकर ऊपरी तल मे ऊतरने से आग फैल गयी होगी।वहरहाल आग लगने का कारण अबतक ज्ञात नहीं है।

### चचरी पुल हीं एकमात्र आवाजाही का साधन



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। आजादी के76वर्ष के बाद भी प्रखंड के दर्जनों गांव के लोगों को आवागमन के लिए बांस के चचरी पुल के सहारे करना होता है।डंडखोरा प्रखंड के पहाड़पुर,डीह,जबड़ा,मोहनी,बालूगंज, पिपरा, टीकेली सहित दर्जनों गांव के लोगों को प्रखंड सह अंचल कार्यालय, समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, थाना, रेलवे स्टेशन, पशु अस्पताल, किसान भवन, जूट प्रशिक्षण केंद्र,बाल विकास परियोजना कार्यालय,मनरेगा कार्यालय, जीविका कार्यालय सहित प्रखंड में पड़ने वाले सभी सरकारी एवं निजी कार्यालय मानेन नदी को पार कर जाना होता है।पुल के अभाव में ग्रामीण आपसी सहयोग के द्वारा बांस के चचरी पुल बनाकर आवागमन करते हैं। बाढ़ एवं बरसात के समय लगभग 4 महीने तक इसी बांस के चचरी पुल के सहारे दर्जनों गांव के लोग आवाजाही करते हैं। राजेंद्र मंडल,सिकंदर मंडल, गोविंद मंडल, मनोज कुमार मंडल नित्यानंद शाह, दिलीप कुमार मंडल सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि प्रखंड कार्यालय सहित अन्य कार्यालय जाने के लिए सीधा रास्ता है। अगर इस नदी पर पुल बन जाती है तो वर्ष भर आवागमन सुगम हो जाएगी। बाढ़ के समय गांव के लोगों को 8 से 10 किलोमीटर अतिरिक्त घूम कर जाना होता है। महेशपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजू मिस्त्री ने बताया कि लगभग 1 वर्ष पूर्व स्थानीय सांसद को भी इस समस्या से अवगत कराया था लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है।ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन से पुल निर्माण की मांग की है।

### दीपावली पर अपने घर रंगोली बनाती छात्रा काली पूजा के लिए सजा मंदिर

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार जिले के हसनगंज प्रखंड क्षेत्र मे दीपों का त्यौहार दीपावली व काली पूजा हर्षोल्लाष के साथ मनाया गया। इस मौके पर लोगो ने काफी आकर्षक ढंगों से अपने घरों को दीप व रंग बिरंगे लाइटों से सजाया। दीपावली के दिन भगवान गणेश,कुबेर व धन की अधिष्ठात्री देवी महालक्ष्मी के पूजन के साथ–साथ देर रात्रि को माता काली का निशा पूजन किया। इस अवसर पर मंदिरों को भी भव्य तरीके से सजाया गया था। वहीं गृहणी व लड़कियों ने आंगन मे अबीर,गुलाल व पेंटिंग से आकर्षक रंगोली बनाई। मान्यता है कि भगवान राम के लंका विजय के बाद जब माता सीता के साथ 14 वर्ष बाद जब वनवास काटकर अयोध्या लौटे तब अयोध्या वासियों ने भगवान राम और सीता के स्वागत मे पूरे अयोध्या में साफ सफाई करके हर घर के आंगन में और अयोध्या के मुख्य द्वार पर रंगोली बनाई थी। और सभी जगहों पर दीप जलाया था। तब से मान्यताओं के अनुसार लोग प्रत्येक वर्ष दीपावली के दिन आंगन व मुख्य द्वार पर रंगोली बनाते आ रहे हैं।

### लोक आस्था का महापर्व छठ में श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर रेल प्रशासन भी बना सहयोगी

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। लोक आस्था का महापर्व छठ मे रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की गंगास्नान को लेकर अप्रत्याशित भीड़ के देखते हुए प्रायः हर वर्ष छठ पूजा स्पेशल ट्रेन चलायी जाती है।इस वर्ष भी रेल प्रशासन ने छठ के मौके पर दरियादिली दिखाते हुए एक जोड़ी ट्रेन मनिहारी –कटिहार के बीच चलायीं जा रहीं हैं। स्टेशन मास्टर मनिहारी राजीव कुमार ने बताया कि छठ पूजा स्पेशल ट्रेन सुबह 9.35 बजे कटिहार से मनिहारी के लिए खुलेगी।जबकि मनिहारी से दोपहर 1.20 बजे मनिहारी से कटिहार के लिए छठ पूजा विशेष ट्रेन रवाना होगी। छठ पूजा विशेष ट्रेन चलाने के लिए समाज सेवी अंगद ठाकुर, हारुण रसीद, धवलेन्द्र ओझा, आशिष सिंहा, डॉ० ओम प्रकाश पांडे, डॉ० मिथिलेश झा, डॉ० भोला प्रसाद गुप्ता ने रेल प्रशासन प्रति आभार व्यक्त किया है।

## धूम-धाम से आतिश बाजी के बीच मनायी गयी दीपावली धनतेरस पर बर्तन-आभूषण दुकानदारों ने जमकर की बिक्री

**» मदरलैण्ड संवाददाता**

कटिहार। कटिहार जिले के विभिन्न हिस्सों में प्रकाश पर्व दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में स्थित सार्वजनिक काली मंदिरों में भी भव्य पंडाल का निर्माण कर पूजा कमेटियों द्वारा काली पूजा मनाया गया।जहां मेले सा नजारा रहा है।वहीं दीपावली की रात प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर पौराणिक मान्यता की तर्ज पर तास की पत्तियों के सहारे अपनी अपनी किश्मत को आजमाते भी लोग देखे गए।वहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से जिले के विभिन्न थानों की पुलिस पूरी तर मुस्तैद दिखी वहीं आजमनगर थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी राजीव कुमार झा,सालमारी ओपी क्षेत्र में प्रभारी नवनीत कुमार अपने अपने सशस्त्र बलों संग क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर मुस्तैद नजर आए हलांकि थाना व ओपी प्रभारियों ने सख्त निर्देश दीपावली से पूर्व ही शांति समिति की बैठक में दे दिए थे। कि किसी भी कीमत पर असामाजिक तत्वों की हुड़दंगबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी के मद्देनजर थाना क्षेत्र में कहीं भी किसी तरह के अप्रिय घटना की खबर नहीं आई है।दीपावली पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो जाने के बाद थाना ओपी पुलिस के अलावे बारसोई अनुमंडल प्रशासन ने भी राहत की सांस ली और अब छठ पर्व की तैयारी में जुट गई है।वहीं बारसोई अनुमंडल क्षेत्र के लोगों ने शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार संपन्न कराए जाने को लेकर जनप्रतिनिधियों सहित आम लोगों ने अनुमंडल प्रशासन को तहे दिल से बधाई दी उधर अनुमंडल प्रशासन की तरफ से कहा गया कि त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराये जाने में अनुमंडल क्षेत्र के लोगों से मिले अपेक्षित सहयोग का परिणाम है।बताते चलें दीपावली से पूर्व धनतेरस के दिन जिले भर में जमकर खरीदारी हुई।खास कर आभूषण और बर्तन कारोबारी के यहां लोगों की भीड़ ज्यादा जुटी रही।जहां पीले धातुओं की खरीदारी पर लोगों का ज्यादा रुझान देखने को मिला।वही सालमारी जैसे प्रमुख बाजारों में भी आभूषण दुकान से लेकर बर्तन दुकानदारों ने जमकर बिक्री की है।चर्चा है।कई आभूषण दुकानदारों ने कच्चे कागजात के सहारे पीले धातुओं की जमकर बिक्री की है।आजमनगर प्रखंड क्षेत्र में प्रकाश पर्व दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।क्षेत्र के आजमनगर, शीतलपुर, खरसौता, केलावाडी, गोरखपुर, सालमारी, अरिहाना, आलमपुर, मर्वतपुर, निमोल, जलकी आदि जगहों पर स्थित काली मंदिरों में प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। वही प्रकाश का पर्व दीपावली शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर आजमनगर थाना अध्यक्ष राजीव कुमार झा सालमारी ओपी अध्यक्ष नवनीत अमन प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार मिश्रा अंचलाधिकारी संजय कुमार द्वारा दल बल के साथ क्षेत्र भ्रमण करते देखे गए।

## विधान पार्षद अशोक अग्रवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

**» मदरलैण्ड संवाददाता**

कटिहार। पूर्व उपमुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद ने कटिहार नगर निगम क्षेत्र के सभी प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया। घाट से संबंधित छठ पूजा समिति के द्वारा की जा रही तैयारियों का जायजा लियाह्नउन्होंने सभी छठ घाटों पर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं खतरनाक घाटों को चिन्हित करने तथा अन्य सुविधाएं छठ व्रतियों को उपलब्ध कराने को कहा। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने बीएमपी घाट, कोसी घाट, कुम्हैनिया घाट, नहर घाट बैगना, महाभारत क्लब एवं महेश्वरी अकादमी परिसर अवस्थित तालाब का निरीक्षण किया।निरीक्षण क्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री प्रसाद के संग विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो, महामंत्री वीरेंद्र यादव, उपाध्यक्ष बब्बन झा, प्रकाश रंजन, बबलू गुप्ता, भोला महतो, सौरभ मालाकार, ओम प्रकाश यादव,पप्पू गुप्ता, प्रभात मिश्रा, रतन सिन्हा, रिंकू यादव, के साथ ही कटिहार नगर निगम के आयुक्त, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं संबंधित अन्य अधिकारी शामिल थेह्नवहीं नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल के द्वारा किया गया।अधिकारियों को साफ सफाई एवं छठ घाटों पर समुचित व्यवस्था किये जाने का निर्देश दिया। छठ व्रतियों को कोई असुविधा नही हो इसके लिए मैंने पदाधिकारियो को सावधानी बरतने का भी निर्देश दिया और साथ ही छठ घाटों के आस पास गन्दगी,नहर की साफ सफाई, बिजली और तैराकों की भी व्यवस्था रहे।छठ महापर्व के आयोजन को सफलता पूर्वक संपन्न कराने हेतु आम जनों से सहयोग की भी अपील की।इस मौके पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, कटिहार अनुमंडल पदाधिकारी, नगर आयुक्त, विद्युत अभियंता सहित अन्य विभागीय पदाधिकारीगण एवं पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद थे।

## स्वच्छता ग्राही कर्मियों ने एक परिवार को सहयोग राशि देते हुए सरकार से लगाई न्याय की गुहार

**» मदरलैण्ड संवाददाता**

कटिहार। कटिहार जिले के आजमनगर प्रखंड क्षेत्र के स्वच्छता ग्राहीयों में एक आजमनगर निवासी अरुण कुमार रजक भी शामिल थे अपने जिवन के कई वर्षों तक कार्यालय में सेवा दिए एक दिन ऑन ड्यूटी पर ही पैरालाइसिस हो गए थे। जिसके बाद वर्षो तक अपने जिवन के अंतिम दिनों को गिनते रहे। बीते दिनों अपने पत्नी बिना देवी एवं दो पुत्रों को छोड़ कर दुनिया को अलविदा कह गए लेकिन स्वच्छता ग्राही के कर्मियों ने उनके परिवार का सहारा बनकर परिवार को चलाने का प्रण लिया साथ ही स्वच्छता ग्राही के कर्मियों ने कहा कि विभाग के द्वारा उक्त परिवार को किसी भी तरह का कोई सहायता या मुआवजा तक नहीं दिया गया ऐसे में स्वच्छता ग्राही के परिवार का भरण पोषण कैसे होगा इस पर सरकार को भी ध्यान देना चाहिए अपने जीवन के अमूल्य समय को स्वच्छता ग्राहीयों ने विभाग को दिया है बदले में उन्हें कुछ भी नहीं मिल रहा ऐसे में सरकार की तरफ से सरासर सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। पति के चले जाने के बाद पत्नी बिना देवी व धिरज कुमार एवं आदित्य कुमार का भरण पोषण कैसे होगा इसके लिए मृतक अरुण कुमार के साथ कार्य कर रहे स्वच्छता ग्राही के कर्मियों में जिला स्वच्छता ग्राही संघ के उपाध्यक्ष रिजवान अहमद,रोहित कुमार केसरी, मोहसनुर, कन्हैया मालदार, गणेश कुमार मंडल, प्रीतम राजपूत, रफीक आलम एवं मिनहाज आदि सहित स्वच्छता ग्राही के कई कर्मियों ने अपने मद से सहयोग राशि देते हो गए पीड़ित परिवार के लिए सरकार की तरफ से उचित व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

## मनसाही में बिहार के शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर यादव का हुआ भव्य स्वागत

**» मदरलैण्ड संवाददाता**

कटिहार। कटिहार जिले के मनसाही में मधेपुरा सदर विधायक सह बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री अपने कटिहार दौरे के क्रम में मनसाही प्रखंड के मरंगी पंचायत के मरंगी गांव अपने साढू राज कुमार सिंह के निवास पर पहुचे। इस मौके पर ग्रामीणों ने अपनी- अपनी समस्याओं को मंत्री के पास रखा। वहीं ग्रामीण राजीव नंदन ने जमीन से संबंधित समस्या के बारे में मंत्री को बताया एवं मंत्री ने उनकी बातों को विभाग के अधिकारी से बात कर जल्द से जल्द निपटारा करने की बात कही। वहीं कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के भावी उम्मीदवार प्लस टू शिक्षक जिला स्कूल कटिहार के राज कमल ने शिक्षा मंत्री को शिक्षकों की समस्या का एक ज्ञापन सोते हुए कहा कि उच्च विद्यालयों में नियमित पे स्केल वाले शिक्षकों के पद समाप्त कर नियोजित शिक्षकों की बहाली की जा रही हैं। जिनकी सेवाशर्तों में बहुत सारी कमियां,खामियां है। जिसके कारण हम जैसे शिक्षकों के ऊपर मानसिक एवं आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। जिसका प्रभाव कहीं ना कहीं शिक्षा पर पड़ रहा हैं। हमारे बिहार में उत्तम शिक्षा प्रोफेशनल महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में नियोजित एवं अतिथि शिक्षक,गेस्ट टीचर रखे जा रहे हैं। आज शिक्षक एवं शिक्षा की ऐसी स्थिति के जिम्मेदार हम सब हैं। इन सभी मुद्दा को विधान परिषद में मैं संवैधानिक नियमो से रखूंगा।मैं संविधानिक तरीकों से अपने विचार को बुलंद करूंगा और हर शिक्षको का सम्मान देने का काम मैं करूंगा। वही मरंगी में कार्यक्रम की समाप्ति उपरांत शिक्षा मंत्री मोहनपुर में अपने साढू परमानंद यादव के निवास पर पहुंचे। वहां पर बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ बिहार के सदस्य ने भी मंत्री को ज्ञापन सौंपा कहा कि एसएसए मद से भुगतान पाने वाले कटिहार जिला शिक्षकों को अंतर राशि का अब तक भुगतान नहीं हुआ हैं, जबकि जिला स्थापना कार्यालय के खाता में सूद सहित लगभग 30 करोड अवशेष हैं, 12 वर्षों की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों को स्नातक ग्रेड में प्रमोशन का पत्र निकला हैं, परंतु कटिहार में अभी तक नहीं निकला हैं। इस अवसर पर प्राणपुर विधानसभा के पूर्व पथ निर्माण राज्य मंत्री महेंद्र नारायण यादव,समाजसेवी सुभाष कुमार यादव,कुंदन यादव,मधुसूदन पासवान,मरांग मुकेश हासदा, सुनील यादव,भोला प्रसाद सिंह,धीरेंद्र यादव,मनोरंजन यादव,अशोक कुमार,नंद किशोर,संदीप कुमार,सत्यम कुमार,गौरव कुमार,निशांत कुमार,गोविंद यादव,मोनू सिंह,विजय यादव,राकेश कुमार,किशोर कुमार,कुंदन कुमार,कुमार शेखर, अमित आनंद,डॉ. विशाल आनंद,संजीव कुमार,मुकुल कुमार,राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

## आजमनगर प्रखंड के दो पंचायतों में स्ट्रीट लाइट के नाम पर लगाई जा रही वेपर लाइट सरकारी राशि का कितना उपयोग ?

**» मदरलैण्ड संवाददाता**

कटिहार। कटिहार जिले के आजमनगर प्रखंड के कई पंचायतों में स्ट्रीट लाइट के नाम पर सरकारी खजाने से राशि खर्च कर निम्न गुणवत्ता वाले वेपर लाइट लगाए जाने की चर्चा इन दिनों आजमनगर प्रखंड क्षेत्र में जोरों पर है।जिन पंचायतों में स्ट्रीट लाइट कह वेपर लाइट लगाई जा रही वहां के लोग जिलाधिकारी कटिहार से जांच की मांग कर रहे हैं।लोगों ने कहा पंचायतों की तंग गलियों को रोशन करने के लिए बिहार सरकार ने ब्रेडा एंड ब्रेडा कंपनी को दिया है।उनके द्वारा जानाकारी के मुताबिक इस दिशा में कंपनी ने प्रक्रिया शुरू कर दी है।उक्त योजना मुख्य मंत्री नीतीश कुमार के ड्रीम प्रॉजेक्ट में शामिल है।तो पंचायतों में लाइटें कैसे लगाई जा रही और पंचायत सचिव किस मद से खर्च कर रहे हैं।इसकी समीक्षा प्रखंड स्तर के अधिकारी क्यों नहीं कर रहे हैं?कई जनप्रतिनिधियों ने कहा जिस पंचायतों में लाइटें लगाई जा रही वो नियम के विरुद्ध लगाया जाना बता रहे हैं।कुछ ऐसे हीं तर्क अधिकारियों का भी है।पंचायत सचिव के अलावे उक्त पंचायत के मुखिया भी इस पूरे कार्य में बराबर के साझीदार होंगे?वहीं प्रखंड स्तर के दो अधिकारियों ने कहा आलाधिकारियों द्वारा मामले में निष्पक्ष जांच के

उपरांत ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि स्ट्रीट लाइट के नाम पर जो वेपर लाइटें लगाई जा रही कितना उपयोगी और राशि का कितना उपयोग हुआ है।जिस पंचायत में लाइटें लगाई जा रही वहां के मुखियाओं की अपनी दलील है।कि कोई गलत नहीं किये हैं।नियम और आदेश है।तभी लगाए हैं।सूत्रों से जानकारी के मुताबिक संबंधित पंचायत सचिव द्वारा उक्त मद में निकाली गई राशि को लेकर किसी तरह की प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गयी।

**कहते हैं बीडीओः–**

इस पूरे प्रकरण पर बीडीओ आजमनगर सुनील कुमार मिश्रा ने कहा अब तक दो पंचायतों में लाइटें लगाने की सूचना प्राप्त हुई है।संबंधित पंचायत सचिव को तलब किया जाएगा।क्या लाइट लगाया जाना सही है। पूछे जाने पर जवाब मिला जिला से मार्गदर्शन मांगा जाएगा।लाइटें लगानी है।ऐसी सूचना या आदेश अब तक प्राप्त नहीं है।

**कहते हैं बीपीआरओ**

प्रखंड पंचायती राज्य पदाधिकारी अजय चंद्रा ने स्ट्रीट लाइट पर सिर्फ मेंटेनेंस मध्य पर खर्च का प्रावधान है।नया नहीं लगाना है।सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए ब्रेडा कंपनी का चयन हुआ है।फिलहाल पंचायत के मद से लाइटें नहीं लगानी है।अगर कोई खर्च किया है।तो उस पर वरीय अधिकारियों का जो निर्देश होगा उस अनुरूप कार्रवाई की जाएगी।

- डीएम साहब समीक्षा कीजिये लाइट लगाना कहाँ तक उचित है
- किस मद से पंचायतों में लगाई जा रही लाइटें
- सरकारी राशि का कितना हो रहा उपयोग अधिकारी करे जांच
- कहीं ठेंगे पर तो नहीं रख रहे हैं नियमों को पंचायत सचिव
- लाइट लगाने के नाम पर क्या गाइडलाइन का हो रहा पालन
- बीडीओ बीपीआरओ की है अलग अलग दलील

## उत्तरवाहिनी गंगा में श्रद्धालुओं के स्नान को ले प्रशासन है तत्पर:-मनोज कुमार डीएसपी मनिहारी

**» मदरलैण्ड संवाददाता**

कटिहार।जिलाधिकारी से प्राप्त दिशानिर्देश के आलोक मे स्थानीय प्रशासन मनिहारी द्वारा मनिहारी गंगाघाट पर छठ व्रतियों को गंगा स्नान मे आनेवाली परेशानियों को दूर किये जाने का हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षित गंगा स्नान सहित आवागमन के लिए संकुचित मार्ग से अतिक्रमण हटाकर दुरुस्त किये जाने को लेकर कार्य किये जा रहे हैं।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार श्रद्धालुओं को उत्तर वाहिनी गंगा मे स्नान को लेकर संकल्पित है।लगातार उक्त स्थल का निरीक्षण कर सड़क किनारे दुकानों के कारण संकुचित मार्ग के चौड़ीकरण,मार्गों के सुदृढ़ीकरण व सुरक्षा के मानकों के मद्देनजर तैयारियों पर अपनी पैनी नजर बनाये हुए हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार उत्तर वाहिनी गंगा मे स्नान को मोक्षदायिनी माना गया है। डीएसपी श्री कुमार श्रद्धालुओं की इस अभिलाषा व सुरक्षा के लिहाज से सुरक्षित घाट मनिहारी मे स्नान की व्यवस्था मे प्राणपण से जुट गये हैं।मंगलवार को श्री कुमार ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर जानकारी दी की असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए गंगा घाट पर जगह जगह सी सी टी वी कैमरे लगाये गये हैं।भीड़ नियंत्रण के लिए फिलहाल वाहनों को रेलवे कालोनी मैदान मे वाहनो के रूकने की व्यवस्था की गयी है।जगह जगह भीड़ नियंत्रण के लिए महिला पुलिस बल के साथ भारी संख्या मे पुलिस बल की व्यवस्था की गयी है।लोगों को गहड़े पानी मे नहीं जाने सहित खतरे की चेतावनी के लिए बैरिकेडिंग व नाव से आगाह किया जा रहा है। निरीक्षण के क्रम मे मनिहारी बीडीओ रणधीर कुमार साथ थे।

## प्रकाश पर्व दीपावली धूमधाम से मनाया गया काली पूजा

**» मदरलैण्ड संवाददाता**

कटिहार। कटिहार जिले के मनसाही प्रखंड में प्रकाश का पर्व दीपावली धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर सोमवार की शाम को महिलाओं के द्वारा अपने घरों में पूजा पाठ किया गया साथ ही घर के पुरुष सदस्य के द्वारा पूजा घर से हुका- हुकी कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें लक्ष्मी घर दलिदर बाहर कहते हुए अपने घर से बाहर मुख्य सड़क पर जाकर कार्यक्रम का समापन किया। दीपावली को लेकर सभी लोग अपने घरों को रंग रोगन किए थे एवं रंग बिरंगे झालर भी लगाए गए थे,साथ ही घर के दहलीज पर मिट्टी के दीए भी जलाए थे। छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा बम पटाखे फोड़ कर आतिशबाजी भी कर रहे थे। वहीं देर रात्रि प्रखंड के काली मंदिर मोहनपुर, केवाला, जयनगर, बिसनपुर,मरंगी में काली की प्रतिमा का स्थापना कर चौकदान करते हुए काली पूजा शुरू हुआ। वहीं केवाला,जयनगर,मरंगी में तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

## मवेशी बासा में लगी भीषण आग11मवेशी का जला घर आग में एक मवेशी की जलने से हुई मौत

**» मदरलैण्ड संवाददाता**

कटिहार। कटिहार जिले के कुरसेला नगर पंचायत के कबीर मठ के समीप गाइड बांध पर बने मवेशी के बासा में सोमवार की रात आग लग गई। इस भीषण आग में 5 किसान का 11 बासा जलकर राख हो गया। इस अगलगी में एक गाय की भी जलकर मौत हो गई तथा एक बछड़ा झुलस गया। साथ ही बासा में रखें पशुओं का सुखा चारा भी जल कर राख हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के इन्दिरा ग्राम के दर्जनों किसान का बासा गाईड बांध पर है। किसान दीपावली की रात बासा पर दीप, डीबिया जलाकर घर चले आए थे। वहीं तेज हवा के कारण जलते दिया से बासा पर आग लग गई। आग की लपटें देखकर बासा के समीप बाघमारा गांव के लोगों ने इन्दिरा ग्राम के किसान को जानकारी दिया। इन्दिरा ग्राम के किसान नाव से गाइड बांध पहुंच कर आग पर काबू पाने में जूट गए। धंटो मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक 5 किसानों का 11 बासा जलकर राख हो गया। वहीं बासा पर बंधे एक गाय की जलकर मौत हो गई तथा एक बछड़ा भी झुलस गया। इस अगलगी की घटना में विनोद मंडल, पंकज मंडल, चंदेश्वरी महतो, सुरेश मंडल, तेतर मंडल का बासा जलकर राख हो गया।इस भीषण आग की घटना में लगभग तीन लाख से अधिक की पशुओं कि चारा जलने की अनुमानित राशि बताई जा रही है।समाज सेवी जगन्नाथ मंडल ने बताया कि अगलगी की घटना में बासा पर रखें पशुचारा, भूसा तथा पुआल जलकर राख हो गया। किसान पंकज मंडल का एक गाय की जलने से मौत हो गई तथा एक बछड़ा झुलस गया।वहीं पीड़ित किसानों ने शासन तथा प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### आपसी विवाद में मारपीट, पांच महिला समेत आधा दर्जन लोग घायल, एक छपरा रेफर

मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पांच महिलाएं समेत आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। शीतलपुर गांव में आपसी विवाद में तीन महिलाएं घायल हो गई हैं। घायलों में लक्ष्मी देवी, संध्या देवी और निर्मला देवी शामिल है। वही परौना गांव में घरेलू विवाद में बिंदु कुमारी को मारपीट कर घायल कर दिया गया है। जबकि पचभिंडा गांव निवासी रविकांत सिंह को आपसी विवाद में मारपीट कर घायल कर दिया गया है। इधर नारायणपुर गांव में जमीनी विवाद में एक महिला घायल हो गई है। घायल महिला नारायणपुर गांव निवासी सुरेश राय की पत्नी सरस्वती देवी है। घायल महिला ने अपने भैंसुर पर जमीन हड़पने की नीयत से मारपीट कर घायल कर देने का आरोप लगाई है। वहीं सभी घायलों का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल तरैया में किया गया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद परौना गांव की बिंदु कुमारी को चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। इस संबंध में पीड़ित पक्षों द्वारा स्थानीय थाने में अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई गई है। इधर पुलिस प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की छानबीन में जुट गई है।

### देशी कट्टा सहित एक खोखा के साथ कुसेर्ला पुलिस ने एक युवक को किया गिरफ्तार

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार जिले की कुरसेला पुलिस ने कुरसेला बस स्टैंड से एक युवक को देसी कट्टा सहित एक खोखा के साथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को कुरसेला पुलिस ने कुरसेला बस स्टैंड के समीप गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक को देसी कट्टा सहित एक खोखा के साथ गिरफ्तार कर थाना लाया है। उस युवक से पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार युवक खंतर मंडल, घर अभिया प्रखंड गोपालपुर जिला भागलपुर का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस गिरफ्तार युवक से सघन पूछताछ कर रही है।

### सालमारी पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव किया बरामद

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। सालमारी ओपी पुलिस द्वारा एक अज्ञात युवक के शव को रेलवे ट्रैक किनारे से बरामद किया गया है। बरामद करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया पोस्टमार्टम के बाद शव को सुरक्षित रखा गया है। निर्धारित समय तक उसकी पहचान करने की कोशिश में सालमारी पुलिस जुटी हुई है। उक्त आशय की जानकारी सालमारी ओपी अध्यक्ष नवनीत कुमार नमन ने देते हुए कहा एक अज्ञात युवक ट्रेन से कट गया है। अगर कोई पहचानते हैं। तो सालमारी ओपी से संपर्क करें तस्वीरें और नंबर सार्वजनिक की गई है।

### कटिहार के कोढ़ा मनिहारी में आग का तांडव लाखों की क्षति का अनुमान

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। बिहार के कटिहार में दीपावली की रात मातन की रात में बदल गई है पटाखे की चिंगारी से घर के पीछे रखी शानठी के ढेर में आग लगी और यह आग पांच परिवारों के वर्षो से जोड़ कर खड़ी की गई आशियाने को जलाकर राख कर दिया। इस आग ने घर मे रखी सामान रुपया अनाज सब को जला कर राख कर दिया वही एक दर्जन मवेशी जलकर राख हो पूरा मामला कटिहार के कोड़ा प्रखंड के मधुरा गांव का है जहाँ कोठा विधायक कविता पासवान मोके पर पहुंच पीड़ित से मिलकर आश्वासन दिया है। वही कटिहार मे आग लगने की दुसरी घटना मनिहारी रेलवगेट के समीप देर रात की है जहाँ तीन मंजिले मकान के ऊपरी मंजिल मे आग लग गई कड़ी मसक्कत के बाद ग्रमीणों एवं दो अग्निशामक विभाग की गाड़ियों से आग पर काबू पाया गया आग लगने का कारनो का अबतक पता नहीं चला है। घटना के संबंध मे डॉ० रवि प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि देर रात पड़ोस के ही कुछ युवकों ने घर के ऊपरी तल्ले पर आग लगने की जानकारी दी आनन-फानन मे सीढ़ी से ऊपर जाने का प्रयास किया तो आग की तेज लपटें ऊठ रहीं मोटर चलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली बड़ी संख्या मे ग्रमीणों और दमकल पहुंचने से आग पर काबू पाया जा सका बताया कि इस आग लगी की घटना मे घर के ऊपरी तल के दो कमरे व उसमें रखे सामना जरुरी दस्तावेज जल गये साथ दिवारें चटक गयीं है गौर तलब है कि इसी आवासीय परिसर मे को आपरेटिव बैंक की शाखा दूसरे माले पर संचालित है आशंका जताई जा रही है आतिशबाजी के दौरान छोड़े गये पाड़ासूट के कहीं से आकर ऊपरी तल मे ऊतरने से आग फैल गयी होगी वहरहाल आग लगने का कारण अबतक ज्ञात नहीं है।

### मामूली विवाद को लेकर मारपीट एक जख्मी, दुगार्गंज अस्पताल में चल रहा है इलाज

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। थाना क्षेत्र के सागरथ पंचायत अंतर्गत मामूली विवाद को लेकर एक महिला के साथ पांच छह लोगों द्वारा बुरी तरह मारपीट करने की घटना को लेकर थाना में लिखित आवेदन दिया गया है दिए गए आवेदन में जख्मी महिला अरुणा देवी ने बताई है कि वे अपने रसोई घर में खाना बना रही थी उनका पुत्र उज्जवल कुमार रसोई घर का टाट सही कर रहा था इसी बीच उनके पड़ोस के अमित यादव, रणजीत यादव सुरेंद्र यादव, सुमित यादव, सुजीत यादव, अभिषेक कुमार आदि ने मिलकर बुरी तरह मारपीट कर उन्हें जख्मी कर दिया। मारपीट के दौरान बचाने गई पुत्री सुरभि कुमारी के भी साथ मारपीट की गई है। ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें बचाया गया है। महिला का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुगार्गंज में इलाज चल रहा है। स्थानीय समाजसेवी मृत्युंजय वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि लोगों में महिलाओं के प्रति जहां श्रद्धा होनी चाहिए वही कुछ लोगों को अब भी कानून का भय नहीं है। थाना अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया आवेदन प्राप्त हुआ है छानबीन कर कार्रवाई की जाएगी।

### फलका रंगाकोल दंगल प्रतियोगिता का पुर्णिया सांसद ने किया उद्घाटन

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार। मौके पर पूर्व जिला पार्षद अंजना देवी, मुखिया निभा देवी, सरपंच ननकी देवी, जदयू जिला उपाध्यक्ष नंदशरण चौधरी, प्रखंड अध्यक्ष विवेका पटेल, शमशेर आलम, धमदाहा के पूर्व प्रमुख राजू यादव, समिति सदस्य मनोज मंडल, पिंटू यादव, समाजसेवी रविन्द्र सिन्हा, परमानंद शर्मा, संजय पटेल एवं अंचल अधिकारी दिवाकर कुमार, थानाध्यक्ष उमेश पासवान मुख्य रूप से मौजूद थे। पल-पल बिहार#

## नवंबर माह तक शत-प्रतिशत उपयोगिता प्रमाण पत्र विभाग को करें समर्पित : जिलाधिकारी

- कार्य में लापरवाही, शिथिलता एवं कोताही पर होगी सख्त कार्रवाई
- एसी के विरूद्ध लंबित डीसी विपत्रों का समायोजन तथा पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि का चयन अविलंब कराने का निर्देश

» **मदरलैण्ड संवाददाता**

बेतिया। जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा आज कार्यालय प्रकोष्ठ में लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं एसी के विरूद्ध लंबित डीसी विपत्रों के समायोजन तथा पंचायत सरकार भवन निर्माण के लिए भूमि के चयन हेतु की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्य सचिव, बिहार द्वारा जारी निदेश के आलोक में नवंबर माह तक शत-प्रतिशत उपयोगिता प्रमाण पत्र विभाग को समर्पित किया जाना है। साथ ही एसी के विरूद्ध लंबित डीसी विपत्रों का समयोजन भी किया जाना है। यह कार्य अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। इस कार्य में तनिक भी लापरवाही, शिथिलता एवं कोताही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारी तत्परतापूर्वक अभिरूचि लेते हुए नवंबर माह तक शत-प्रतिशत उपयोगिता प्रमाण पत्र विभाग को समर्पित करेंगे तथा एसी के विरूद्ध लंबित डीसी विपत्रों का समयोजन भी करना सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने अपर समाहर्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी को उक्त कार्यों का नियमित रूप से अनुश्रवण करेंगे तथा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु ठोस कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस हेतु सीए, ऑडिटर एवं फिल्ड ऑफिसर के साथ नियमित रूप से बैठक कर निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करें। प्रतिदिन कार्य प्रगति से संबंधित प्रतिवेदन कार्यकारी विभाग को उपलब्ध करायी जाय।

पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु भूमि चयन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायतों में संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन तथा पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उदेश्य से पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया जा रहा है। जिन पंचायतों में अबतक भूमि का चयन नहीं किया गया है, वहां अविलंब भूमि का चयन का प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाय ताकि पंचायत सरकार भवन का निर्माण जल्द से जल्द कराया जा सके।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार, अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, मनीष कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आंगन से आकाश तक फैला उजियारा, खुशी से एक दूसरे को मिठाई खिलाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं

» **मदरलैण्ड संवाददाता**

बेतिया। भितहा प्रखंड क्षेत्रों में दीयों का त्योहार दिवाली में सोमवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। दीयों की कतारों और बिजली की रंग-बिरंगी रोशनी की छटा हर तरफ बिखरी हुई दिखी। दीयों की रोशनी और रंग बिरंगी झालरों की झिलमिलाहट के साथ आतिशबाजी का युवाओं ने आनंद लिया। आंगन से लेकर आकाश तक अंधियारे को दूर करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर सुख-समृद्धि की कामना की। दिवाली को लेकर कई दिनों से लोग तैयारियों में जुटे हुए थे। वहीं बाजार में लोगों ने जमकर खरीदारी की। गाँव देहात के पटाखा मार्केट में पूरे दिन आतिशबाजी के शौकीनों से गुलजार रहा। शाम को रंगोली के बनाए गई। इसके कुछ देर बाद ही पूरा शहर सतरंगी रोशनी से नहा उठा। घरों में तरह-तरह की मिठाइयों के अलावा लक्ष्मी के भोग के लिए खीर और अन्य पकवान बनाए गए। शुभ मुहूर्त शुरू होते ही घरों व प्रतिष्ठानों पर मां लक्ष्मी, भगवान गणेश व कुबेर जी की विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। व्यापारियों ने प्रतिष्ठानों में दीवार पर रोली से श्री गणेशाय नमः स्वास्तिक व शुभ लाभ जैसे मांगलिक मंत्र लिखे और पूजा पाठ कर नए बही खाते बनाए। रामेश्वर वर्मा ने चुनीलाल गोंड अनिल गोंड, दुर्गेश कुमार गुप्ता (पत्रकार भितहा), प्रशांत कुमार वर्मा, को मिठाई खिलाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। रंग बिरंगी रोशन के साथ धुंआधार आतिशबाजी का दौर शुरू हुआ, जो देर रात तक जारी रहा।

## भारत-नेपाल सीमा पर छट पर्व को लेकर एसएसबी और ग्रामीणों के बीच बैठक

» **मदरलैण्ड संवाददाता**

बेतिया। मैनाटांड़ सीमावर्ती क्षेत्र के बसंतपुर भालूवहिया में इंडो-नेपाल बॉर्डर पर एसएसबी और ग्रामीणों के बीच बैठक किया गया। बैठक में 47 वीं बटालियन के सब इंस्पेक्टर राज कुमार ने कहा की बिहार के सबसे बड़ी त्योहार छठ पर्व को लेकर यह बैठक आयोजित की गई है। सब इंस्पेक्टर राज कुमार ने बताया कि सिमावर्ती छठ घाट पर शांतिपूर्वक अपना त्योहार मनाए किसी प्रकार के हंगामा या हुड़दंगई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वही टोलाचपरिया पंचायत के सरपंच अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि इस सिमावर्ती छट घाटों पर मेरी निगरानी रहेगी। किसी प्रकार के हंगामा नहीं होगा। बैठक के बाद ग्रामीण समाज सेवी अनिल कुमार तिवारी, पंच सलीम, विनोद यादव और एसएसबी ने मिलकर पौधारोपण किया। एसएसबी ने बताया कि पर्यावरण से ही हमारी सुरक्षा हो सकती है।

## बिहार के एमएलसी केदारनाथ पांडेय का मेदांता हॉस्पिटल में निधन

### भाकपा के वरीय नेता सुनिल प्रसाद वर्मा उर्फ गंगा वर्मा ने जताया शोक

» **मदरलैण्ड संवाददाता**

बेतिया। बिहार के बड़े शिक्षक नेताओं में शुमार और भाकपा के विधान पार्षद केदारनाथ पांडेय का निधन हो गया है। वे लंबे समय से शिक्षक संघ की राजनीति कर रहे थे। पश्चिम चंपारण जिला के वरीय भाकपा नेता सुनिल प्रसाद वर्मा उर्फ गंगा वर्मा ने उनके निधन पर शोक जताया है।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के विधान पार्षद केदारनाथ पांडेय का सोमवार की सुबह निधन हो गया। वह सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान परिषद के सदस्य थे। उन्होंने नई दिल्ली के मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली वरीय भाकपा नेता सुनिल प्रसाद वर्मा ऊर्फ गंगा वर्मा ने बताया की वे शिक्षकों के लिए हमेशा बुलंद करते रहे आवाज।

केदारनाथ पांडेय लगातार पांच टर्म से विधान पार्षद थे। वह बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष भी थे। शिक्षक संघ में उनकी लंबी पारी रही। स्वर्गीय केदारनाथ पांडेय एक कुशल राजनेता एवं समाजसेवी थे। उन्हें बिहार में शिक्षकों के हित के लिए काम करने वालों में सबसे बड़ी आवाज माना जाता था। लंबे समय से बीमार चल रहे थे विधान पार्षद केदार नाथ पांडेय वहीं पश्चिम चंपारण जिला के वरीय भाकपा नेता ओम प्रकाश क्रांति ने कहा कि उनके निधन से शैक्षणिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में बड़ा नुकसान हुआ है। उनके निधन पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के युवा भाकपा नेता तारिक अनवर ने भी शोक जताया है। उन्होंने कहा कि एमएलसी लंबे समय से बीमार चल रहे थे।

शिक्षकों के समाज में पहचान दिलाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कई आंदोलनों से शिक्षकों को उनकी मांगों को सरकार से मंगवाए थे। चाहे वेतन वृद्धि का मामला हो या अन्य सुविधाएं। उनका जीवन हमेशा शिक्षकों के प्रति एवं शिक्षा जगत के लिए समर्पित रहा। स्वर्गीय पांडे का जीवन हमेशा शिक्षकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

## बिहार में कैसे चलेगा महागठबंधन

पटना, एजेंसी। बिहार में नीतीश कुमार भले ही बीजेपी का साथ छोड़कर महागठबंधन में आ गए और सरकार भी बना ली। मगर सत्ता परिवर्तन के बाद से कुछ न कुछ विवाद होते ही जा रहे हैं। महागठबंधन में आरजेडी भले ही विधायकों और मंत्रियों की संख्या के लिहाज से सबसे बड़ी पार्टी हो, लेकिन सत्ता के पावर की चाबी अब भी नीतीश कुमार के हाथ में ही है। तेजस्वी यादव भले ही डिप्टी सीएम बन पर उनकी पार्टी के मंत्रियों के मनमुताबिक काम नहीं हो पा रहे हैं। खबर आई है कि ब्यूरोक्रेट्स को लेकर अब महागठबंधन में टेंशन पैदा हो गई है। आरजेडी के सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि पार्टी के कुछ मंत्री नीतीश कुमार से नाराज हैं। उन्हें न तो अपने मनमुताबिक सचिव मिले और न ही विभागों में अधिकारी उनकी इच्छा से बन पाए। पिछले दिनों कृषि मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले आरजेडी के सुधाकर सिंह ने भी आरोप लगाए कि नीतीश सरकार में मंत्री सिर्फ रबर स्टांप हैं। उन्हें अपने विभाग से ही जरूरी जानकारियां नहीं मिल पाई थी। बिहार में नीतीश कुमार भले ही बीजेपी का साथ छोड़कर महागठबंधन में आ गए और सरकार भी बना ली। मगर सत्ता परिवर्तन के बाद से कुछ न कुछ विवाद होते ही जा रहे हैं। महागठबंधन में आरजेडी भले ही विधायकों और मंत्रियों की संख्या के लिहाज से सबसे बड़ी पार्टी हो, लेकिन सत्ता के पावर की चाबी अब भी नीतीश कुमार के हाथ में ही है। तेजस्वी यादव भले ही डिप्टी सीएम बन पर उनकी पार्टी के मंत्रियों के मनमुताबिक काम नहीं हो पा रहे हैं। खबर आई है कि ब्यूरोक्रेट्स को लेकर अब महागठबंधन में टेंशन पैदा हो गई है। आरजेडी के सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि पार्टी के कुछ मंत्री नीतीश कुमार से नाराज हैं। उन्हें न तो अपने मनमुताबिक सचिव मिले और न ही विभागों में अधिकारी उनकी इच्छा से बन पाए। पिछले दिनों कृषि मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले आरजेडी के सुधाकर सिंह ने भी आरोप लगाए कि नीतीश सरकार में मंत्री सिर्फ रबर स्टांप हैं। उन्हें अपने विभाग से ही जरूरी जानकारियां नहीं मिल पाई थी। सुधाकर सिंह ने सीएम नीतीश कुमार के खिलाफ खुलकर बयानबाजी की और फिर उन्हें कैबिनेट से इस्तीफा देना पड़ा। बताया जा रहा है कि महागठबंधन सरकार में शामिल आरजेडी के अन्य मंत्रियों का भी ये ही हाल है। मगर पार्टी की गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए वे चुप बैठे हुए हैं। बता दें कि पिछले दिनों आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने आरजेडी नेताओं को नीतीश कुमार या जेडीयू के खिलाफ कोई बयानबाजी नहीं करने की सख्त दे रखी है। अभी आरजेडी बिहार में भले ही सबसे बड़ी पार्टी है मगर सत्ता में जेडीयू का दबदबा है। बिहार में सरकार और मंत्री बदल गए हैं, लेकिन अधिकतर विभागों की कार्यशैली एनडीए शासन काल वाली ही है। रिपोर्ट में एक वरिष्ठ आरजेडी नेता ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि आरजेडी तेजस्वी यादव को आगे बढ़ाना चाहती है। मगर जेडीयू ऐसा नहीं होने दे रही है। इस कारण पार्टी कोई बड़ा कार्यक्रम भी आयोजित नहीं कर पा रही है। हाल ही में जननायक जयप्रकाश की जयंती पर भी सारा माहौल नीतीश कुमार ने लूट लिया।

## सूर्य ग्रहण की समाप्ति के बाद मनिहारी गंगा तट पर लगी आस्था की डुबकी

» **मदरलैण्ड संवाददाता**

कटिहार। सूर्य ग्रहण की समाप्ति के बाद मनिहारी गंगा तट पर लगी आस्था की डुबकी ग्रहण के बाद धार्मिक मान्यताओं के अनुसार दान धाम पवित्र नदियों में स्नान करने की बात कही गयी है। जिसके कारण कटिहार के मनिहारी स्थित गंगा घाट पर भारी हजारों की संख्या में लोग गंगा स्नान करने पहुँचे। इस दौरान श्रद्धालुओं के साथ साथ लोगों की काफी भीड़ उमड़ पड़ी है। सूर्य ग्रहण 4 बज कर 42 मिनट से शुरू होकर शाम 5 बजकर 08 मिनट में खत्म हुआ उसके बाद श्रद्धालुओं की भीड़ धीरे धीरे मनिहारी गंगा घाट पर उमड़ पड़ा। कटिहार के मनीहारी प्रशासन भी छठ व्रत के साथ साथ ग्रहण के बाद श्रद्धालु मनिहारी गंगा घाट पर पहुंच कर मोक्षदायिनी गंगा में स्नान करेगे इसको लेकर मनिहारी गंगा घाट पर विशेष तैयारी कर रखी है। साफ-सफाई के साथ बिजली और गोताखोर की भी व्यवस्था की गयी है। जिससे कोई अप्रिय घटना ना घटित हो इसका पूरा खयाल रखा जा रहा है।

## दीपावली के मौके पर भाई ने ही अपनी बहन को गोली मारकर कर दी हत्या !

### मामला प्रेम प्रसंग का

भागलपुर, एजेंसी। जिला के सजौर थाना क्षेत्र स्थिति दासपुर पंचायत के चंद्रमा गांव में दो भाइयों और चाचा ने मिलकर 22 वर्षीय शिवानी सोलंकी की गोली मारकर हत्या कर दी !

हत्या का कारण बताया जा रहा है कि मृतिका कुछ दिन पहले ही अपने प्रेमी के साथ भाग कर देवघर में शादी कर ली थी और वह घर से अलग रह रही थी। दिवाली के मौके पर मां के द्वारा युवती को घर बुलाया गया था। जिसके बाद शिवानी सोलंकी के चाचा अभय सिंह चचेरे भाई रोशन सिंह और अपने भाई साहिल सिंह के द्वारा युवती की गोली मारकर हत्या कर दी !

परिवार के लोग अंतरजातीय विवाह से नाखुश थें, जिसे लेकर लगातार लड़की और उसके पति की खोजबीन कर रहे थें। दिवाली के मौके पर मां के द्वारा बेटी को बुलाया गया और जब पूरा गांव दिवाली मना रहा था उसी रात परिजनों के द्वारा युवती की गोली मारकर हत्या कर दी गई !

मामले को लेकर के भागलपुर के सिटी एसपी का कहना है कि परिजन कुछ भी बयान देने को तैयार नहीं है। उन्होंने बताया कि, पुलिस अपने बयान पर केस दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि हत्याकांड मामले में चाचा अभय सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मृतका के दोनों भाइयों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। हत्याकांड के बाद परिजन और गांव वाले कुछ भी बोलने से इंकार कर रहे हैं। हत्या के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

## निजी अस्पताल में मरीज के हाथ पैर बांध कर इलाज करने पर हुई महिला की मौत, डॉक्टर से भिड़ परिजन, 2 घायल

मोतिहारी, एजेंसी। यहां एक निजी अस्पताल में मरीज के हाथ पैर बांध कर इलाज करने पर इलाज के दौरान महिला मरीज की मौत हो गई। युवती की मौत के बाद भाग रहे डॉक्टर और कर्मियों ने मरीज के परिजनों पर हमला कर दिया। इसमें मरीज के 2 परिजनों को गंभीर चोटें आयी हैं जिनका सदर अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेजा है।

दरअसल पीपराकोठी थाना के जीवधारा किशुनपुर गांव की रहने वाली और पेट दर्द से परेशान 18 वर्षीय सोनी कुमारी को मोतिहारी नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पेट दर्द अपेंडिक्स के कारण हो रहा था, नतीजतन उसका ऑपरेशन करना पड़ा। अस्पताल में तय राशि के अनुसार परिजनों ने 21 हजार रुपये जमा करा दिए, फिर स्थिति के खराब होने पर 6 हजार रुपये और वसूले गए। फिर भी स्थिति में सुधार नहीं हो सका। मरीज युवती के हाथ पैर बांधकर और मुंह पर टेप साटकर इलाज किया जा रहा था।

इस दौरान युवती की मौत हो गयी। इसकी भनक परिजनों को लगी तो अस्पताल कर्मी शव देने के बदले एक कमरे में शव को बंद कर फरार होने लगे। परिजनों के पूछताछ पर कर्मियों ने परिजनों के साथ मारपीट की। मारपीट में मृतक के चाचा के गंभीर चोटें आयी हैं, जबकि मामा को कर्मियों ने चाकू से काटकर घायल कर दिया। पुलिस के पहुंचने पर परिजनों ने अस्पताल के कमरे में बंद शव को निकाल है। मृतक की मां गीता देवी ने बताया कि अपेंडिक्स का ऑपरेशन 19 अक्टूबर को किया गया था। 23 अक्टूबर की शाम को मिलने के लिये कहने पर कर्मियों ने परिजनों के साथ मारपीट की। पीड़ित पिता रमेश प्रसाद ने बताया कि वो नेपाल में भुंजा बेचकर परिवार चलाते हैं। बेटी की तबियत खराब होने पर घर इलाज के लिये भेजा था।

मोतिहारी नगर थाना पुलिस ने सूचना के बाद अगरवा मुहल्ला मोड़ के पास ओम साईं अस्पताल से युवती सोनी कुमारी का शव बरामद किया है। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल ले जाया गया है। नगर थाना के एएसआई धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि शव को बरामद कर लाया गया है। परिजनों की लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

# 1.3 अरब डॉलर की मालकिन सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति, तीन कंपनियां संभालती हैं

## कभी लगा था ब्रिटेन में टैक्स चोरी करने का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। असल में कुछ समय पहले तक देश में ऋषि सुनक की पहचान भी भारत के दिग्गज उद्योगपति नारायण मूर्ति की बेटी अक्षता के पति के तौर पर होती थी, लेकिन अब हालात बदले और वे ब्रिटेन के शीर्ष पद पर पहुंच चुके हैं। हालांकि, अक्षता के पास भी दौलत का अकूत खजाना है। वे तीन-तीन कंपनियां खुद संभालती हैं। अक्षता पर कुछ समय पहले ब्रिटेन में टैक्स बचाने के लिए अपने नॉन डोमिसाइल स्टेटस के इस्तेमाल का आरोप लगा था। ब्रिटिश टैक्स अथॉरिटीज का कहना था कि अक्षता ने विदेशों में कमाए पैसों पर करोड़ों का टैक्स बचाया है। भारत में जन्मीं और भारतीय नागरिकता प्राप्त 42 वर्षीय अक्षता ने अप्रैल, 2022 में कहा था कि उन्होंने दुनियाभर में कहीं से भी हुई कमाई पर ब्रिटेन को टैक्स देना शुरू कर दिया है।

अक्षता ने लिंक्डिन पर बनाए अपने अकाउंट के प्रोफाइल पर खुद को तीन कंपनियों का डाइरेक्टर बताया है। इसमें कैपिटल और प्राइवेट इक्विटी फर्म कैटामारान वेंचर्स, जिम शृंखला डाइम फिटनेस और फैशन स्टोर न्यू एंड लिंगवुड जैसी बड़ी कंपनियां शामिल हैं। अक्षता मूर्ति के पास अभी 1.3 अरब डॉलर (करीब 10.6 हजार करोड़ रुपये) की संपत्ति है, जिसमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी उनके पिता नारायण मूर्ति की ओर से स्थापित की गई दिग्गज आईटी कंपनी इंफोसिस के शेयरों की है। साल 2001 में मूर्ति को पहली बार इंफोसिस में स्टेक दिया गया था। इसके बाद से कंपनी के शेयरों में 2,000 फीसदी का इजाफा हो चुका है। उनके प्रोफाइल के मुताबिक, मूर्ति वर्तमान में तीन कंपनियों की निदेशक होने के साथ क्लेयरमॉन्ट मकेना कॉलेज की ट्रस्टी भी हैं। इसके अलावा अक्षता स्टेनफोड यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस में भी शामिल है।

अक्षता मूर्ति को साल 2022 में इंफोसिस कंपनी की ओर से 126.61 करोड़ रुपये का लाभांश मिला है। मूर्ति के पास अभी इंफोसिस के 3.89 करोड़ (0.93 फीसदी) शेयर हैं। यह हिस्सेदारी करीब 5,956 करोड़ रुपये है। इंफोसिस ने बीते वित्तवर्ष के लिए 16 रुपये प्रति शेयर डिविडेंड दिए थे, जबकि इस बार 16.5 रुपये के लाभांश की घोषणा की है। इंफोसिस देश की सबसे ज्यादा डिविडेंड देने वाली कंपनी है। दोनों बार का डिविडेंड मिलाकर 32.5 रुपये प्रति शेयर हो गया है, जो अक्षता मूर्ति के पास रखे शेयरों के लिए करीब 126.61 करोड़ रुपये होगी।

# ऑनलाइन ग्राहकों को वेबसाइट्स पर दिखने वाली पेड रेटिंग्स से मिलेगी राहत

## सरकार ने तैयार की योजना

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑनलाइन खरीदारी करने वाले ग्राहकों को राहत देने के लिए सरकार ने तैयारी कर ली है। योजना से उन्हें जल्द ही वेबसाइट्स पर दिखने वाली पेड रेटिंग्स से राहत मिल सकती है। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआईएस) ने रिवॉर्ड्स देकर ली गई रेटिंग्स को इंडिपेंडेंट रेटिंग से अलग करने का प्रस्ताव रखा है। प्रस्ताव के अनुसार, बीआईएस का कहना है कि ये वेबसाइट्स किसी प्रोडक्ट की ओवरऑल रेटिंग में उस रिव्यू को शामिल नहीं कर सकेंगी जिन्हें रिवॉर्ड्स देकर प्राप्त किया गया है।

इन समीक्षाओं व रेटिंग्स को अलग जगह दी जाएगी और इन पर खास मार्क भी होगा जिससे कि अंतर साफ पता चल सके। गौरतलब है कि अगर इस प्रस्ताव पर मुहर लगती है तो उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी क्योंकि कोई भी प्रोडक्ट खरीदने से पहले अधिकांश उपभोक्ता रिव्यू पढ़ते हैं। बीआईएस ने हिताधारकों से इस संबंध में 10 नवंबर तक उनकी राय मांगी है।

इस प्रस्ताव में रिवॉर्ड के बारे में विस्तार से बात की गई है। इसके अनुसार, कोई कंपनी एक नए प्रोडक्ट को बढ़ावा देने के लिए कुछ लोगों को एक सीमित समय तक उस उत्पाद को मुफ्त में इस्तेमाल करने देती है और फिर इसके बदले रिव्यू लेती है तो ये रिवॉर्ड है। रिवॉर्ड कैश, कोई उत्पाद या प्राइज हो सकता है। साथ ही रिवॉर्ड देकर रिव्यू देने वालों का चयन बगैर किसी पक्षपात के करना होगा। प्रस्ताव में इसके लिए भी नियम बनाया गया है। बीआईएस ने इसके अलावा एक और प्रणाली तैयार की है जिससे यह पता लगाया जाएगा कि बगैर किसी रिवॉर्ड के प्राप्त किया गया रिव्यू वाकई किसी शख्स द्वारा दिया गया है या नहीं। इसका पता रिव्यूअर्स की रैंडम सैंपलिंग के जरिए लगाया जाएगा। अगर वे फर्जी पाए जाते हैं तो इस पर आगे जांच होगी।

रिव्यूअर्स को ईमेल भेजा जाएगा जिसमें उनसे अपनी पहचान कंफर्म के लिए कहा जाएगा। वेबसाइट की रक्षा करने वाले एक प्रोग्राम के जरिए उनके डिटेल्स पता लगाए जा सकेंगे। एसएमएस, फोन कॉल्स, जियोलोकेशन और आईपी एडरेस, सिंगल यूज ईमेल या कैप्चा सिस्टम के जरिए उनकी पहचान की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### करीब एक घंटे से ज्यादा समय तक बंद रही व्हॉट्सएप सेवाएं हुई बहाल

नई दिल्ली, एजेंसी। व्हॉट्सएप को मंगलवार को ब्रिटेन से लेकर भारत तक सेवाओं में व्यवधान रहा। बड़ी संख्या में उपयोगकर्ता एक घंटे से अधिक समय तक संदेश और वीडियो भेजने और प्राप्त करने में असमर्थ रहे। एक घंटे से अधिक समय तक चले व्यवधान के बाद कुछ उपयोगकताओं के लिए सेवाओं को बहाल किया गया था। कई उपयोगकताओं ने सेवा बहाली की पुष्टि की। भारत और दुनिया के कई हिस्सों में व्हॉट्सएप सेवाएं मंगलवार दोपहर को बाधित हुई। इस दौरान हजारों उपयोगकर्ता मेटा के स्वामित्व वाले मंच पर संदेश भेजने या प्राप्त करने में असमर्थ थे। सेवाएं बाधित होने के बीच व्हॉट्सएप ने कहा था कि वह बहाली के लिए काम कर रही है। मेटा कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, हमें जानकारी है कि कुछ लोगों को संदेश भेजने में समस्या हो रही है और हम जल्द से जल्द सभी के लिए व्हॉट्सएप को बहाल करने पर काम कर रहे हैं।' इस बीच, ट्विटर पर 'हैशटैग व्हॉट्सएप डाउन' ट्रेंड करने लगा और कई उपयोगकताओं ने इस मुद्दे पर मजेदार मीम शेयर किए। सेवा से जुड़े जानकार ने बताया कि दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता सहित प्रमुख शहरों में व्हॉट्सएप उपयोगकर्ता सेवाओं में व्यवधान से प्रभावित थे। करीब 29,000 उपयोगकताओं ने व्यवधान की शिकायत की।

### भारत नई चीजें करने के मामले में मेटा के लिए सबसे महत्वपूर्ण देश

कोलकाता, एजेंसी। भारत फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हॉट्सएप जैसे सोशल मीडिया मंचों पर सभी नई चीजें करने के मामले में मेटा के लिए सबसे महत्वपूर्ण देश है। फेसबुक इंडिया (मेटा) के निदेशक और भागीदार प्रमुख मनीष चोपड़ा ने यह बात कही। चोपड़ा ने कहा कि मेटा ने भारतीय दर्शकों को कई ब्रांड और लाखों रचनाकारों को छोटे वीडियो के द्वारा अपनी रचनात्मकता व्यक्त करने के लिये एक शानदार अवसर उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि भारत हमारे मंचों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण बाजार है। यहां बहुत सारे नए उत्पाद सीखे और एकत्र किए जाते हैं। इसका एक उदाहरण “रील्स” (छोटे वीडियो) है, जिससे पता चलता है कि यह वह बाजार है, जहां हमने नई उत्पाद सुविधाओं का सबसे अधिक परीक्षण किया है। चोपड़ा ने बताया कि भारत सबसे महत्वपूर्ण बाजार है, जहां हमारा ध्यान उन सभी नई चीजों पर है जो हम फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हॉट्सएप पर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन 'क्रिएटर्स' को एक-दूसरे से सहयोग करने और सीखने का मौका देता है। चोपड़ा ने कहा कि दो साल पहले शुरू किये गए रील्स' ने दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों सहित भारत में व्यापक लोकप्रियता हासिल की है।

### शेयर सूचकांक बीएसई ने इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसिप्ट की पेशकश की

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार की सबसे पुराने संस्थान बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने अपने मंच पर इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसिप्ट (ईजीआर) की पेशकश की है, जिससे इस बहुमूल्य धातु की प्रभावी और पारदर्शी कीमत का पता लगाने में मदद मिलेगी। एक्सचेंज ने एक बयान में कहा कि उसने दिवाली पर मुहूर्त कारोबार के दौरान 995 और 999 शुद्धता के दो नए उत्पाद पेश किए। इसके तहत कारोबार एक ग्राम के गुणकों में और आपूर्ति 10 ग्राम तथा 100 ग्राम के गुणकों में होगी। पिछले महीने एक्सचेंज को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने ईजीआर पेश करने की अंतिम मंजूरी दी थी। इसके बाद यह घोषणा हुई।

### जैक्सन ग्रीन राजस्थान में करेंगी 22,400 करोड़ रु. का निवेश, हरित हाइड्रोजन, अमोनिया परियोजना करेगी स्थापित

नई दिल्ली, एजेंसी। राजस्थान सरकार और जैक्सन ग्रीन के बीच एक अहम समझौते पर अनुबंध हस्ताक्षरित हुआ है। एक सहमति पत्र (एमओयू) पर जैक्सन ग्रीन राजस्थान में हरित हाइड्रोजन और हरित अमोनिया परियोजना स्थापित करने के लिए 22,400 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने इस संबंध में एक समझौता किया है, जिसके तहत चरणबद्ध ढंग से यह निवेश किया जाएगा। जैक्सन ग्रीन ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने राजस्थान सरकार के साथ एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। जैक्सन ग्रीन चरणबद्ध तरीके से 3,65,000 टन प्रति वर्ष उत्पादन क्षमता वाला ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया संयंत्र स्थापित करेगी। इसमें एक एकीकृत हाईब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा परिसर भी शामिल है। इस परियोजना से 2023 और 2028 के बीच योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न चरणों में कुल 32,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। एमओयू पर जैक्सन ग्रीन के वैश्विक मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विश अय्यर और राजस्थान सरकार के प्रमुख सचिव ऊर्जा भास्कर एस सावंत ने हस्ताक्षर किए। सावंत ने कहा, 'जैक्सन ग्रीन के साथ यह समझौता राज्य की निवेशक केंद्रित नीतियों को दशार्ता है।'

# श्रीधर शेषाद्री ने जीता टॉप 20 डीप टेक इन्फ्लुएंसर्स अवार्ड

चंडीगढ़ - डीप टेक कंपनी स्पॉटफ्लॉक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ और सह-संस्थापक श्रीधर शेषाद्री को टॉप 20 डीप टैक इन्फ्लुएंसर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया है। श्रीधर बिट्स, पिलानी और यूटी ऑस्टिन के पूर्व छात्र हैं और उन्होंने फेसबुक और ईए स्पोर्ट्स जैसी कंपनियों के लिए काम किया है। उनके अनुभव में मशीन लर्निंग, एनएलपी, सीवी, सोशल, मोबाइल, ब्लॉकचौन और क्लाउड में प्रौद्योगिकी, वेब 3.0 सार्वजनिक नीति, नेतृत्व और उत्पाद शामिल हैं।

स्पॉटफ्लॉक में वर्तमान में तीन व्यावसायिक कार्यक्षेत्र हैं - पहला है कोर एआई, बिजनेस एनालिटिक्स, बिजनेस इंटेलिजेंस और ब्लॉक चेन-आधारित समाधान, दूसरा स्पोर्ट्स वर्टिकल है और तीसरा स्वास्थ्य सेवा है। स्पॉटफ्लॉक भारत में कई राज्य और राष्ट्रीय सरकारी संस्थाओं के साथ-साथ निजी संस्थाओं के साथ सहयोग कर रहा है। कंपनी हरियाणा राज्य के लिए उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना से लेकर एआई क्षमताओं का उपयोग करके लगभग दो करोड़ रिकॉर्ड के प्रसंस्करण तक कई तरह की पहलों पर हरियाणा सरकार के साथ भी जुड़ी हुई है।

# बायोकॉन की मुखिया किरण मजूमदार शॉ के पति का निधन

## बेंगलुरु के निजी अस्पताल में ली अंतिम सांस

नई दिल्ली, एजेंसी। देश बड़ी फार्मा कंपनी में शुमार बायोकॉन की मुखिया (एग्जीक्यूटिव चेयरपर्सन) किरण मजूमदार शॉ के पति जॉन शॉ का निधन हो गया है। उन्होंने सोमवार सुबह बेंगलुरु के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह 73 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। स्कॉटिश मूल के जॉन शॉ को भारत से बहुत प्यार था। वह मधुरा कोट्स लिमिटेड के प्रमुख भी रहे। 1999 में वह बायोकॉन से जुड़े। करीब 22 साल तक वाइस चेयरमैन तथा नॉन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रहने के बाद पिछले साल ही रिटायर हुए थे। जॉन और किरण की शादी 1998 में हुई थी। किरण मजूमदार शॉ की मां का जून में कैंसर से निधन हो गया था।

किरण मजूमदार शॉ ने एक ट्वीट में कहा, “मैं अपने पति, अपने मेंटोर और अपने जीवनसाथी के निधन से दुखी हूं। जॉन हमेशा मेरी यात्रा में आध्यात्मिक मार्गदर्शन देते रहेंगे। उनकी आत्मा को शांति मिले। मेरी जिंदगी को खास बनाने के लिए धन्यवाद। मुझे आपकी बहुत कमी खलेगी।” 1949 में जन्मे जॉन शॉ ने ब्रिटेन की ग्लासगो यूनिवर्सिटी से इतिहास और राजनीतिक अर्थव्यवस्था में एमए (इकनॉमिक्स ऑनर्स) किया था। शॉ बायोकॉन ग्रुप की कई कंपनियों के एडवाइजरी बोर्ड में फॉरेन प्रमोटर और मेंबर भी रहे। साथ ही वह वियला ग्रुप में एमडी भी रहे।

जॉन शॉ ने बायोकॉन को एंजाइम्स बनाने वाली छोटी कंपनी से दुनिया की जानी-मानी कंपनी बनाने में अहम भूमिका निभाई। साथ ही उन्होंने कंपनी में कॉरपोरेट गवर्नेंस के उच्च मानकों को स्थापित किया। कंपनी के फाइनेंशियल और स्ट्रैटजिक डेवलपमेंट में भी उनकी अहम भूमिका रही। उनके निधन पर कई जानीमानी हस्तियों ने दुख जताया है। मनिपाल ग्लोबल एजुकेशन के चेयरमैन मोहनदास पई ने ट्वीट किया कि जॉन एक असाधारण शख्सियत और अच्छे इंसान थे जो हमेशा मदद के लिए तैयार रहते थे और भारत को प्यार करते थे।

# अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा एसबीआई का शेयर, एक माह में 5 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न

नई दिल्ली, एजेंसी। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई के शेयरों ने मंगलवार को अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया। एसबीआई के शेयर सुबह 10 बजे के आसपास 579.60 के स्तर पर पहुंचे, जो इसका अब तक रिकॉर्ड हाई है। खबर लिखे जाने तक बैंक के शेयर 1.30 फीसदी की बढ़त के साथ 578 रुपये के करीब ट्रेड कर रहे हैं। गौरतलब है कि मंगलवार को बाजार में गिरावट के बीच एसबीआई के शेयरों में तेजी बनी हुई है। इसके शेयरों ने पिछले 1 महीने में 5 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दिया है। बाजार जानकारों का मानना है कि कैपिटल एक्सपेंडिचर में बढ़ोतरी की संभावना, कर्ज की बढ़ती मांग और कॉर्पोरेट डिमांड बढ़ने का लाभ बेशक एसबीआई को मिलेगा। पिछले 8 कारोबारी सत्रों में एसबीआई के शेयरों में करीब 11 फीसदी की बढ़त दिख रही है। एक रिपोर्ट में कहा बताया गया कि एसबीआई की संपत्ति क्वालिटी पैरामीटर्स में पिछले 3 साल में लगातार सुधार हुआ है। साथ ही कोरोना के तनाव के बावजूद बैंक की ओर स्लिपेज (वास्तविक मूल्य और अनुमानित मूल्य के बीच का अंतर) कम हुआ। बैंक द्वारा आतंरिक तौर पर कैपिटल जेनरेशन, पर्याप्त पूंजीकरण स्तर और असेट क्वालिटी में किसी भी तरह के झटके से बचने के लिए प्लान से बैंक को समर्थन मिला है। रेटिंग एजेंसी फिच का मानना है कि बैंक का रिटेल बिजनेस इसकी वृद्धि की अगुआई करेगा।

एसबीआई के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की अगले माह 5 तारीख को बैठक होनी हैं, इसमें सितंबर तिमाही के वित्तीय नतीजे जारी करने को अनुमति मिलेगी। वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही में वार्षिक आधार पर बैंक की लोन वृद्धि 17-18 फीसदी की हो सकती है। अगर यह अनुमान सही होता है, तब ये 5 साल में सबसे अधिक वृद्धि होगी। इसके अलावा डिपॉजिट में अनुमानतः 10 फीसदी की बढ़त देखने को मिल सकती है। ब्रोकरेज को 8000-9000 करोड़ रुपये के स्लिपेज और 6600 करोड़ रुपये के कुल एनपीए का अनुमान है। बैंक को तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 9270 करोड़ रुपये का मुनाफा हो सकता है।

# लिंक्डइन पर भी बड़ी संख्या में फेक अकाउंट

## 3 लाख ऐपल कर्मचारियों के अकाउंट रिमूव किए

नई दिल्ली, एजेंसी। हर साल लिंक्डइन पर भी बड़ी संख्या में फेक अकाउंट मिल हैं। ताजा जानकारी के मुताबिक लिंक्डइन ने 3 लाख से अधिक फेक प्रोफाइल को हटा दिया है। इन प्रोफाइल पर यूजर्स ने खुद ऐपल का इंप्लायर के रूप में लिस्टेड किया था। बता दें कि लिंक्डइन 6 लाख लोगों ने खुद को ऐपल के इंप्लायर के रूप में लिस्टेड किया हुआ है।

लिंक्डइन ने 24 घंटे की अवधि में फेक अकाउंट पर एक्शन लेते हुए एप्पल को अपने नियोक्ता के रूप में सूचीबद्ध करने वाले प्रोफाइल की संख्या आधी कर दी है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि एक ही दिन में 3,00,000 से अधिक लोगों ने एप्पल कंपनी छोड़ दिया है। दरअसल, डिलीट किए गए अकाउंट्स, ऐपल के कर्मचारी होने का दिखावा कर रहे थे, जबकि वे कंपनी के कर्मचारी नहीं थे। इन अकाउंट्स में ऐसे प्रोफाइल डिस्क्रिप्शन और तस्वीरों का उपयोग किया गया था, जो एडिटेड या फर्जी थे। गौरतलब है कि लिंक्डइन पर डेवलपर के रूप में काम करने वाले जॉय पीन्हो ने सबसे पहले लींक्डइन पर एप्पल और एमेजान के कर्मचारियों की बढ़ती संख्या के बारे में रिपोर्ट दी थी।

पीन्हो न केवल कंपनी में काम करते हैं बल्कि बड़े संगठनों में डेली कर्मचारियों की संख्या की मॉनिटरिंग भी करतें हैं। उन्होंने एक साइबर सुरक्षा ब्लॉग क्रेब्स ऑन सिक्योरिटी को बताया कि उनका स्कार्पर दिखाता है कि अमेजन के कर्मचारी होने का दावा करने वाले लिंक्डइन प्रोफाइल की संख्या केवल एक दिन में लगभग 1.25 मिलियन से गिरकर 8,38,601 हो गई। इसमें लगभग 33 प्रतिशत की गिरावट आई है। पिन्हो के अनुसार इसी तरह एप्पल में काम करने का दावा करने वाले लिंक्डइन प्रोफाइल की कुल संख्या में लगभग 50 प्रतिशत की गिरावट आई है। लिंक्डइन ने बिजनेस इनसाइडर को बताया कि क्रिप्टो एक्सचेंज कंपनी बिनेंस के सीईओ द्वारा ट्विटर पर खुलासा किए जाने के बाद फर्जी अकाउंट को हटाया गया है। इस कारण हेडकाउंट में गिरावट आई है।

उल्लेखनीय है कि लिंक्डइन पर “बिनेंस कर्मचारियों” के 7000 प्रोफाइल हैं, जिनमें से केवल 50 फीसदी ही रियल हैं। बता दें कि वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए अक्सर लिंक्डइन पर फर्जी प्रोफाइल बनाए जाते हैं। फेक अकाउंट्स की बात करते हुए लिंक्डइन के प्रवक्ता ग्रेग स्नैपर ने कहा कि वह अपने प्लेटफॉर्म पर फेक अकाउंट को रोकने के लिए नियमित रूप से कार्रवाई करते हैं। उन्होंने यूजर्स को स्कैमर्स के बारे में सचेत किया और अपने फॉलोवर्स को “सावधान” रहने की चेतावनी दी।

# ईएसआईसी योजना से अगस्त में 14.62 लाख नए अंशधारक जुड़े

नई दिल्ली, एजेंसी। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की सामाजिक सुरक्षा योजना से अगस्त, 2022 में लगभग 14.62 लाख नए अंशधारक जुड़े। भारत में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईएसआईसी की योजना से वित्त वर्ष 2021-22 में कुल 1.49 करोड़ अंशधारक जुड़े। यह आंकड़ा 2020-21 में 1.15 करोड़, 2019-20 में 1.51 करोड़ और 2018-19 में 1.49 करोड़ था।

ईएसआईसी की योजनाओं में सितंबर, 2017 से मार्च, 2018 तक लगभग 83.35 लाख नए अंशधारक शामिल हुए थे। रिपोर्ट में कहा गया कि सितंबर, 2017 से अगस्त, 2022 तक ईएसआईसी की योजना से कुल 7.22 करोड़ अंशधारक जुड़े। एनएसओ की रिपोर्ट, ईएसआईसी, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और पेंशन कोष नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल होने वाले नये सदस्यों के आंकड़ों पर आधारित हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त, 2022 में ईपीएफओ की सामाजिक सुरक्षा योजना से जुड़ने वाले अंशधारकों की संख्या 16.94 लाख थी। इसके मुताबिक, सितंबर, 2017 से अगस्त, 2022 तक लगभग 5.81 करोड़ (सकल) नए अंशधारक कर्मचारी भविष्य निधि योजना में शामिल हुए।

# टेक स्टार्ट अप मैटर अगले माह लांच करेंगी ईवी व्हीकल

नई दिल्ली, एजेंसी। टेक स्टार्ट अप मैटर कंपनी आगामी 21 नवंबर को अपना पहला इलेक्ट्रिक व्हीकल लॉन्च करेंगे। नई इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल का मुख्य आकर्षण यह है कि इसमें भारत का पहला लिक्विड-कूल्ड बैटरी पैक होगा। कंपनी का कहना है कि यह एक “स्पोर्ट्स इलेक्ट्रिक बाइक” होगी। कंपनी का कहना है कि सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए बैटरी पैक को कड़े परीक्षण से गुजरना पड़ा है। यह पहली बार है जब भारत में कोई निमार्ता लिक्विड-कूल्ड बैटरी पैक का उपयोग करेगा।

अपकमिंग इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल के शुरूआती बैच को कंपनी के अहमदाबाद में नए चांगोदर प्लांट में असेंबल किया जाएगा। 2,00,000 वर्ग फुट में फैला यह मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में हर साल 60,000 यूनिट इलेक्ट्रिक व्हीकल का उत्पादन किया जा सकता है। साथ ही इसकी उत्पादन क्षमता को 2,00,000 यूनिट्स तक बढ़ाया जा सकता है। आने वाले सालों में कंपनी यरेक्ट और इनडायरेक्ट रूप से करीब 1000 लोगों को रोजगार देगी। 21 नवंबर को नई बाइक ग्रुप फाउंडर ऑफ मैटर मोहल लालभाई द्वारा लॉन्च की जाएगी। उन्होंने कहा, “हमारा मानना है कि हमने राइडर्स के एन्जॉय के लिए कुछ यूनिक बनाया है। साथ ही यह खुशी इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि इसे पूरी तरह से स्वदेशी रूप से बिकसित की जा रहा है।

इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की दुनिया में एक कैटेगरी के रूप में मोटरसाइकिलें पूरी तरह से अछूती हैं और अभी तक फल-फूल नहीं पाई हैं। हमें अपने काम पर गर्व है और अब इसे उपभोक्ताओं को दिखाने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता।” मैटर के ग्रुप को-फाउंडर और सीओओ अरुण प्रताप सिंह ने कहा, “ईवी अभी भी शुरूआती चरण में है और यह जरूरी है कि हम एक ऐसी जगह निवेश करें जो संभावित उपभोक्ताओं और बड़े ईवी समुदाय के बीच ब्रांड आत्मीयता और विश्वास का निर्माण करे।

# अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के साथ मनायें 'हैप्पीनेस अपग्रेड डेज'

चंडीगढ़ : अमेजन इंडिया का महीने भर चलने वाले फेस्टिव सेलिब्रेशन, अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल जारी है। इस जश्न के बीच, अमेजन .इन ने आज “हैप्पीनेस अपग्रेड डेज” पावर्ड बाय इंटेल ईवीओ की घोषणा की है। “हैप्पीनेस अपग्रेड डेज” 4 अक्टूबर, 2022 से शुरू होकर 8 अक्टूबर तक चलेगा। यहां ग्राहकों को सभी कैटेगरी के उत्पादों पर एक्स्ट्रा सेविंग करने का मौका मिलेगा। द ग्रेट इंडियन फेस्टिवल - “हैप्पीनेस अपग्रेड डेज” स्मार्टफोन, लॉर्ज अप्लायंसेस और लैपटॉप, टीवी, होम एवं किचन प्रोडक्ट, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन एंड ब्यूटी, रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुआ के विशाल कलेक्शन पर सेलर्स और ब्रांडों की ओर से पेश की गई खास डील्स और ऑफर को पेश किया गया है। यहां ग्राहकों को इंटेल ई वीओ, आइकू, माइक्रोसॉफ्ट, मैमीपोको, फेरेरो, शाओमी, पीएंडजी, कोलगेट और गोदरेज सहित अन्य उत्पादों की के विशाल कलेक्शन पर खास ऑफर प्राप्त होंगे। अमेजन पे के साथ त्योहारों की खरीदारी को बनाएं और अधिक फायदेमंदः ऐजीआईएफ के दौरान खरीदारी करने वाले ग्राहक ईएमआई ट्रांजेक्शन के साथ सिटीबैंक, आरबीएल, वनकार्ड और रुपे क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 10% तत्काल छूट के साथ और भी अधिक बचत कर सकते हैं। ग्राहक प्रमुख क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, बजाज फिनसर्व और अमेजन पे लेटर पर उपलब्ध नो-कॉस्ट ईएमआई का भी लाभ उठा सकते हैं। ग्राहक डिजिटल गोल्ड की खरीद पर 1000 रुपये तक और गिफ्ट कार्ड की खरीद पर 10% तक कैशबैक जैसे खास ऑफर्स का भी मजा उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, उत्सव की खरीदारी को आसान और अधिक फायदेमंद बनानेकेलिए, अमेजनपे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के लिए अप्लाय करने वाले ग्राहक वैलकम ऑफर* के रूप में 2,500 रुपये तक के रिवॉर्ड का फायदा उठा सकते हैं, और अमेजन पे लेटर का उपयोग (पहली बार) करने वाले ग्राहकों 600 रुपये का रिवॉर्ड और 60,000 रुपये तक का इंस्टेंट क्रेडिट (पात्रता के आधार पर) प्राप्त होगा। ग्राहक डिजिटल गोल्ड की खरीद पर 1000 रुपये तक और गिफ्ट कार्ड की खरीद पर 10% तक कैशबैक जैसे अतिरिक्त फेस्टिव ऑफर्स का भी मजा उठा सकते हैं। टॉप ब्रांडों के अलावा, “हैप्पीनेस अपग्रेड डेज” ग्राहकों को अमेजन लॉन्चपैड, लोकल शॉप्स, अमेजन सहेली, अमेजन कारीगर जैसे विभिन्न प्रोग्राम के तहत हजारों अमेजन सेलर्स की ओर से बेहद खास उत्पादों की खरीदारी करने का अवसर प्रदान करेगा और इसी के साथ ही ग्राहक लाखों स्मॉल बिजनेस की ओर से दी जा रही खास डील्स और ऑफर का आनंद भी उठा सकते हैं।

# टी20 विश्वकप में टीम के खराब प्रदर्शन से निराश सिमंस वेस्टइंडीज का कोच पद छोड़ेंगे

सेंट जोंस, एजेंसी। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के मुख्य कोच फिल सिमंस टी20 विश्वकप में टीम के खराब प्रदर्शन के कारण अपना पद छोड़ने जा रहे हैं। सिमंस ने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नवंबर-दिसंबर में होने वाली सीरीज के बाद कोच नहीं रहेंगे। दो बार की चैम्पियन रही वेस्टइंडीज टीम विश्व कप क्वालीफाइंग मुकाबलों में खराब प्रदर्शन के कारण इस बार सुपर-12 में भी जगह नहीं बना पायी। वेस्टइंडीज को ग्रुप राउंड में ही स्कॉटलैंड और आयरलैंड के खिलाफ करारी हार झेलनी पड़ी है। टीम ने राउंड रॉबिन लीग में जिम्बाब्वे को हराया पर 4 टीम के ग्रुप में वह अंतिम स्थान पर रही। गौरतलब है कि दक्षिण अफ्रीका में 2007 में पहले टूनामेंट के बाद यह पहली बार है जब वेस्टइंडीज टीम ग्रुप राउंड से ही आगे नहीं बढ़ पायी है।

क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा, ह्यसिमंस ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 30 नवंबर से 12 दिसंबर के बीच 2 टेस्ट मैच की सीरीज के बाद अपना पद छोड़ेंगे। ह्व वहीं स्थानीय मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार अनुबंध के अनुसार उन्हें 12 सप्ताह का एक नोटिस भी देना होगा और इसलिए वे अगले साल जनवरी तक टीम के साथ रहेंगे। सिमंस ने टी20 विश्व कप के क्वालीफाइंग मुकाबलों से ही बाहर होने पर निराशा व्यक्ति की है।.

सिमंस ने कहा कि मैं स्वीकार करता हूं कि यह केवल टीम नहीं है, जो निराश है बल्कि देश भी निराश हैं क्योंकि हम उम्मीद के अनुसार नहीं खेल पाए। सिमंस ने कहा कि टूनार्मेंट में हम काफी अच्छे नहीं थे और अब हमें अपनी भागीदारी के बिना एक पूरा टूनार्मेंट देखना होगा। यह निराशाजनक है और इसके लिए मैं अपने प्रशंसकों से माफी मांगता हूं।

वह 2016 में भी मुख्य कोच रहे थे, जब वेस्टइंडीज ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड को हराकर अपना दूसरा टी20 विश्व कप खिताब जीता था। अपने पहले छोटे कार्यकाल के बाद सिमंस को अक्टूबर 2019 में 4 साल के कार्यकाल के लिए फिर से मुख्य कोच नियुक्त किया गया था हालांकि तब भी उन्हें बीच में ही हटा दिया गया था। सिमंस ने कहा कि उन्होंने अचानक ही पद छोड़ने का फैसला नहीं किया है बल्कि यह एक ऐसा कदम है जिस पर वह काफी समय से विचार कर रहे थे।

# कार्तिक ने अश्विन को इसलिए कहा धन्यवाद

सिडनी, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक वीडियो साझा किया है, इसमें विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक पाकिस्तान के खिलाफ विजयी रन बनाने वाले आर अश्विन को धन्यवाद देते दिख रहे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच में जब भारतीय टीम को जीत के लिए दो गेंदों में दो रनों की जरूरत थी तभी फिनिशर के तौर पर उतरे कार्तिक रन आउट हो गए। इसके बाद एक गेंद में दो रनों की जरूरत थी और अश्विन ने ये रन बना लिए।

इसी को लेकर कार्तिक ने अश्विन के प्रति आभार जताया है। उन्होंने वीडियो में कहा, मुझे बचाने के लिए शुक्रिया अश्विन। इस पर अश्विन भी मुस्कुराते हुए दिखे। कार्तिक ने अश्विन को धन्यवाद इसलिए कहा है क्योंकि अगर इस मैच में भारतीय टीम हारती तो कार्तिक ही निशाने पर आते। इसका कारण यह है कि उन्हें फिनिशर के तौर पर रखा गया है पर व टीम को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा पाये। पाक विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान ने उन्हें रन आउट किया।

मोहम्मद नवाज की 5वीं गेंद पर कार्तिक के आउट होने के बाद अगली गेंद वाइड थी, जिसे अश्विन ने बड़ी चतुराई से छोड़ दिया। अब जीत के लिए एक गेंद पर एक रन की जरूरत थी जिसपर अश्विन ने मिडऑफ पर फील्डर के ऊपर से शॉट खेलते हुए भारत को ऐतिहासिक जीत दिला दी। इसी वजह से दिनेश कार्तिक अश्विन को शुक्रिया कहते दिखे।

वीडियो में इन दोनों के अलावा हार्दिक पंड्या और विराट कोहली को टीम बस से उतरते देखा जा सकता है। पंड्या भी अपने बेटे अगस्त्य को गोद में लिए मुस्कुराते हुए नजर आए। उनके साथ उनकी पत्नी नताशा स्टेनकोविच भी थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### पाक पर मिली जीत के बाद द्रविड़ भी अपने आप को नहीं रोक पाये

मेलबर्न, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अपने शांत स्वभाव के लिए जाने जाते हैं पर वह भी टी20 विश्वकप में पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत के बाद जोश में आये बिना नहीं रह पाये। भारतीय टीम की जीत के बाद द्रविड़ भी जमकर झूम उठे और उनके जोश का अलग ही अंदाज नजर आया। इसका एक वीडियो भी अब सोशल मीडिया पर आया है। प्रशंसकों ने इसे साझा कर कहा है कि द्रविड़ को पहली बार इस प्रकार के अंदाज में देखा जा रहा है। इस वीडियो में डगआउट में बैठे द्रविड़ भारतीय टीम के जीतने के साथ ही जोश के साथ बाहर आए। इस दौरान उन्होंने कुछ खिलाड़ियों के सिर पर हाथ मारा, तो स्टाफ को तेजी के साथ ताली मारी। इस दौरान किसी की पीठ पर भी हाथ मारते दिखे हैं। ऐसा लग रहा था कि वह समझ नहीं पा रहे थे कि क्या करें। पाक के खिलाफ इस बेहद रोमांचक मैच में भारतीय टीम के आर अश्विन ने अंतिम गेंद पर भारतीय टीम को जीत दिलायी। इस मैच में विराट कोहली और हार्दिक पंड्या ने यादगार प्रदर्शन किया।

### हार्दिक को नीदरलैंड के खिलाफ मैच में मिल सकता है आराम

सिडनी, एजेंसी। भारतीय टीम प्रबंधन ने गरुवार को नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच के लिए ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को आराम दिया है। वहीं सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल को फुटवर्क ठीम करने के लिए नेट अभ्यास पर जोर देने कहा गया है। पंड्या को इस टूनार्मेंट के आने वाले महत्वपूर्ण मुकाबलों को देखते हुए डच टीम के खिलाफ मुकाबले में आराम भी दिया जा सकता है। ऐसे में उनकी जगह इस मैच में दीपक हुड्डा को उतारा जा सकता है। हुड्डा का प्रदर्शन पिछले कुछ समय में अच्छा रहा है और वह किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करने के साथ ही पावर प्ले में अच्छी स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं। इस नेट सत्र में आर अश्विन को छोड़कर पाकिस्तान के खिलाफ उतरे सभी गेंदबाजों को तरोताजा होने के लिए आराम दिया गया था। पंड्या ने पाकिस्तान के खिलाफ लगभग 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चार ओवर की गेंदबाजी करते के बाद लंबे समय तक बल्लेबाजी भी की थी।

### युवराज की पारी को अब भी विराट से कहीं बेहतर मानने हैं बांगर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की टी20 विश्व कप के पहले ही मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 53 गेंदों में खेली गयी 82 रनों की पारी को सभी लोग बेहतर मान रहे हैं पर भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगर इससे सहमत नहीं हैं। बांगर का मानना है कि विराट की इस पारी को टी20 की सर्वश्रेष्ठ पारी नहीं कहा जा सकता। बांगर के अनुसार अब भी नंबर एक पर युवराज सिंह की साल 2007 टी20 विश्वकप में खेली गयी पारी ही है। बांगड़ ने यह बात तब कहीं जब पूर्व टेस्ट क्रिकेट आकाश चोपड़ा ने उनसे अपने यूट्यूब चैनल पर पूछा कि वे टी20आई क्रिकेट में किस भारतीय बल्लेबाज की पारी को नंबर एक पर रखेंगे, जिसमें उन्होंने विकल्प के तौर पर युवराज सिंह द्वारा 2007 टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गयी 30 गेंदों में 70 रन की आक्रामक पारी को शामिल किया था।

### विश्व क्वालीफायर्स पेरिस ओलंपिक में प्रवेश का अंतिम अवसर : यूडब्ल्यूडब्ल्यू)

नई दिल्ली, एजेंसी। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के सभी 18 भार वर्गों में शीर्ष पर रहने वाले पांच पहलवानों को ही 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए प्रवेश मिलेगा। वहीं इसी प्रकार 2023 में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से 18 कोटा स्थान हटा दिए गए हैं और इन्हें विश्व क्वालीफायर्स में शामिल किया गया है। विश्व क्वालीफायर्स पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का अंतिम अवसर है। वहीं यूनाईटेड विश्व कुश्ती (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के अध्यक्ष नेनाद लालोविच ने कहा कि यह बदलाव विश्व चैंपियनशिप और विश्व क्वालीफायर्स के बीच कोटा स्थानों को और पारदर्शी बनाने के लिए लाया गया है।

# टी20 विश्वकप : भारत को सेमीफाइनल में जगह बनाने जीतने होंगे तीन मैच

मेलबर्न, एजेंसी। टी20 विश्व कप क्रिकेट के पहले ही मैच में पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत से भारतीय टीम को लाभ हुआ है। इस जीत से भारतीय टीम को दो अंक मिले हैं। ऐसे में अब भारतीय टीम का लक्ष्य बचे हुए चार में से तीन मैच जीतकर सेमीफाइन में जगह बनाना रहेगा।

भारतीय टीम को अब अंतिम चार में पहुंचने दक्षिण अफ्रीका, नीदरलैंड, जिम्बाब्वे और बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले चार में तीन मैच जीतने होंगे। विश्व कप की अंकतालिका में अभी भारतीय टीम दूसरे स्थान पर है। वहीं बांग्लादेश की टीम ने नीदरलैंड के खिलाफ शुरूआती मैच में बड़ी जीत के साथ ही ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

भारतीय टीम अपने अगले मैच में 27 अक्टूबर को नीदरलैंड का सामना करेगी। उसके बाद 30 अक्टूबर को उसे दक्षिण अफ्रीका से खेलना है। भारतीय टीम के अगर किसी मुकाबले में बारिश भी होती है तो भी वह तीन जीत के साथ ही सेमीफाइनल में जगह बना सकती है।



कुवैत में एक क्लब में घड़सवारी दौड़ शुरू हुई।

# पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने जेरेमी और अचिंता में रहेगी प्रतिस्पर्धा

BIRMINGHAM 2022

नई दिल्ली, एजेंसी। 2024 पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने के लिए राष्ट्रमण्डल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता वेटलिफ्टर जेरेमी लालरिनुंगा और अचिंता शेयुली के बीच प्रतिस्पर्धा होगा। ओलंपिक में 73 किग्रा के एकमात्र स्थान के लिए इन दोनो के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है। लालरिनुंगा का नाम 67 किग्रा वर्ग भार वर्ग में 2024 खेलों की सूची के लिए शामिल नहीं है। वहीं अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) ने पेरिस ओलंपिक से 67 किग्रा वजन वर्ग को हटा दिया है जिसके कारण जेरेमी को अब अपना वजन बढ़ाकर 73 किग्रा वजन वर्ग में ही उतरना होगा। इसके बाद भी उनकी राह आसान नहीं रहेगी क्योंकि शेयुली 73 किग्रा वजन वर्ग में भारत की ओर से उतरते हैं। ऐसे में अब इस एक स्थान के लिए इन दोनो में टक्कर है क्योंकि एक वजन वर्ग में प्रत्येक देश से एक ही वेटलिफ्टर को अनुमति दी जा सकती है। जेरेमी ने कहा, 'मैं अपना वजन 73 किग्रा तक बढ़ाऊंगा।' उन्होंने कहा, 'मेरा सामान्य वजन 65 किग्रा है। इसलिए अपने शरीर का वजन बढ़ाना मुश्किल होगा।' हालांकि यह पहली बार नहीं है जब जेरेमी को वजन बढ़ाना पड़ेगा। इस भारोत्तोलक ने ब्यूनर्स आयर्स में 62 किग्रा वर्ग में 2018 युवा ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था।इसके बाद वह आईडब्ल्यूएफ द्वारा तब लाए गए नए ओलंपिक वजन वर्ग में हिस्सा लेने के लिए वजन बढ़कार 67 किग्रा में खेलने लगे।

# एशियाई और पेरिस ओलंपिक के लिए अपने खेल को बेहतर कर रही है ये फॉरवर्ड

बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड नवनीत कौर ने कहा है कि वह आगामी पेरिस ओलंपिक को देखते हुए अपने खेल को बेहतर करने पर ध्यान दे रही है। नवनीत के अनुसार अगले साल एशियाई खेल भी होने हैं। इस खिलाड़ी ने कहा कि बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल उनके लिए एक अच्छा अभियान था, क्योंकि उन्होंने 16 साल के बाद कांस्य पदक जीता था। इस फारवर्ड खिलाड़ी ने कहा कि वह आगे बढ़ने वाली टीम में अपने को बड़ी भूमिका निभाते हुए देखना चाहती हैं। नवनीत ने कहा, ह्यमुझे अपने गेम में सुधार करने की आवश्यकता है, जिससे मैं गेंद को नियंत्रित करने में बेहतर हो सकूं और बदले में खेल की गति को नियंत्रित करने में सक्षम हो सकूं, क्योंकि तब मैं अपनी गति से खेल सकती हूं और हालातों के अनुसार अपने गेम को चला सकती हूं ह्व राष्ट्रमंडल खेलों के अभियान को लेकर उन्होंने कहा, ह्यपदक जीतने पर हमें बहुत खुशी हुई है, भले ही हमारी टीम सेमीफाइनल में हार के बाद थोड़ा निराश महसूस कर रही थी। टीम में सभी को कांस्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करते हुए देखना विशेष था।ह्व नवनीत ने यह भी कहा कि टीम बड़े आयोजनों को देखते हुए बेहतर समन्वय और फिनिशिंग पर भी काम कर रही है।

# सुनक की जगह नेहरा को बधाई दे रहे प्रशंसक

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय मूल के ऋषि सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने हैं पर सोशल मीडिया में भारतीय क्रिकेट . टीम के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा को बधाईयां मिल रही है। यहां तक कि कुछ लोगों ने नेहरा को लेकर मीम्स तब बनाने शुरू कर दिए हैं। नेहरा को बधाइयां मिलने का कारण यह है कि वह सुनक की तरह नजर आते हैं। इसी समानता को आधार बनाते हुए सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने नेहरा की तुलना सुनक की तस्वीरें से करनी शुरू कर दी। ऐसे में यूजर्स ने सोशल मीडिया पर सुनक को बधाई देते हुए नेहरा की तस्वीर लगाई है और कहा है, 'नेहरा को ब्रिटेन का पीएम बनने पर बधाई।' इसके साथ ही प्रशंसकों ने नेहरा की अलग-अलग तस्वीरें सुनक के साथ साझा कर मीम्स शेयर किये हैं। यहां तक कि यूजर्स नेहरा को ब्रिटेन पहुंच कर कोहिनूर वापस लाने को भी कह रहे हैं।

एक यूजर ने सुनक और नेहरा की तस्वीर साझा कर बधाई देते हुए लिखा है कि कोहिनूर को वापस घर ले आओ। वहीं एक यूजर ने सुनक और नेहरा की तस्वीर साझा कर लिखा है कि अगर आप संशय में हैं तो बाईं तरफ पूर्व भारतीय क्रिकेटर नेहरा हैं और दाईं तरफ सुनक है, जो शीघ्र यूके के प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। एक यूजर ने नेहरा की पुरानी तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह विराट कोहली को 'मैन ऑफ द मैच' अवॉर्ड दे रहे हैं। इसे शेयर करते हुए यूजर ने लिखा है कि यूके के नए प्रधानमंत्री युवा विराट कोहली को अवॉर्ड दे रहे हैं। एक यूजर ने ट्वीट किया है कि बधाई हो नेहरा... क्या सफर रहा है। 2003 के विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ 6 विकेट लेने से लेकर 2022 में यूके के प्रधानमंत्री बनने तक का।

# विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइलन के लिए प्रबल दावेदार हैं ऑस्ट्रेलिया ओर दक्षिण अफ्रीका : वाटसन

दुबई, एजेंसी। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वाटसन के अनुसार अगले साल होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया की टीमें भी प्रबल दावेदार हैं क्योंकि ये दोनो ही अच्छा खेल रही हैं। वाटसन इस बात से निराश हैं डब्ल्यूटीसी देर से शुरू हुई , इस कारण उन्हें इसमें खेलने का अवसर नहीं मिला। उन्होंने कहा काश मैं डब्ल्यूटीसी में खेल पाता। मेरे खेलने के दिनों में भी टेस्ट क्रिकेट में इसे शुरू करने बातें हो रहीं थीं पर इसे लागू होने से पहले ही मैंने संन्यास ले लिया था। वाटसन ने कहा, मैं बहुत भाग्यशाली था कि 2005 में आस्ट्रेलिया में विश्व एकादश के खिलाफ ह्यसुपर टेस्टह्व खेला जो बहुत खास था। यह मेरे द्वारा खेले गए शुरूआती टेस्ट मैचों में से एक था। उन्होंने कहा-इसका हिस्सा बनना विशेष था।उन्होंने साथ ही कहा कि डब्ल्यूटीसीलीग तालिका में शीर्ष दो स्थानों पर जगह बनाने के लिए टीमों के बीच कड़ा मुकाबला है। भारतीय टीम पिछले सत्र की उपविजेता रही है। उसके अपने छह शेष डब्ल्यूटीसी मुकाबलों में से 4 ऑस्ट्रेलिया और दो मैच बांग्लादेश में खेलने हैं। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान को अपने बचे हुए सभी पांच मुकाबले अपनी धरती पर ही खेलने हैं। वाटसन का मानना है कि भारत और पाक के पास कई मैच विजेता हैं , इसलिए इन दोने के लिए फाइनल में जगह बनाना आसान रहेगा। वाटसन ने कहा कि भारतीय और पाक टीम को मुकाबले से बाहर नहीं माना जा सकता क्योंकि इन दोनो ही टीमों के पास कई मैच विजेता खिलाड़ी हैं। साथ ही कहा कि अगर वे दोनों फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पातीं तो यह हैरानी की बात होगी। अभी दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया की टीमें डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष दो स्थान पर कायम हैं। इसके बाद श्रीलंका, भारत और पाक का नंबर आता है।

# विश्वकप सुपर-12 में हर टीम खेलेगी पांच मुकाबले

## दोनों ही ग्रुप में से केवल दो टीमें ही अंतिम चार में पहुंचेंगी

मेलबर्न, एजेंसी। टी20 विश्व में भारतीय टीम ने जीत से शुरूआत की है और ऐसे में अब वह सेमीफाइनल से 6 अंक ही दूर है। विश्वकप सुपर-12 में हर टीम को 5 मुकाबले खेलने हैं और दोनों ही ग्रुप में से केवल दो टीमें ही अंतिम चार में पहुंचेंगी। ऐसे में अंक तालिका अहम हो जाती है। ग्रुप-1 से न्यूजीलैंड जबकि ग्रुप-2 से बांग्लादेश की टीम अभी नंबर-1 पर है। भारतीय टीम को अभी 4 मैच और खेलने हैं जिससे में तीन में जीत के साथ ही वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी।

ग्रुप-2 में बांग्लादेश ने नीदरलैंड को बड़े अंतर से हराया है और नेट रनरेट 0.450 के साथ ही वह अपने ग्रुप में शीर्ष पर है। बकि भारत का रन रेट 0.050 है। वहीं बारिश के कारण दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे का मैच नहीं हो पाया था। इसलिए दोनों ही टीमों को एक-एक अंक मिले हैं। पाक की टीम 5वें जबकि नीदरलैंड की टीम छठे नंबर पर बनी हुई है। अब भारतीय टीम के लिए सेमीफाइन में पहुंचने दक्षिण अफ्रीका पर जीत जरुरी नहीं है।

भारतीय टीम अपने दूसरे मुकाबले में 27 अक्टूबर को नीदरलैंड से खेलेगी। भारतीय टीम अगर नीदरलैंड, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के खिलाफ तीनों मैच में जीत दर्ज कर लेती है तो भी उसके 8 अंक हो जाएंगे और वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। वहीं यदि दक्षिण अफ्रीका अपने बचे चारों ही मैच जीत लेती है तो उसके 9 अंक हो जाएंगे। पाकिस्तान यदि दक्षिण अफ्रीका से हार जाती है और अन्य तीनों मैच जीत लेती है तो उसके 6 अंक ही रहेंगे। वहीं यदि दक्षिण अफ्रीका की टीम पाकिस्तान से हार जाती है और अन्य टीमों को हरा देती है तो उसके 7 अंक हो जाएंगे। पाक टीम यदि अपने चारों मैच में जीत हासिल करता है तो उसके 8 ही अंक होंगे। ऐसे में टीम इंडिया के लिए अंतिम चार में जगह बनाने तीन मैच जीतने हैं। ग्रुप-1 की बात करें, तो मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम अभी सबसे नीचे हैं। उसे पहले ही मैच में न्यूजीलैंड के हाथों 89 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा है। उसका नेट रनरेट -4.450 है। वहीं न्यूजीलैंड पहले, श्रीलंका दूसरे जबकि इंग्लैंड की टीम तीसरे नंबर पर हैं। श्रीलंका ने आयरलैंड को जबकि इंग्लैंड ने अफगानिस्तान को हराया है।

# पाक के पूर्व क्रिकेटर बोले निकट भविष्य में भारतीय टीम के कप्तान बनेंगे हार्दिक

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों ने टीम इंडिया के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की जमकर प्रशंसा की है। पाक टीम के पूर्व कप्तान वकार यूनुस, वसीम अकरम और मिस्बाह उल हक ने कहा है कि यह ऑलराउंडर निकट भविष्य में भारत का कप्तान बन सकता है। पंड्या ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले ही मैच में शानदार बल्लेबाजी कर भारतीय टीम में जीत की उम्मीद जगायी थी। इस साल आईपीएल में पंड्या ने नई टीम गुजरात टाइटंस को जीत दिलाकर अपनी नेतृत्व क्षमता दिखायी थी। मिस्बाह ने कहा, पंड्या ने आईपीएल में पहली बार कप्तानी करते हुए जीत हासिल की थी। इससे पता चलता है कि वह दबाव का बखूबी सामना कर लेते हैं। खासकर फिनिशर के तौर पर उनकी भूमिका अहम रही है। साथ ही कहा कि बतौर फिनिशर आप टीम में तभी बने रह सकते हैं जब आप मानसिक रूप से मजबूत हों और आत्मविश्वास से भरे हुए हो।

वहीं वकार ने कहा, अगर वह अगला भारतीय कप्तान बनता है तो मुझे हैरानी नहीं होगी। अकरम ने इसके बाद हार्दिक की प्रशंसा करते हुए कहा , पहले वो आईपीएल में कप्तान बना, वहां जीता। अभी वो टीम में एक मुख्य भूमिका में है, वो कप्तान को सलाह देता है। उसमें एक प्रभाव है और जुनून है वह सीख रहा है। पंड्या भारतीय टीम को पाक के खिलाफ मिली जीत से बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, जब तीन गेंदें बची थीं, तब भी मैंने टीम के साथियों से कहा था हम हार भी जाएं तो कोई बात नहीं जिस तरह से हमने इस खेल में लड़ाई लड़ी है, उस पर मुझे गर्व है।

# ब्राइडल आइ मेकअप

## नए जमाने की दुल्हनों के लिए

जब बात दुल्हन के मेकअप की हो तो आइ मेकअप बहुत मायने रखता है। यहां हम 6 आइ मेकअप के नायाब ट्रेंड्स पेश कर रहे हैं जो हर मॉडर्न दुल्हन की पसंद बन सकती है।

### शानदार आंखें

शादियों में सुनहरा रंग हमेशा चलन में होता है। फिर चाहे बात शादी के पोशाक की हो या फिर मेकअप की। आइ मेकअप में सुनहरे रंग के साथ अपनी पोशाक से जंचता रंग मिलाकर ख़ूबसूरत लुक तैयार कर सकती हैं। आप शिमर या मैट फ़िनिश वाले गोल्ड में से चुन सकती हैं।

### स्मोकी आइज़

नाटकीय लुक के लिए स्मोकी आइज़ से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। स्मोकी इफ़ेक्ट पाने के लिए आप ब्लैक, ब्राउन या ग्रे कलर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इनके साथ गुलाबी, पीच, सुनहरा या सिल्वर रंग का संयोजन आज़माएं। आप सौम्य स्मज्ड स्मोकी लुक या गहरा स्मोकी लुक अपना सकती हैं।

### दोहरा रंग

आप आइशैडो में दो रंगों का इस्तेमाल कर सकती हैं। ब्रो बोन पर हल्के शेड का इस्तेमाल करें और क्रीज़ पर गहरा रंग या स्मोकी इफ़ेक्ट आज़माएं। या फिर आप एक शेड को आइलिड के भीतरी हिस्से में और दूसरे को बाहरी हिस्से में लगा सकती हैं। दोहरा लाइनर भी एक विकल्प हो सकता है।

### कई रंग एक संग

अपने आंखों को उभारने के लिए आप कई सारे ख़ूबसूरत शेड्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। नीले, हरे, सुनहरे जैसे रंगों के संयोजन से मोरपंखी लुक पा सकती हैं, वहीं इसमें गुलाबी रंगत जोड़कर आप अलहदा नज़र आ सकती हैं। इसके अलावा आप एक ही रंग के कई शेड्स का इस्तेमाल कर, उसमें हल्का मेटैलिक टोन जोड़कर नाटकीय आंखें पा सकती हैं।

### विंग्ड आंखें

बॉलिवुड से प्रेरित ब्राइडल लुक पाने के लिए नाटकीय कैट आइज़ आज़माएं। आप अपनी मर्ज़ी के मुताबिक़ विंग्स की लंबाई तय कर सकती हैं। या फिर दोहरे विंग्स, खुले विंग्स जैसे विभिन्न प्रकारों के साथ प्रयोग कर सकती हैं।

### चमक-दमक

इस लुक में आइलाइनर ही असल नायक होता है। आइशैडो में गुलाबी या ऑरेंज जैसे नैसर्गिक शेड्स आज़माएं। ग्लिटर आइलाइनर से आंखों को परिभाषित करें। आप चाहें तो किसी एक रंग का इस्तेमाल कर सकती हैं या फिर दोहरे रंग का ग्लिटर लाइनर भी चलन में है।

# स्तनपान करानेवाली मांओं के लिए फायदेमंद हैं खट्टे फल

ताजे फल और सब्जियां स्तनपान कराने वाली महिलाओं के आहार का एक अभिन्न अंग होता है। स्तनपान के समय आप सोचती होंगी कि संतरा, मौसमी, आंवला जैसे खट्टे फलों का सेवन कर सकती हैं या नहीं। आसपास बहुत सारे ऐसे मिथक भी हैं, जो खट्टे फलों को ख़ुराक में शामिल ना करने की बात कहते हैं। माना जाता है कि खट्टे भोजन या फलों के सेवन से मां का दूध फट सकता है, खट्टे फलों के अम्लीय प्रकृति की वजह से बच्चे को एसिडिटी हो सकती या दूध का स्वाद कड़वा हो जाता है और बच्चा नहीं पीता है। लेकिन सच तो यह है कि खट्टे फल विटामिन सी, फ़्लेवोनाइड्स और फ़ाइबर का समृद्ध स्रोत होते हैं और उन्हें खाने से आपका मूड तुरंत बदल जाता है, आप तरोताज़ा महसूस करते हैं साथ ही ये आवश्यक पोषक तत्व भी प्रदान करते हैं। विटामिन सी घाव भरने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल फ़ंक्शन और ऊर्जा में सुधार करता है। हमारा शरीर ख़ुद विटामिन सी नहीं बनाता है, इसलिए रोज़ाना इसका सेवन जरूरी होता है।

- आयरन के अवशोषण में मदद करके मां के हीमोग्लोबिन स्तर को बढ़ाने में मदद करता है। आयरन से भरपूर भोजन के साथ हमेशा खट्टे फल, जैसे नींबू का सेवन करें।
- यह मां को हाइड्रेटेड रखता है, ख़ासकर जब वह स्तनपान करा रही हो, साथ ही यह प्रसव के बाद घाव भरने में मदद करते हैं।
- यह आपके इम्यूनिटी लेवल को बेहतर बनाने में मदद करता है, ताकि बच्चे को अच्छी मात्रा में ऐंटी-ऑक्सीडेंट और ऐंटी-बॉडी मिल सकें।
- अपने कोलेजन पैदा करने वाले गुण के कारण प्रसव के बाद आनेवाले स्ट्रेच मार्क को कंट्रोल करता है।
- नींबू+पुदीने का पानी, आंवलें का जूस लेने से ब्लोटिंग जैसी पाचन समस्याओं को ठीक करने में मदद मिलती है। यह शरीर में आई अंदुरुनी सूजन को कम करने में भी मदद करता है।
- स्तनपान के दौरान नींबू पानी का सेवन करने से न केवल आप तरोताज़ा महसूस करती हैं बल्कि हाइड्रेट भी रहती हैं। यह बच्चे के लिए पर्याप्त दूध आपूर्ति में मदद करता है।

### अंगूर और कीवी का सलाद :

अंगूर और कीवी का कॉम्बिनेशन विटामिन सी और फ़ाइबर का समृद्ध स्रोत है। यह पाचन और इम्यूनटी को बढ़ाने में मदद करता आपके मेटाबॉलिज़्म को बढ़ाता है, कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और घाव भरने में मदद करता है।

### टमाटर रसम :

यह डायटरी फ़ाइबर से भरपूर होता है, जो आपके आंत को स्वस्थ रखकर नियमित रूप से मल त्याग में मदद करता है। रसम थायमिन, फ़ॉलिक एसिड, विटामिन ए, विटामिन सी से भरपूर होता है। यह ब्रेस्टमिल्क को बढ़ाने और बच्चे को अच्छी मात्रा में आवश्यक पोषक तत्व के लिए मददगार होता है।

### नींबू और पुदीने का पानी :

यह कॉम्बिनेशन हमारे पाचन के साथ-साथ प्रसव के बाद ब्लोटिंग की समस्या को कम करने में मददगार होता है।

### संतरा/कीवी/स्वीट लाइम स्मूदी :

लैक्टेशन स्मूदी बनाने और खाने में बहुत आसान होती हैं, साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं, जिससे ब्रेस्ट मिल्क के अच्छे प्रॉडक्शन में मदद मिलती है। विटामिन सी से भरपूर जैसे, नींबू, आंवला आदि जैसे फलों से अपने पानी के स्वाद को भी बढ़ा सकती हैं। रोज़ाना विटामिन सी के सेवन के लिए ये अच्छे विकल्प हो सकते हैं।

# हैंगिंग वाज

**प्लास्टिक बॉटल्स, फैब्रिक, कैंची, ग्लू, पंचर, स्ट्रिंग, चाकू, रंगीन धागे, सजावटी लेसेस या रिबन्स**

### कैसे बनाएं

- बॉटल को बेस के साथ आड़ा काट लें।
- बॉटल के बाहरी हिस्से को ग्लू से कोट करें और उसपर फ़ैब्रिक चिपका लें। बेस पर भी फ़ैब्रिक चिपकाएं और अतिरिक्त फ़ैब्रिक को काट लें।
- प्लास्टिक बॉटल में पंचर का इस्तेमाल करते हुए दो छेद बनाएं।
- छेदों में से रंगीन धागे डालकर गांठ लगा लें, ताकि आप वाज़ को लटका सकें।
- पंच और छेद के निशानों को छिपाने के लिए सजावटी लेसेस या रिबन्स का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- इस हैंगिंग वाज़ेज़ में छोटे-छोटे आर्टिफ़िशियल सजावटी पौधे रखकर बालकनी या दरवाज़े के बगल में लटकाएं।

# फिर से ट्रेंड में लौट आई बूटकट जींस

फैशन जगत में कुछ आउटफिट्स कभी ट्रेंड से बाहर हो जाते हैं और फिर कुछ समय में बाद वह लौटकर भी आते हैं। ऐसा ही एक ट्रेंड है बूटकट जींस का। जो 60 के दशक में काफी चलन में थीं। एक समय में यह फैशन जगत में कल्चर मूवमेंट का भी हिस्सा रहीं। जिसे लंबे समय तक लोगों ने कैरी किया। लेकिन धीरे-धीरे यह चलन से बाहर हो गईं। अब एक बार फिर से यह ट्रेंड में लौट आई है।

एक ऐसी जीन्स होती है, जो स्किन टाइट जींस होती है, लेकिन घुटनों से नीचे यह थोड़ी वाइड होती है, आपको एक चिक लुक देती है। इन दिनों बॉलीवुड के सोशल मीडिया फैशन ट्रेंड पर राज करने वाले स्टार किड्स बूटकट जींस के ट्रेंड को अपना रहे हैं। जिससे आईडियाज लेकर आप खुद भी अपना स्टाइल अपडेट कर सकती हैं।

# बारिश में कैसे करें घर की देखभाल

हो सकता है कि बारिश आपको बहुत पसंद हो, पर बारिश के मौसम में आपका घर ख़ास देखभाल की मांग करता है, क्योंकि बारिश की बूंदें उसपर कई तरह से अटैक कर सकती हैं। यहां हम बारिश में घर की देखभाल से जुड़ी कुछ छोटी-छोटी पर ज़रूरी बातें बताने जा रहे हैं।

**कपड़ों की देखभाल :** बारिश में सिर्फ़ हम ही नहीं गीले होते। हमारे कपड़े भी भीगते हैं और सबसे बुरी बात भीगने के बाद वे जल्दी सूखते भी नहीं। यही कारण है कि अधिकतर लोग बारिश में बेड कवर्स, पर्दे, टॉवेल्स आदि को धोने से बचते हैं। पर यह तो कोई विकल्प नहीं हुआ, क्योंकि एक समय बाद उनसे बदबू आने लगती है। तो आप भले ही कम कपड़े धोएं, पर जो ज़रूरी हों उनकी साफ़-सफ़ाई से मुंह न मोड़ें। आप ड्राय क्लीन करवा सकते हैं।

**घर को महकाएं :** बारिश का मौसम तरह-तरह की बैक्टीरिया को पनपने के लिहाज़ से आदर्श मौसम होता है, यही कारण है कि हमें घर की सफ़ाई नियमित रूप से करनी चाहिए। आपको सफ़ाई के बाद हर कमरे में पोटपुरी के एक छोटा बाउल रखना चाहिए, जिसमें अपने पसंदीदा एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें डाल देनी चाहिए। इससे आपके घर से भीनी-भीनी ख़ुशबू आती रहेगी।

**पौधों को घर के बाहर रखें :** इस मौसम में इनडोर पौधों की देखभाल भी काफ़ी ज़रूरी होती है। दरअसल बारिश के मौसम में, जब सूरज की रौशनी उतनी नहीं आती, पौधों को कुछ समय के लिए आउटडोर रखने में ही समझदारी है। पौधों के पत्तों पर कई तरह के कीड़े भी बारिश के मौसम में पनपने लगते हैं, आप नहीं चाहेंगे कि वे आपके घर में फैलें। तो अगर संभव हो तो इनडोर पौधों को बालकनी में रख दें।

**कारपेट्स की देखभाल :** बरसात के मौसम में कारपेट्स की देखभाल काफ़ी ख़र्चीला होता है। कारपेट नमी और धूल को सोख लेते हैं, जिसके कारण उनमें से अजीब तरह की बदबू आने लगती है। इसे रोकने के लिए आपको उन्हें रोज़ वैक्युम क्लीन करना होगा। बेहतर तो यही होगा कि आप महंगे कारपेट्स को यूज़ ही न करें। उनकी जगह सस्ते कारपेट इस्तेमाल करें। अच्छा तो यही होगा कि कारपेट्स को बरसात तक हटा दें।

# ब्रेकफास्ट के लिए घर पर बनाएं प्रोटीन से भरपूर ज्वार डोसा

हम सभी को स्पाइसी आलू की फीलिंग के साथ तैयार होने वाला क्रिस्पी डोसा सांबर और चटनी के साथ खाना बहुत ही पसंद है. यह क्लासिक कॉम्बिनेशन एक पौष्टिक भरा भोजन है जो आपकी आत्मा और भूख दोनों को तृप्त करता है. वैसे तो डोसे की उत्पति भारत के दक्षिणी हिस्से में हुई थी, लेकिन सालों से अब इसकी प्रसिद्धि अन्य राज्यों में होने लगी है. डोसा हल्का, स्वस्थ होता है और कुछ ही समय में तैयार किया जा सकता है, जिससे यह देश भर के कई लोगों के लिए एक लोकप्रिय नाश्ता भोजन बन गया है. आपको बस इतना करना है कि हाथ से पहले बैटर तैयार करके इसे स्टोर करें. एक पारंपरिक डोसा बैटर चावल और दाल के मिश्रण में खमीर उठाकर तैयार किया जाता है. हालांकि, अगर आप चाहे तो आपको विभिन्न अन्य सामग्रियों के साथ तैयार किए गए कई अन्य डोसा बैटर भी मिलेंगे. जबकि इंस्टेंट डोसा बनाने के लिए फ्रूट सॉल्ट (खमीर प्रक्रिया से बचने) का उपयोग करके तुरंत डोसा-मिक्स तैयार करते हैं, वहीं चावल की जगह ओट्स या रागी के अलावा अन्य किसी सामग्री के साथ बदलते हैं। ये मिनट ट्रिक्स अक्सर डोसा को आपके दैनिक आहार के लिए स्वस्थ और पौष्टिक बनाते हैं.

### घर पर कैसे बनाएं ज्वार डोसा :

- एक बाउल में ज्वार का आटा, चावल का आटा, जीरा, कालीमिर्च पाउडर, नमक और हींग डालकर इन सभी सामग्री को सूखा ही अच्छी तरह मिला ले.
- इसमें धीरे धीरे पानी डालते हुए पतला बैटर बना ले. इसे 30 मिनट के लिए एक तरफ रख दें.
- अब इसमें कटा हुआ हरा धनिया डालें और डोसा तैयार करें.
- एक तवा गर्म करें और करछी में बैटर भरकर इसे बराबर से फैलाएं.
- जब यह एक तरफ से ब्राउन हो जाए तो थोड़ा सा तेल डालें.
- इसे पलटकर दूसरी तरफ से भी सेंके.
- अपनी मनपसंद चटनी के साथ सर्व करें.

# सूखा पपीता

## खाने के कई फायदे

सूखा पपीता, पपीते के पल्प यानी गुदे को सूखाकर बनाया जाता है। इसे पपीता का पाउडर भी कहते है। इसके अलावा पपीते का जूस तैयार करके उसे सुखाकर भी पपीते का पाउडर तैयार कयिा जाता है। इसके अलावा पपीते के बीजों को सूखाकर भी पाउडर तैयार कयिा जाता है। जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। पपीता एक उष्णकटिबंधीय फल है जो कई बायोएक्टिव यौगिकों जैसे फेनोलिक्स, फ्लेवोनोइड्स और एमाइन से भरपूर होता है जो एंटीऑक्सिडेंट, एंटीमाइक्रोबियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-अल्सर और कई तरह के स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। स लेख में, हम सूखे पपीते के कुछ स्वास्थ्य लाभों पर चर्चा करेंगे कि इसे कैसे तैयार किया जाता है और इसका उपयोग कैसे किया जाता है। इस आर्टिकल में, हम सूखे पपीते के कुछ स्वास्थ्य लाभों पर चर्चा करेंगे कि इसे कैसे तैयार किया जाता है और इसका उपयोग कैसे किया जाता है, आइए जानते है कैसे-

### सूखा पपीता कैसे तैयार किया जाता है?

पपीते के गूदे को सुखाने के लिए और इसके पोषक तत्वों को बचाने के लिए फ्रीज-ड्राईंग एक प्रमुख तकनीक है। इस तकनीक में ऊर्ध्वपातन से पपीते के गुदे में से पानी निकाल दिया जाता है । ये एक ऐसी प्रक्रिया है जो सीधे ठोस से गैस में परिवर्तित करती है, बिना उसे मध्यम तरल अवस्था में परिवर्तित किए। सूखे पपीते को तैयार करने के लिए स्प्रे ड्राईंग एक और तरीका है। इस विधि में, माल्टोडेक्सट्रिन जैसे एक एनकैप्सुलेटिंग एजेंट का उपयोग किया जाता है जो पदार्थ को एक ही चरण में सूखे पाउडर में बदलने में मदद करता है। फ्रीज ड्राईंग की तुलना में स्प्रे ड्राईंग को फास्ट और कम लागत वाला माना जाता है।

### वजन कम करने में मदद करता है

जब पपीता सूख जाता है, तो ग्लूकोज और फ्रक्टोज (प्राकृतिक पपीता शर्करा) में कमी आती है। इस वजह से सूखे पपीते में शुगर कम और कैलोरी कम होती है जिससे वजन आसानी से कम रहता है। इसके अलावा, इसमें मौजूद उच्च फाइबर होता है जो पेट को काफी देर तक भरे रखता है। इस वजह से जल्दी वजन कम होता है।

### शरीर को ऊर्जा देता है

सूखा पपीता उच्च फाइबर और आवश्यक विटामिन (जैसे विटामिन ए और सी) से भरा होता है जो पानी के साथ सेवन करने या सलाद या सूप जैसे खाद्य पदार्थों पर छिड़कने पर शरीर को ऊर्जा प्रदान करने में मदद करता है। यह व्यक्ति के पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखने में भी मदद करता है और ये शरीर में एनर्जी का काम करता है।

### लीवर को करता है प्रोटेक्ट

एक अध्ययन से पता चला है कि सूखे पपीते में एक एंटी-हेपेटोटॉक्सिक एक्टिविटी होती है जो लीवर को दवाओं के संपर्क में आने से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद कर सकती है। यह पपीते के पाउडर के एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव के कारण हो सकता है।

### रक्तचाप कम करता है

सूखे पपीते में पोटेशियम, विटामिन ए और फ्लेवोनोइड जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हें, जो रक्त परिसंचरण में सुधार करने और हृदय को स्वस्थ रखने में मदद करता है। एक अध्ययन से पता चला है कि पोटेशियम उच्च रक्तचाप वाले लोगों में रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकता है। इसलिए सूखे पपीते का सेवन रक्तचाप को रोकने और नियंत्रित करने और स्ट्रोक जैसी बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है।

### दिल को रखे सेहतमंद

पपीते के पाउडर में मौजूद लाइकोपीन वसकुलर हेल्थ को इम्प्रूव करता है, जो हृदय रोगों के खतरे से दूर रखता है। लाइकोपीन के एंटीथेरोस्क्लोरोटिक, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सिडेंट, एंटीहाइपरटेन्सिव और एंटीप्लेटलेट गुण स्ट्रोक और एथेरोस्क्लेरोसिस जैसे हृदय रोगों की एक श्रृंखला को रोकने में मदद कर सकते हैं।

# त्वचा को हेल्दी रखने के लिए करें विटामिन-ए का सेवन

विटामिन ए में रेटिनॉल होता है, जो नई त्वचा कोशिका उत्पादन और वृद्धि को बढ़ावा देता है। विटामिन ए बीटा-कैरोटीन जैसे एंटीऑक्सिडेंट से भरा होता है। जो कोलेजन को तोड़ने वाले रेडिकल से लड़ सकता है, ये समय से पहले बूढ़ा होने के संकेत देता है। यह सब कुछ नहीं हैं, विटामिन ए को सूरज की हानिकारण किरणों से बचाने के लिए भी जाना जाता है।

**टमाटर:** ब्राइट लाल टमाटर विटामिन ए का एक अच्छा सोर्स माना जाता है। इन्हें बड़े पैमाने पर हर रोज खाना पकाने में उपयोग किया जाता है। टमाटर को ग्रेवी बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा टमाटर को सूप और चटनी में भी इस्तेमाल करते हैं।

**गाजर:** गाजर एक और आम सब्ज़ी है जिसका इस्तेमाल इंडियन और इंटरनेशनल डिश में किया जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, गाजर का एक कप इस्तेमाल आपकी डेली विटामिन ए की आवश्यकता का लगभग 334 प्रतिशत प्रदान कर सकती है।

**पालक और मेथी:** हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे, पालक और मेथी को भी विटामिन ए से भरपूर माना जाता है। अपनी डेली डाइट में इन सब्जियों को शामिल करें, और उन सभी स्वादिष्ट भारतीय सब्ज़ियों को अपने साथ रखें।

**लाल शिमला मिर्च:** लाल शिमला मिर्च पिज्जा, पास्ता, सलाद और इस तरह के अन्य दिलचस्प व्यंजनों को स्वादिष्ट बनाती है। तो अगली बार जब आप सब्जी मंडी में हरी शिमला मिर्च ले, तब आप इस लाल शिमला मिर्च को इंग्नोर न करें।

**अंडे की जर्दी:** विटामिन डी के अलावा, अंडे की जर्दी में विटामिन ए की भी अच्छी मात्रा पाई जाती है। जो हमारी त्वचा के लिए अच्छा है। अच्छी सेहत और खूबसूरत त्वचा के लिए अंडे को सीमित मात्रा में इस्तेमाल करना चाहिए।

**कद्दू:**
कद्दू में एक प्रकार का कैरोटीनॉयड- अल्फा-कैरोटीन होता है, जो शरीर में विटामिन ए में परिवर्तित होता है। राष्ट्रीय पोषण संस्थान के अनुसार, 100 ग्राम कद्दू आपको 2100 माइक्रोग्राम विटामिन ए प्रदान करता है।

**आज की रेसिपी**

# प्लम केक

यह एक फ्रूटी और नटी केक है जिसमें चेरी, बादाम, किशमिश के साथ ढेर सारे ड्राई फ्रूट्स भी डाले जाते हैं.

**सामग्री :**

- 150 C-300 Fओवन तापमान,
- 1 कप बटर
- 1 1/2 कप चीनी
- 6 अंडे
- 125 ग्राम बादाम, टुकड़ों में कटा हुआ
- 2 टी स्पून वनीला एसेंस
- 2 1/2 (किशमिश, कैंडीड पील और चैरी)
- मिक्स ड्राई फ्रूट
- 2 कप आटा

**विधि :**

- फ्रूट्स और बादाम को 2 बड़े चम्मच मैदे के साथ मिक्स करके एक तरफ रख दें.
- बटर, चीनी, अंडे और वनीला को एक साथ मिलाएं.
- इसे मैदे में मिलाएं और इसके बाद फ्रूट मिक्सर को मिलाएं.
- अब इस मिश्रण को बेकिंग टिन में डालकर प्रीहीट ओवन में 30 से 40 मिनट के लिए बेक करें.